चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 13 अप्रैल 2024
वर्ष 4, अंक 55, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सैनिक के कटे हाथ को जोड़ने में मिली सफलता 14
भोजपुरी फिल्म 'डंस' की शूटिंग मुम्बई में जारी 13

## कुत्तों ने बच्ची को नोचकर मार डाला

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- गांव बहलोलपुर में ईंट भट्ठे के पास हुई घटना, घायल बच्ची ने जिला अस्पताल में तोड़ा दम



**अमृत विचार :** गांव बहलोलपुर स्थित ईंट भट्ठे के मजदूर की चार साल की बेटी को कुत्तों ने नोचकर घायल कर दिया। बच्ची को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया वहां उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने बताया कि हसनपुर क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी के टिंकू बहलोलपुर के ईंट भट्ठे पर काम करता है और वहीं परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार सुबह टिंकू की पत्नी कमलेश चार वर्षीय बेटी दिव्यांशी को खेत ले गई। वह उसे खेत में बैठाकर पानी लेने के लिए भट्ठे पर आ गई। इस बीच भट्ठा ठेकेदार टीटू ईंट बनाने वाले स्थान की ओर गया तो वहां सात-आठ कुत्ते बच्ची को नोच रहे थे। कुत्तों ने उसके सारे शरीर पर जख्म कर दिए। खून से लथपथ बच्ची को परिजन सीएचसी ले गए। जहां से चिकित्सक ने उसको जिला अस्पताल भेज दिया। देर शाम बच्ची की मौत हो गई।

### बच्ची के गाल का मांस नोच ले गया गीदड़ हालत गंभीर

**चन्दौसी।** बिलारी क्षेत्र के गांव जरगांव में अवधेश की तीन वर्षीय बच्ची आरूषी पर गीदड़ ने हमला कर गाल का मांस नोच लिया। हमले के वक्त परिजन गेहूं की कटाई कर रहे थे, बच्ची पेड़ के नीचे बैठी थी। घायल बच्ची को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टरों ने हायर सेंटर भेज दिया। बच्ची की दादी वीरवती ने बताया कि शुक्रवार सुबह घरवाले गेहूं की कटाई कर रहे थे। बच्ची पेड़ के नीचे बैठी थी। गीदड़ वहां आया और आरूषी पर हमला कर दिया।

## अब के कविता 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शुक्रवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और कविता के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश जारी किया। सीबीआई ने कविता (46) को तिहाड़ जेल में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी

आबकारी घोटाला



गिरफ्तारी के बाद रखा गया है। सीबीआई ने कविता को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 477-ए (खातों में हेराफेरी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (लोक सेवक को रिश्वत देने के आरोप में संबंधित अपराध) के तहत गिरफ्तार किया।

### 'आप' को डर, दिल्ली में लग सकता है राष्ट्रपति शासन

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने जताई आशंका, भाजपा पर लगाया साजिश का आरोप



नई दिल्ली। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए एक बड़ी राजनीतिक साजिश रच रही है। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी उनकी सरकार को गिराने के लिए एक राजनीतिक साजिश है। हमें विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाएगा। लेकिन दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी और जनादेश के खिलाफ होगा। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि राष्ट्रपति शासन का डर आम आदमी पार्टी को सता रहा है, जिसके पास विधानसभा में 62 विधायक हैं। आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पिछले कुछ महीनों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जो इस आशंका की ओर इशारा करती हैं। मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के किसी वरिष्ठ अधिकारी को दिल्ली में तैनात नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, ''विभागों में पद खाली पड़े हैं लेकिन कोई तैनाती नहीं हुई है।

### कोर्ट का ईडी, सीबीआई को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आम चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते आबकारी मामलों में अंतरिम जमानत देने का अनुरोध करने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों को 20 अप्रैल तक अपना जवाब देने का निर्देश दिया।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# मोदी बोले- आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते

## भाजपा पर संविधान को नष्ट करने के विपक्ष के आरोपों पर किया पलटवार

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के संविधान को केंद्र सरकार के लिए गीता, रामायण, महाभारत एवं कुरान करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि बाबा साहब आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते। मोदी ने भाजपा पर संविधान को नष्ट करने के विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा, सब कुछ हमारे लिए हमारा संविधान ही है। वह सीमावर्ती बाड़मेर में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश-विरोधी ताकतों के साथ खड़ी है। उन्होंने देश को कमजोर करने की कोशिश के लिए विपक्षी ''इंडिया'' गठबंधन पर हमला बोला। रैली का आयोजन बाड़मेर लोकसभा सीट पर पार्टी के उम्मीदवार और केंद्रीय राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में किया गया था। मोदी ने कहा, एससी, एसटी, ओबीसी भाइयों के साथ दशकों तक भेदभाव करने वाली कांग्रेस आजकल एक पुरानी रेकार्ड बजा रही है। जब भी चुनाव आता है संविधान के नाम पर झूठ बोलना ''इंडी एलायंस'' के सभी साथियों का फैशन बन गया है। उन्होंने कहा, जिस कांग्रेस ने बाबा साहब के जीते जी उन्हें चुनाव हरवाया, जिसने बाबासाहेब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया... जिस कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की, आज वही कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ की आड़ ले रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह मोदी है जिसने देश में पहली बार संविधान दिवस मनाना शुरू किया है। इन कांग्रेस वालों ने संविधान दिवस मनाने का विरोध किया था। संसद में उनका भाषण है। क्या यह बाबा साहब और संविधान का अपमान है या नहीं? इतना ही नहीं यह मोदी ही है जिसने बाबा साहब से जुड़े पंच तीर्थों का विकास किया। उन्होंने कहा,'' इसलिए बाबा साहब और संविधान का अपमान करने वाले कांग्रेस एवं इंडी अलायंस के झूठों से, उनकी गप्पबाजी से सावधान रहने की जरूरत है। ...और कांग्रेस वाले सुन लें कि ये 400 सीट की बात जनता ने इसलिए की है क्योंकि आपने दस साल संसद में मुझे अच्छे काम करने से रोकने की लगातार कोशिश की। इसलिए देश आपको सजा देना चाहता है। और उसने साफ कर देने का मन बना लिया है।



- बाड़मेर की चुनावी रैली में कहा- देश को कमजोर कर रही है कांग्रेस

### राम मंदिर कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी होगा :मोदी

**उधमपुर (जम्मू एवं कश्मीर)।** अयोध्या में राम मंदिर को भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा बताने को लेकर विपक्षी खेमे पर तीखा हमला करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह देश के लोगों के लिए आस्था का विषय है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों की मानसिकता की तुलना मुगलों से की और कहा कि उन्हें मंदिरों में तोड़फोड़ करके मजा आता था। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपने वोट बैंकों को मजबूत करने के लिए सावन के महीने के दौरान मांस पकाने के वीडियो दिखाकर विपक्षी नेता बहुसंख्यक समुदाय को चिढ़ाने का काम करते हैं। उनका कहना है कि राम मंदिर भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा है। यह कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी चुनावी मुद्दा होगा। मोदी ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन तब शुरू हुआ था जब भाजपा का जन्म ही नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, ''यह उस समय का मुद्दा था जब अंग्रेज आने वाले थे। यह 500 साल पुराना मामला है जब चुनाव के बारे में कोई विचार ही नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंदिर सहिष्णुता की जीत है। उन्होंने कहा, ''यह 500 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली जीत है।

### एक नजर

**नामांकन रद करने पर रोक के लिए याचिका**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को रद करने में निर्वाचन अधिकारियों (आरओ) द्वारा विवेकाधिकार के मनमाने प्रयोग पर रोक लगाने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। बिहार की बांका सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन आरओ द्वारा रद किये जाने के बाद जवाहर कुमार झा ने शीर्ष अदालत का रुख किया।

**शिक्षक भर्ती घोटालों में 365 की संपत्ति कुर्क : ईडी**

**नई दिल्ली।** ईडी ने कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती से जुड़ी दो अलग-अलग धनशोधन जांच के तहत 365 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। ईडी ने कहा कि उसने राज्य में सहायक शिक्षक भर्ती 'घोटाले' के सिलसिले में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के एक पूर्व सलाहकार और एक कथित बिचौलिए की 230 करोड़ संपत्ति जब्त करने के लिए आदेश जारी किया है।

### रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला

## एनआईए ने कोलकाता से दो आरोपियों को दबोचा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में मुख्य साजिशकर्ता समेत दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा के कोलकाता स्थित एक ठिकाने पर होने की जानकारी के बाद टीम ने उन्हें दबोचा। शाजिब ने कैफे में विस्फोटक रखा था और ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मुख्य साजिशकर्ता है।

अधिकारी ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह एनआईए ने कोलकाता के पास आरोपियों के होने का पता लगाने में सफलता हासिल की। आरोपी वहां पहचान बदल कर रह रहे थे। एनआईए, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक तथा केरल की राज्य पुलिस एजेंसियों के बीच समन्वित कार्रवाई और सहयोग से इस काम को अंजाम दिया गया। एनआईए ने पिछले महीने इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड के आईटीपीएल रोड पर स्थित कैफे में एक मार्च को विस्फोट हुआ था और तीन मार्च को एनआईए ने इस मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया था।



एनआईए की गिरफ्त में आरोपी।

- पहचान बदल कर कोलकाता में रह रहे थे दोनों आरोपी

### कोर्ट ने आरोपियों को 3 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा

**कोलकाता।** शहर की अदालत ने बेंगलुरु कैफे विस्फोट मामले के दोनों आरोपियों को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया और एनआईए को उन्हें पूछताछ के लिए कर्नाटक ले जाने की अनुमति दे दी। सत्र अदालत के मुख्य न्यायाधीश ने एनआईए के अनुरोध पर उसे ट्रांजिट रिमांड की अनुमति दे दी। एनआईए ने कहा कि आरोपियों को कोलकाता से 190 किमी दूर पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा कस्बे में होटल से पकड़ा गया था।

## ऑनलाइन ठगी करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, देहरादून

- देहरादून की महिला से ऑनलाइन जॉब के नाम पर ठगे 13.67 लाख
- छत्तीसगढ़ के दुर्ग से पकड़ा गया राजू बाघ, कई राज्यों में हैं मुकदमे

**अमृत विचार :** उत्तराखंड एसटीएफ ने ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब की आड़ में ठगने वाले गिरोह के सदस्य को छत्तीसगढ के दुर्ग जिले से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल के मुताबिक एक महिला ने अपने साथ साइबर ठगी होने की शिकायत साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में की थी। पीड़िता को 15 दिसंबर 2023 को इंस्टाग्राम पर एक एड के माध्यम से टास्क पूरा करने के बदले ऑनलाइन जॉब का ऑफर मिला। पीड़िता के व्हट्सअप पर लिंक भेजकर उसके वीडियो को लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजने का कहा गया, जिसके एवज में 150 रुपये मिलेंगे। पीड़िता ने अपने पति का बैंक खाता नंबर उन्हें दे दिया। पीड़िता ने तीन वीडियो लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजे, जिसके बदले 450 रुपये खाते में आ गए।

ठगों ने पीड़िता को व्हट्सअप पर टेलीग्राम का लिंक भेजा। जिसपर एक महिला जिसने अपना नाम प्रियंका अरोड़ा तथा बाइनेंस कंपनी की रिसेप्शनिस्ट बताया, से पीड़िता की बात हुई, उसने चैटिंग के माध्यम से टास्क दिए व लिंक भेजे। पीड़िता द्वारा लिंक खोलने के बाद टेलीग्राम ग्रुप (नार्मल, सुपर, एक्सीलेन्ट ग्रुप) में कई टास्क पूरे कर 5000 रुपये का लाभ लिया। ठगों ने पीड़िता को विश्वास में लेकर बैंक खाते की जानकारी ले ली। पीड़िता ने बैंक खाते की जानकारी ली तो पता चला कि खाते से 13 लाख 67 हजार रुपये निकाले जा चुके थे। पीड़िता ने कथित प्रियंका अरोड़ा से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फायदा नहीं हुआ। ठगों ने टेलीग्राम ग्रुप व चैट डिलिट कर दिए।इधर, एसटीएफ को जांच के दौरान राष्ट्रीय स्तर के गिरोह के बारे में पता चला। एसटीएफ ने गिरोह के सक्रिय सदस्य राजू बाघ पुत्र मलखाम बाघ, निवासी वार्ड नं0-16, पदमनगर, चरोदा, भिलाई (दुर्ग) को दुर्ग, छत्तीसगढ से गिरफ्तार किया।

## 14 में आए थे 24 में चले जाएंगे

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

### अखिलेश ने किया भाजपा पर सियासी हमला



- पूरनपुर की जनसभा में कहा- यूपी के लोग स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी धूमधाम से करेंगे
- किसान और नौजवान की आवाज उठाने वाले कर दिए पीछे, थार से रौंदने वालों का सम्मान

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग किसानों के पक्ष में थे, नौजवानों की बात उठा रहे थे और किसान की आवाज में अपनी आवाज को जोड़ रहे थे, उन्हें तो भाजपा ने पीछे कर दिया। सुनने में आया है कि उन्हें तो मंच पर भी जगह नहीं मिल रही। जो किसानों पर थार चला रहे थे उन्हें सम्मान दे दिया गया। भाजपा को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि जो 14 में आए थे, अब 24 में चले जाएंगे। उत्तर प्रदेश के लोग अगर स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी धूमधाम से करेंगे।

पूरनपुर में शुक्रवार को हुई चुनावी जनसभा में अखिलेश यादव ने सियासी वार किए। कहा कि पीलीभीत सीट पर गठबंधन प्रत्याशी भगवतसरन गंगवार से भाजपा के नेता घबराए हुए हैं। बड़े नेताओं से लेकर लखनऊ तक के नेता पीलीभीत के चक्कर काट रहे हैं। पीलीभीत का नाम सुनते ही उनके चेहरे पीले पड़ जाते हैं। उन्होंने रोजगार, स्वास्थ्य और किसानों की समस्याओं को भी उठाया। भाजपा को अपनी हार नजर आने लगी है। भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद को लेकर कहा कि कोई नया आया है प्रत्याशी, जो कह रहा है कि हमें अगर पहले पता होता कि चुनाव लड़ना है तो हम मुंबई बना देते पीलीभीत को। ये कौन सी बात है भाई? हम उनसे कहते हैं कि इसको मुंबई मत बनाओ। मुंबई का जो काम होता है थोड़ा वही करके दिखा दो यहां पर।

## खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स का संचालक दिल्ली से गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाईप्रोफाइल लक्ष्यों को निशाना बनाने की थी योजना

पंजाब पुलिस के राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने जर्मनी स्थित खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के संचालक प्रभप्रीत सिंह जर्मनी को दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर आतंकवादी भर्ती, धन उपलब्ध कराने और सहायता मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

पंजाब के डीजीपी ने कहा कि केजेडएफ आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा पंजाब में हाई-प्रोफाइल लक्ष्यों को निशाना बनाने की योजना बना रहा है और अपने सहयोगियों को हथियार और वित्तीय सहायता प्रदान की है।

प्रभप्रीत सिंह जर्मनी में रहता था इसलिए उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करवाया। बुधवार को, दिल्ली आईजीआई हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने प्रभप्रीत सिंह को हिरासत में लेने की सूचना दी, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। अतिरिक्त महानिरीक्षक एसएसओसी, अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि आरोपी प्रभप्रीत 2017 में वैध वीजा पर पोलैंड गया था, और 2020 में सड़क मार्ग से जर्मनी चला गया।

## सुबह पांच से रात 12 बजे तक होंगे रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

- रामनवमी पर रामलला धारण करेंगे पीले वस्त्र, धनिया की पंजीरी व मीठे पान का लगेगा भोग

**अमृत विचार :** रामनवमी पर श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराने के लिए सुबह पांच से रात्रि 12 तक का समय तय किया गया है। साथ ही रामनवमी के दिन रामलला को पीले वस्त्र पहनाए जाएंगे।

सिंघाड़े का आटा, धनिया की पंजीरी, मौसमी फल, मिठाई, मीठा पान का विशेष भोग अर्पित होगा। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का कहना है कि इस बार के जन्मोत्सव में त्रेता युग की झलक दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव के दौरान रामलला को सुबह 3.30 मिनट मंगला आरती से जगाया जाएगा। उनके अभिषेक के बाद सुबह 4:45 पर श्रृंगार आरती होगी। सुबह पांच बजे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर को खोल दिया जाएगा। दोपहर 12 बजे रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाना है, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 11:45 से 12:05 के बीच भगवान के भोग और आरती को संपन्न कराया जाएगा। ट्रस्ट के द्वारा मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई है।

## सपा ने दो तो बसपा ने नौ और प्रत्याशी उतारे

**लखनऊ।** सपा प्रमुख ने शुक्रवार को उप्र. की दो जबकि बसपा ने 9 और सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। कौशांबी से पुष्पेंद्र सरोज को और कुशीनगर से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को प्रत्याशी बनाया गया है। पुष्पेंद्र इंद्रजीत सरोज के पुत्र हैं। वहीं, बसपा ने आजमगढ़ से भीम राजभर, घोसी से बालकृष्ण चौहान, एटा से मो. इरफान, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद (अयोध्या) से सच्चिदानंद पांडे, बस्ती से दयाशंकर मिश्र, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली से सत्येंद्र मौर्य, रॉबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम को उतारा है।

### विज्ञान

डब्लूएएसपी -76बी नामक यह बाहरी ग्रह पृथ्वी से 637 प्रकाशवर्ष दूर है

## कामयाबी : पहली बार देखा गया बाहरी ग्रह पर इंद्रधनुष

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** किसी बाहरी ग्रह (एक्सोप्लैनेट) में इंद्रधनुष की पहली बार खोज हुई है। वैज्ञानिक इसे बड़ी कामयाबी मान रहे हैं। इससे साबित होता है कि बाहरी ग्रहों में भी पृथ्वी के समान जलवायु संभव है।

यह एक विशाल आकार का बाहरी ग्रह है, जिसका नाम एक्सोप्लैनेट डब्लूएएसपी -76बी है। यह ग्रह पृथ्वी से लगभग 637 प्रकाशवर्ष दूर है। यह अत्यधिक गर्म गैस वाला विशाल ग्रह है। वैज्ञानिकों ने दो अलग-अलग अंतरिक्ष वेधशालाओं से डेटा का उपयोग करके इसे खोजा है। एक्सोप्लैनेट सैटेलाइट (चेप्स) और नासा का ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट (टीईएसएस) को इस खोज में शामिल किया गया था। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में इस खोज को प्रकाशित किया गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इंद्रधनुष के निर्माण की पूरी तरह से पुष्टि अभी होनी बाकी है।

इंद्रधनुष पृथ्वी की तरह बनते हैं, या फिर किसी दूसरी वजह से बनते हैं, इसका भी जल्द पता चल जाएगा। यह हमारे सौर मंडल के बाहर देखा जाने वाला पहला इंद्रधनुष है। ओलिवियर डेमनजोन पुर्तगाल के इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस साइंसेज के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

वैज्ञानिकों के अनुसार इंद्रधनुष बनने के लिए वायुमंडलीय कणों की आवश्यकता है जो बिल्कुल गोलाकार हों और पूरी तरह से समान हों । साथ ही इतने स्थिर हों कि लंबे समय तक देखे जा सकें। हमारे सूर्य की तरह तारे की किरणें उस ग्रह पर पड़नी चाहिए।



### शुक्र में भी देखने को मिलती हैं इंद्रधनुष की छटा

**नैनीताल :** हमारे अपने सौर मंडल में पृथ्वी के अलावा शुक्र ग्रह पर इंद्रधनुष के रंग बिखरते नजर आते हैं। शुक्र ग्रह भी कभी पृथ्वी के समान हुआ करता था। विशाल समुद्र हुआ करते थे। मगर आज यह ग्रह सौर मंडल का सबसे अधिक तापमान वाला ग्रह बन गया है, जो 4 सौ डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान खुद में समेटे रहता है। अत्यधिक गर्म होने के बावजूद ये इंद्रधनुष बनाने की काबिलियत रखता है।

## सार-संक्षेप



मेहरागांव में आदि शक्ति नव दुर्गा मन्दिर में मूर्ति की स्थापित कराते महंत व अन्य।

### गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के साथ मूर्ति स्थापित

**भीमताल :** भवाली रोड स्थित आदि शक्ति नव दुर्गा मंदिर गुरु मोक्ष धाम श्री 108 ब्रह्मलीन स्वामी ब्रम्हानंद सरस्वती आश्रम मेहरागांव में चतुर्थ नवरात्रि में गणेश मूर्ति की स्थापना की गई। पंडितों ने विधि विधान से मूर्ति स्थापना करवाई। महिलाओं ने सुंदर भजन गाकर गणेश भगवान व दुर्गा मां को मनाया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। गणपति बप्पा मोरिया मंगल मूर्ति होरिया का जयघोष होता रहा। पूज्य महंत दयानंद सरस्वती दयालु महाराज ने कहा कि चैत्र नवरात्र पर पार्वती माता के पुत्र भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना की गई।

### नशे में बाइक दौड़ाने पर किया चालान

**नैनीताल :** मल्लीताल में देर रात शराब के नशे में बाइक दौड़ाने पर एक युवक का चालान किया गया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि गुरुवार की देर रात भवाली निवासी रमेश आर्य अनियंत्रित होकर बाइक दौड़ा रहा था। जब पुलिस ने युवक को मल्लीताल रिक्शा स्टैंड के समीप रोका तो वह नहीं रुका। पुलिस ने उसकी बाइक को पुराना घोड़ा स्टैंड पर रोक लिया। उसके बाद भी वह भागने की कोशिश करने लगा। नशे की हालत में होने के चलते युवक को पुलिस कोतवाली ले गई।

### सॉफ्टवेयर में दिक्कत से बिजली के बिल जमा नहीं

**नैनीताल :** शुक्रवार को मल्लीताल बिजली बिल काउन्टर में बिल जमा करने वालों की भीड़ लगी रही, लेकिन सॉफ्टवेयर में दिक्कत के कारण लोगों के बिजली के बिल जमा नहीं हो पाये। घंटों इंतजार के बाद भी लोगों को बिना बिल जमा किए वापस जाना पड़ा। ऊर्जा निगम के सहायक अभियंता आरएस बिष्ट ने बताया कि अचानक सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी के कारण लोगों के बिजली के बिल जमा नहीं हो पाए। जल्द ही सॉफ्टवेयर को ठीक कर दिया जाएगा।



नैनीताल में कार्यक्रम का उद्घाटन करते संस्कार भारती के पदाधिकारी।

### क्षेत्रीय कला को प्रोत्साहित और संरक्षित करेंगे

**नैनीताल :** क्षेत्रीय कलाओं को प्रोत्साहित और संरक्षित करना है। इन कलाओं के माध्यम से प्रत्येक देशवासी के मन में राष्ट्रीय प्रेम की भावना भरना है। इस उद्देश्य को लेकर संस्कार भारती की अखिल भारतीय चिंतन व प्रबंधकारिणी की बैठक का शुक्रवार को राज्य अतिथि गृह में नटराज प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित व संस्कार भारती के ध्येय गीत के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में रंगोली व लोक कलाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई। चिंतन बैठक में संस्कार भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार वासुदेव कामत, सचिव अश्विन दलवी, प्रसिद्ध सितार वादक अभिजीत गोखले, संगठन मंत्री, सुबोध शर्मा उप कोषाध्यक्ष, देवेंद्र रावत, शलभ मित्तल, इशान अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, अभिषेक पाठक, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



एसओएस जेएन कौल शिक्षण संस्थान में शपथ ग्रहण करते छात्र-छात्राएं।

### लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ ली

**भीमताल :** एसओएस जेएन कौल शिक्षण संस्थान भीमताल के बीए, बीएससी एवं बीएड के विद्यार्थियों ने जागरूक मतदाता बनने की शपथ ली। लोकसभा चुनाव में अन्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए छात्र-छात्राओं ने शपथ ली। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. मुक्ता ने कहा कि हम सभी लोकतंत्र का एक अभिन्न अंग हैं। चुनाव में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए हमें अवश्यक रूप से मतदान करना चाहिए। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बीना नेगी चौधरी, डॉ. हेमा मेहरा, राजेन्द्र सिंह खाती, नीरज कुमार, राहुल कुमार, नितिन भगवाल, गणेश चन्द्र, राम कृष्ण आर्या, शीतल सिंह मौर्य, डॉ. मनोज जोशी, नेत्र प्रसाद, डॉ. मंजू नेगी, पूजा आर्या, डॉ. गीता आर्या, डॉ. सतीश चन्द्र, दीपक देसवाल, डॉ. बिनीता रॉय, मुकेश आर्या, शालिनी भारती, भूवन पलड़िया, दीपा, तनुजा आदि मौजूद रहे।

### ऊर्जा निगम ने की 11 करोड़ रुपये की वसूली

**नैनीताल :** ऊर्जा निगम ने इस वित्तीय वर्ष में बकायेदारों से लगभग 12 करोड़ की वसूली का लक्ष्य रखा था। जिस पर ऊर्जा निगम ने सरकारी विभागों लेनिवि, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और निजी कनेक्शनों से लगभग 11 करोड़ 9 लाख की वसूली की है। ऊर्जा निगम के सहायक अभियंता आरएस बिष्ट ने भी इस बात की पुष्टि की।

# एथेनॉल प्लांट लगाने के विरोध में चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया

## रतनपुर के ग्रामीण भड़के, गांव बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदर्शन भी कर चुके हैं

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** सरकार जहां मतदाताओं को जागरूक करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है वहीं कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के चकलुवा के ग्रामीणों ने इस बार चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। बता दें कि एथेनॉल प्लांट लगने से रतनपुर ग्रामसभा के ग्रामीण नाराज हैं।

बतातें चले कि विगत ढाई साल से चकलुवा क्षेत्र में ग्राम रामपुर सुरपुर में एथेनॉल प्लांट स्थापित किया जा रहा है। स्थानीय काश्तकार एवं क्षेत्रवासी लंबे समय से शासन प्रशासन से फलपट्टी क्षेत्र में इस तरह के प्लांट को नहीं लगाने की गुहार लगा रहे हैं। इसके विरोध में लगातार ग्रामीणों ने गांव बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले धरना प्रदर्शन भी किया था।

स्थानीय काश्तकारों का कहना है ग्रामीण क्षेत्र में खेती एवं आम व लीची के बगीचे ही उनके जीवन का आधार एवं आजीविका का साधन हैं। एथेनॉल प्लांट स्थापित होने से उनके क्षेत्र में जल, मृदा एवं वायु प्रदूषण की मार से किसानों की खेती प्रभावित होगी, जिसके चलते उन्होंने एथेनॉल प्लांट को उनके क्षेत्र में बनने से रोकने के लिए जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार के नुमाइंदों से गुहार लगाई लेकिन किसी ने उनकी मांग पर सुनवाई नहीं की। अब संघर्ष समिति ने ग्रामसभा रतनपुर के अंतर्गत ग्राम देवीपुरा, रतनपुर, नरीपुरा, हरिपुर, करमपुर, सगतपुर के किसानों ने उनके क्षेत्र के बूथ संख्या 52 एवं 53 में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान से स्वयं को दूर रखने का निर्णय लेते हुए दोनों बूथों पर लगभग मत नहीं डालने का निर्णय लिया।



रतनपुर ग्रामसभा में चुनाव के बहिष्कार का ऐलान करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

ग्रामीणों ने ज्ञापन ईमेल कर शासन प्रसानन को चुनाव बहिष्कार की सूचना दी। ग्रामीण दीपक जलाल ने बताया कि ईमेल से चुनाव बहिष्कार की सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी एवं चुनाव आयोग को दे दी है।

इस दौरान ग्राम प्रधान सर्वजीत कौर, क्षेपंस तारा चंद्र, प्रशांत रस्तोगी, त्रिभुवन कन्याल, भीम कुमटीया, धनेश्वर कुमार, विशन सिंह, पान खनायत, तुलसी देवी, अजुं देवी, पदमा देवी, हिमानी, आनंद सिंह, सूरज मेहरा, ममता आर्या, प्रेमा देवी, हेमा अटवाल, विमला देवी, विनोद नेगी, मुन्नी अटवाल, हेमा जलाल, राजेन्द्र जलाल, इन्द्र जलाल, दलीप जलाल, आन सिंह, जगत सिंह, भीम सिंह, लता मेहरा, जगतार सिंह, अनिल वालिया, कुंवर सिंह सहित अनेक ग्रामीणों ने चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया।

# चालान की कार्रवाई के बाद ठीक हुई यातायात व्यवस्था

संवाददाता, नैनीताल

▸▸ सड़क किनारे पार्क किए गए वाहनों को सख्ती के बाद संचालकों ने स्वयं हटा लिया

**अमृत विचार :** मल्लीताल में कोतवाली पुलिस की ओर से अभियान चलाकर चालान की कार्रवाई के बाद क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ है। टैक्सी चालकों के हंगामे के बाद कोतवाल की चेतावनी के बाद सड़क किनारे पार्क अधिकांश वाहन लोगों ने हटा लिए हैं।

मल्लीताल क्षेत्र में अव्यवस्थित यातायात को व्यवस्थित करने के लिए कोतवाल हरपाल सिंह की ओर से सड़क किनारे वाहन पार्क करने वालों से वहां वाहन पार्क न करने की अपील की। अपील के बाद भी जब लोगों ने सड़क किनारे से वाहन नहीं हटाए तो कोतवाल ने चालान की कार्रवाई शुरू की, जिसमें टैक्सी बाइकों की संख्या ज्यादा थी। भारी भरकम चालान होने से गुस्साए बाइक टैक्सी संचालकों ने बीते दिनों कोतवाली में हंगामा काट दिया, लेकिन कोतवाल ने साफ कहा कि यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाल की चेतावनी के बाद शुक्रवार को क्षेत्र की सड़कों के किनारे पार्क अधिकांश दो पहिया वाहन लोगों ने हटा दिए। कोतवाल ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाया गया। इस दौरान फोल्डिंग नंबर प्लेट व नाबालिग की ओर से चलाई जा रही स्कूटी सीज की गई। साथ ही रौंग साइड वाहन दौड़ाने पर चार व नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर चार वाहन स्वामियों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।

### पत्नी से मारपीट का मामला कोतवाली पहुंचा

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में एक महिला ने पति पर तीन दिन से मारपीट का आरोप लगाया। पीड़िता ने शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर शिकायत कर कहा कि वह किराए के कमरे में रहती है। तीन दिन से उसका पति उसके साथ मारपीट कर रहा है। वह गंभीर रूप से चोटिल भी हुई है। महिला की शिकायत पर चीता पुलिस पति को पकड़कर कोतवाली ले गई, जहां दोनों ने एक दूसरे पर आरोप लगाना शुरू कर दिया, लेकिन बाद में दोनों के बीच सुलह हो गई। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि दोनों की काउंसलिंग कर हिदायत देते हुए घर भेज दिया।

## साढ़े सत्रह लीटर शराब संग गिरफ्तार

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में देर रात एक अधेड़ के पास से कोतवाली पुलिस ने साढ़े 17 लीटर शराब बरामद की। गुरुवार रात मंगोली चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। नारायण नगर पार्किंग के समीप पहुंचे तो मुखबिर से सूचना मिली।

वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो वाहन की लाइट में एक व्यक्ति नारायण नगर पार्किंग के गेट के पास सड़क के किनारे खड़ा दिखाई दिया, जिसके पास सफेद रंग का कट्टा मिला। जब पुलिस ने उसे रोका तो वह भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसको मौके पर ही पकड़ लिया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि बिसनपुरा बिजनौर निवासी सोमपाल के पास कुल 70 पाउच में 17.500 लीटर कच्ची शराब मिली। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नैनीताल व मुक्तेश्वर के जंगलों में लगी आग



जंगल में लगी आग पर काबू पाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ते ही शुक्रवार को नैनीताल के डीएसबी कॉलेज से लगे जंगल में आग लग गई। दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद जंगल में लगी आग पर काबू पाया। वहीं मुक्तेश्वर के जंगलों में भी दिनभर आग का तांडव दिखा। जगह-जगह आग से दमकल व वन विभाग के कर्मचारी इधर से उधर भागते नजर आए। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जंगल में लगी आग पर वन कर्मियों ने काबू पाया। अग्नि सुरक्षा अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। शुक्रवार को नैनीताल से लेकर मुक्तेश्वर के जंगल में दर्जन भर स्थानों पर आग लगने की घटना हुईं, जिन पर समय रहते नियंत्रण पा लिया गया।

# गाय और भैंस के साथ गोशाला में बैठा मिला घायल गुलदार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** वनप्रभाग तराई पश्चिम के अंतर्गत कंचनपुर छोई गांव में एक गोशाला में गाय और भैसों के बीच घायल गुलदार बैठा दिखाई दिया। सुबह जब गोशाला में महिला गोबर उठाने गई तो वह गुलदार को बैठा देखकर अचंभित रह गई। वह शोर मचाकर गोशाला से बाहर निकली।

तब आसपास के लोगों ने तुरंत ही गुलदार के गोशाला में होने की सूचना प्रधान पति हेम जोशी को दी। उन्होंने वन विभाग के कर्मचारियों को जानकारी दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वहीं गोशाला के मालिक हरिहर सिंह बिष्ट ने बताया कि गुलदार को वन विभाग की टीम रेस्क्यू कर ले गयी। मौके पर पहुंचे तराई पश्चिम के एसडीओ संदीप गिरी ने कहा कि गुलदार की सूचना पर वन कर्मियों व कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. दुष्यंत शर्मा ने गुलदार को ट्रेंकुलाइज कर सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। गुलदार को ढेला रेस्क्यू सेंटर ले जाकर उसका उपचार कराया जा रहा है। गुलदार की उम्र लगभग 6 वर्ष के करीब है।



घायल गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण करते डॉ. दुष्यन्त व वन कर्मी। ● अमृत विचार

# कॉर्बेट में वन्यजीवों के लिए बनाए तालाबों में भरा पानी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए कॉर्बेट पार्क के कृत्रिम तालाबों में वन्यजीवों के लिए सीटीआर प्रशासन ने पर्याप्त जलापूर्ति शुरू कर दी है।

बिजरानी और ढेला रेंज में पिछले दो दिनों में 17 कृत्रिम तालाब पानी से भर दिए गए हैं। कॉर्बेट पार्क के निदेशक धीरज पांडे ने बताया कि वर्तमान में वनाग्नि काल चरम पर है। ऐसे में जलस्रोतों के सूख जाने के कारण वनों में वन्यजीवों के लिए पेयजल आपूर्ति में कमी आ जाती है। इसे देखते हुए बिजरानी रेंज के 12 और ढेला रेंज के 5 बड़े कृत्रिम तालाब पानी से भर दिए हैं। इस संबंध में संपर्क करने पर बिजरानी और ढेला रेंज के क्षेत्राधिकारी भानु प्रकाश हर्बोला ने बताया कि ढेला रेंज में कुछ कृत्रिम तालाबों पर रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है, जल्द ही इन्हें भी पानी से भर दिया जाएगा।



कॉर्बेट के कृत्रिम तालाबों में पानी भरता वन कर्मचारी। ● अमृत विचार




**भ्रमण** | पिथौरागढ़ निवासी कलाकार और टीम का ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के साथ स्वागत किया

# श्वेता ने जंगलिया गांव में तलाशीं शूटिंग की संभावनाएं

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की प्रसिद्ध लोक कलाकार पिथौरागढ़ निवासी श्वेता मेहरा शुक्रवार को जंगलिया गांव पहुंचीं। उन्होंने गांव में भविष्य में फिल्म शूटिंग की संभावनाएं तलाश कीं।

ग्राम प्रधान राधा कुलियाल व ग्रामीणों ने कुमाउनी परिधान पहनी श्वेता मेहरा व उनकी टीम का स्वागत किया। ग्रामीणों ने अवगत कराया कि जंगलिया गांव से 4 किलोमीटर दूर पवित्र धाम सिद्ध मंदिर है, जहां से हिमालय दर्शन व छोटा कैलाश के भी दर्शन होते हैं।

यह क्षेत्र चारों तरफ वनों से घिरा है, यहां पर बहुत मात्रा में बांज, बुराश, काफल तथा अन्य प्रजातियों के वृक्ष पाए जाते हैं। यहां फिल्म शूटिंग की बहुत संभावना है। श्वेता मेहरा ने छोटा गायक व कलाकार प्रिंस कुलियाल को गायन के साथ-साथ पढ़ाई भी करते रहने को कहा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राधा कुलियाल, महिला मंगल दल अध्यक्ष रेखा कुलियाल, नवीन कुलियाल, संजय पडियार, नारायण सिंह कुलियाल, बिशन सिंह, किशोर सिंह, बीना देवी, मीना देवी, कलावती देवी, बचुली देवी, प्रेम सिंह कुलियाल आदि ग्रामीण तथा बच्चे उपस्थित रहे।




जंगलिया गांव में श्वेता मेहरा और टीम का स्वागत करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### स्वर्णिका ज्वैलर्स ने फिल्मांकन सत्र का प्रायोजन किया

**भीमताल :** उत्तराखंड के प्रसिद्ध सोने और हीरे के आभूषण ब्रांड स्वर्णिका ने जंगलिया गांव में फिल्मांकन सत्र का प्रायोजन किया। यह शूट विशेष रूप से स्थानीय संस्कृति और प्राकृतिक सुंदरता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से किया गया था, जिसमें श्वेता मेहरा, स्वर्णिका और महाप्रबंधक तरुण जैन सहित स्वर्णिका टीम शामिल थी। महाप्रबंधक तरुण जैन ने कहा कि स्वर्णिका के रूप में हमारा उद्देश्य स्थानीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देना है।

## पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्र में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नम:।

## एक नजर

### घर के बाहर से टेंपो चोरी

**हल्द्वानी :** घर के बाहर खड़ा टेंपो चोरों ने चोरी कर लिया। बनभूलपुरा पुलिस को सौंपी तहरीर में उत्तर गौजाजाली चौधरी कॉलोनी निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र स्व. रामलखन ने लिखा कि बीती 10 अप्रैल की रात उन्होंने अपना टेंपो संख्या यूके 04टीबी 2167 घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह देखा तो टेंपो चोरी हो चुका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 36 डिग्री के पार पहुंचा पारा

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी में शुक्रवार को दोपहर के समय मौसम काफी गर्म रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है। शहर में सुबह से ही धूप निकली रही। मौसम विभाग ने मौसम खराब होने का अनुमान जताया था, जिसका कोई असर नहीं दिखा। अधिकतम तापमान 36 .2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 .1 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने शनिवार को कई जिलों में मौसम खराब होने का फिर से अनुमान जताया है।

### रोडवेज कर्मियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने लोकसभा चुनाव के बाद आंदोलन करने की चेतावनी दी है। शुक्रवार को हल्द्वानी शाखा मंत्री अमित कुमार ने एआरएम को दिये पत्र में कहा कि कर्मचारियों की मांग पर हुई वार्ता में प्रबंधन ने समाधान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक इसका पालन नहीं किया गया है। इसके चलते कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद कर्मचारी आंदोलन को बाध्य होंगे।

### मुख्यमंत्री योगी की एमबी इंटर कॉलेज मैदान में प्रस्तावित जनसभा को लेकर जारी हुआ रूट डायवर्जन प्लान, शहर में नहीं आ सकेंगे भारी वाहन

# आज शहर में सुबह 7 बजे से डायवर्ट रहेगा रूट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एमबी इंटर कॉलेज मैदान में प्रस्तावित जनसभा को लेकर शनिवार (आज) को शहर में रूट डायवर्जन रहेगा। यह डायवर्जन सुबह 7 बजे से मुख्यमंत्री योगी के जाने तक लागू रहेगा।

शुक्रवार को पुलिस प्रशासन की ओर से जारी रूट डायवर्जन प्लान के मुताबिक बरेली रोड और रामपुर रोड से शहर की ओर आने वाले सभी बड़े और छोटे चार पहिया वाहन बरेली रोड तीनपानी से गौला बाईपास होकर जाएंगे।




वहीं कालाढूंगी रोड से शहर की ओर आने वाले वाहन लामाचौड़ तिराहे से कालाढूंगी बाईपास रोड होते हुए हनुमान मंदिर से आरटीओ रोड होकर रामपुर रोड की ओर जाएंगे। भीमताल और नैनीताल की ओर से हल्द्वानी आने वाले वाहन काठगोदाम नारीमन तिराहे से मुड़कर जाएंगे।

गौला पुल रेलवे कासिंग से शहर के अन्दर बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा। रामपुर रोड और बरेली से आने और जाने वाली रोडवेज व निजी बसें गौला पुल रेलवे क्रासिंग से स्टेशन में प्रवेश करेंगी। जबकि कालाढूंगी की ओर से आने वाली बसें और छोटे वाहन लालडांठ तिराहे से डायवर्ट होंगी। रामुपर रोड से आकर पर्वतीय मार्गों को जाने वाले छोटे वाहन शीतल होटल से डायवर्ट होंगे, जो तीनपानी से गौला बाईपास होकर जाएंगे।

### इन स्थानों पर खड़े होंगे वाहन

वीआईपी और उच्चाधिकारियों के वाहन कार्यक्रम स्थल के पास सन मेडीकोज के सामने खड़े होंगे। पार्टी पदाधिकारियों के वाहन शिव सुन्दरम बैंकट हॉल में, पत्रकारों के वाहन रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट के भूतल में, पुलिस व प्रशासन के वाहन गुरूतेग बहादुर स्कूल की पार्किंग में, दोपहिया वाहन महिला डिग्री कॉलेज में खड़े होंगे। इसके अलावा रैली के लिए बरेली रोड, नैनीताल रोड और चोरगलिया रोड से आने वाले वाहन परख इमेजिंग सेन्टर में, रामपुर रोड से आने वाले वाहन रिलायंस के निर्माणाधीन मॉल में, एक बजे के बाद आने वाले वाहन वीर शिवा स्कूल और क्वीन्स पब्लिक स्कूल में, कालाढूंगी रोड़ से आने वाले वाहन रिलायंस निर्माणाधीन मॉल में खड़े होंगे।

## योगी की चुनावी सभा आज भाजपा ने पूरी की तैयारियां



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज एमबी इंटर कॉलेज में जनसभा करेंगे। भाजपा ने जनसभा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। उप्र की पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की टीम ने हल्द्वानी में डेरा डाल दिया है। देर सायं उप्र व नैनीताल जनपद की पुलिस ने जनसभा स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी सीएम योगी की जनसभा में शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर देर रात तक बैठकों का दौर जारी है। जनसभा को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। जिसमें 20 से 25 हजार लोगों के पहुंचने के अनुमान है। दोपहर 12 बजे से जनसभा शुरू हो जाएगी। इधर, उप्र के मुख्यमंत्री योगी की जनसभा को लेकर गुरुवार से सुरक्षा टीमें, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने डेरा डाल दिया। उन्होंने शुक्रवार को नैनीताल जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके अलावा सीएम के आने के रूट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक का जायजा लिया गया। सिटी मजिस्ट्रेट/एआरओ हल्द्वानी एपी वाजपेयी ने बताया कि पुलिस प्रशासन की तैयारियां पूरी हो गई हैं।

# टीसी पर दर्ज नहीं हो रहा परमानेंट एजुकेशन नंबर, एडमिशन के लिए जूझ रहे अभिभावक

### एक स्कूल से दूसरे स्कूल में प्रवेश के लिए जरूरी है पीईएन, छात्रों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड न होने से आ रही दिक्कत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नये स्कूल में प्रवेश के लिए छात्रों का परमानेंट एजुकेशन नंबर (पीईएन) जरूरी हो गया है, लेकिन स्कूलों के छात्रों की जानकारियां यू-डाइस प्लस पोर्टल पर अपलोड न होने से पीईएन नहीं मिल पा रहा है। निजी स्कूलों का कहना है कि पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड करने में दिक्कतें आ रही हैं, जबकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पोर्टल पर सुचारू रूप से चल रहा है। इधर, बच्चों के प्रवेश के लिए अभिभावकों को एक स्कूल से दूसरे स्कूल में भटकना पड़ रहा है।

अभिभावकों का कहना है कि उन्होंने पुराने स्कूल से बच्चे का नाम तो कटा लिया है, लेकिन पीईएन नहीं होने से नये स्कूल में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। जिससे उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। स्कूलों के प्रवेश के लिए ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) के साथ पीईएन भी जरूरी कर दिया गया है। अभिभावकों ने बताया कि कई स्कूल टीसी पर पीईएन दर्ज नहीं कर रहे हैं। जबकि नये स्कूलों में पीईएन के बिना प्रवेश नहीं मिल रहा है। बता दें कि स्कूलों में प्रवेश के लिए पीईएन अनिवार्य हो गया है। इसके लिए स्कूलों को अपने यहां पढ़ने वाले छात्रों की जानकारियां एकीकृत जिला सूचना प्रणाली (यू-डाइस प्लस) पोर्टल पर अपलोड करनी होती है। जिससे उसका पीईएन मिलता है, लेकिन स्कूल टीसी के साथ छात्रों का पीईएन नहीं दे रहे हैं। एक निजी विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि यू-डाइस प्लस पोर्टल पर दस्तावेज अपलोड होने में परेशानियां आ रही हैं।



> यू-डाइस प्लस पोर्टल सुचारू रूप से काम कर रहा है। निजी स्कूलों को सभी बच्चों की जानकारियां पोर्टल पर डालकर पीईएन प्राप्त करना चाहिए। छात्रों को इस तरह की समस्या आ रही हैं तो खंड शिक्षा अधिकारी से संपर्क करना चाहिए।
> **- जगमोहन सोनी,** मुख्य शिक्षा अधिकारी, नैनीताल

### पीईएन में छात्र से संबंधित 53 सूचनाएं होती हैं दर्ज

शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सरकारी और निजी स्कूलों के बच्चों को ट्रैक करने के लिए आधार कार्ड की तर्ज पर परमानेंट एजुकेशन नंबर (पीईएन) जारी करने की योजना बनाई है। जिसमें बच्चों की 53 सूचनाएं यू-डाइस प्लस पोर्टल में भरनी होती हैं। जिसके बाद परमानेंट एजुकेशन नंबर प्राप्त होता है। यह काम स्कूलों के स्तर पर होना है। इसमें उनके शैक्षणिक संबंधी विवरण के साथ ही स्वास्थ्य, लम्बाई, रक्त समूह, वजन आदि तक की जानकारी होगी। स्कूल में बच्चों से संबंधित हर काम के लिए इसी नंबर का उपयोग जरूरी हो गया है। बच्चों की टीसी काटने पर भी इस नंबर को भरना अनिवार्य होगा। नंबर नहीं भरने की स्थिति में बच्चों की ऑनलाइन टीसी तैयार नहीं हो पाएगी।

### फर्जीवाड़े पर लगेगा अंकुश

शिक्षा विभाग के अतंर्गत योजनाओं का लाभ लेने के लिए कई बार छात्रों ने निजी स्कूल के साथ ही अपना नाम सरकारी स्कूल में भी लिखवा दिया। इसी तरह, फर्जी मार्कशीट से नौकरी करने के भी कई कई मामले सामने आए हैं। ऐसे में पीईएन के जरिए इस तरह के फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने के लिए यह योजना शुरू की गई। केवल एक नंबर से छात्रों की सभी प्रकार की सूचनाएं वेबसाइट में देखी जा सकती हैं।

### स्कूल साबित हो रहे फिसड्डी

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार नैनीताल जिले के सभी स्कूल यू-डाइस प्लस पोर्टल पर दर्ज हैं, लेकिन योजना पर अधिकतर निजी स्कूल ध्यान नहीं दे रहे हैं। अभिभावकों ने बताया कि कई स्कूलों में अभी तक बच्चों की जानकारियां यू-डायस पर अपलोड नहीं की गई हैं। जिससे टीसी लेते समय स्कूल से पीईएन नहीं मिल पा रहा है। निजी स्कूल के प्रबंधकों ने बताया कि छात्रों के फीस आदि जमा नहीं होने के कारण कुछ मामलों में ऐसे हो सकता है।

## पीएम रिपोर्ट से उलझी भाष्कर की मौत की गुत्थी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**फॉलोअप**
- रिपोर्ट में न तो आत्महत्या की पुष्टि हुई न कत्ल के मिले सुबूत
- 51वें दिन मिला था 17 फरवरी से लापता भाष्कर का शव

**अमृत विचार :** लापता होने के 51वें दिन मिले भाष्कर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आ गई। रिपोर्ट ने भाष्कर की मौत की गुत्थी को और उलझा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से न तो आत्महत्या की पुष्टि हो रही है और न ही हत्या की। ऐसे में पुलिस विसरा रिपोर्ट का इंतजार रही है।

मूलरूप से पोखरी पुट धारी भीमताल निवासी सुभाष दुम्का का 15 वर्षीय पुत्र भाष्कर यहां शिवपुरी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में अपने फूफा मोहन सनवाल के घर रहकर पढ़ाई करता था। आवास विकास स्थित स्कूल में कक्षा 9 का छात्र भाष्कर बीती 17 फरवरी की सुबह 8:30 बजे घर से निकला था और फिर लौटकर नहीं आया। 51वें दिन यानी 8 अप्रैल को उसका शव शीतला माता मंदिर क्षेत्र से बरामद किया गया।

भाष्कर को आखिरी बार यहीं सीसीटीवी में देखा गया था। जांच में कुछ स्पष्ट न होने के बाद पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही थी। जब रिपोर्ट आई तो उससे भी कुछ हासिल नहीं हुआ। इधर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकू प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि जांच के लिए विसरा भेजा गया है, जिसके बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

### फूफा की सीडीआर में सुबूत तलाश रही पुलिस

**हल्द्वानी :** भाष्कर घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन उस दिन स्कूल में पैरेंट्स मीटिंग थी। वह अपने पास मोबाइल भी नहीं रखता था। उसे जब किसी से बात करनी होती थी तो वह फूफा मोहन सनवाल का मोबाइल इस्तेमाल करता था। एसएसपी के मुताबिक मोहन की सीडीआर जांची जा रही है। हो सकता है कॉल डिटेल से कुछ मदद मिल जाए।



भाष्कर फाइल फोटो।

# अफसाना के पिता ने दर्ज कराया दामाद पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**मामला**
- पत्नी की हत्या कर फरार सौरभ राज की तलाश में लगी एसओजी समेत चार टीमें
- बीती आठ अप्रैल की रात गला दबाकर कर दी थी अफसाना की हत्या

**अमृत विचार :** बेटी अफसाना का शव लेने से इंकार करने वाले पिता शरीफ अहमद ने ही अपने दामाद सौरभ राज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सौरभ की तलाश में एसओजी समेत चार टीमें लगी हैं, लेकिन अभी तक उसका सुराग नहीं लगा है।

मूलरूप से सुभाष कॉलोनी रुद्रपुर निवासी सौरभ राज हल्द्वानी की शिवाजी कॉलोनी में पत्नी अफसाना (24 वर्ष) व दो बेटियों के साथ गंगा राम के मकान में किराए पर रहता था। बीती 8 अप्रैल की रात करीब 12 बजे वह घर पहुंचा। उसका पत्नी के साथ विवाद हुआ और गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद सुबह चार बजे वह दोनों नाबालिग बेटियों को साथ लेकर फरार हो गया। शव का दावेदार न मिलने पर पोस्टमार्टम में देरी हुई। बीती 11 अप्रैल को जब सौरभ का छोटा भाई शव ले जाने को राजी हुआ तब जाकर पोस्टमार्टम हुआ।

इधर, सुभाषनगर रुद्रपुर में रहने वाले अफसाना के पिता शरीफ अहमद उर्फ शफीक शेख पुत्र स्व. छोटे ने सौरभ के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है। शरीफ ने बताया सात वर्ष पहले परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर अफसाना ने शादी की थी। आरोप है कि घटना की रात सौरभ और अफसाना के बीच झगड़ा हुआ था। जिसके बाद उसने अफसाना की हत्या कर दी और दोनों बच्चियों को लेकर चला गया। उधर, एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि सौरभ की गिरफ्तारी के लिए अन्य टीमों के साथ एसओजी को भी लगाया गया है। सौरभ की गिरफ्तारी के बाद घटना की असल वजह सामने आएगी।



सौरभ और अफसाना का फाइल फोटो।

## प्रेमी पर एफआईआर दर्ज, फंस गई नाबालिग प्रेमिका की बुआ

- दांव उल्टा पड़ा तो शिकायकर्ता मां वापस लेने पहुंची मुकदमा
- पॉक्सो में दर्ज थी एफआईआर पुलिस ने खड़े कर दिए हाथ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नाबालिग प्रेमिका की फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल करने के बाद शादी से मुकरने वाले प्रेमी के खिलाफ पुलिस ने पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच आगे बढ़ी तो मामले में नाबालिग प्रेमिका की बुआ फंस गई। शिकायतकर्ता प्रेमिका की मां शिकायत लेने पहुंच गई, लेकिन पुलिस ने हाथ खड़े कर दिए।

कोतवाली क्षेत्र के एक युवक को नाबालिग लड़की से प्यार हो गया। उसने नाबालिग की फोटो एडिट कर अपनी फोटो के साथ जोड़ दी और उसे इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। फोटो वायरल हुई और उसे लड़की की मां ने देख लिया। पहले दोनों की शादी की बात की गई, लेकिन लड़के ने शादी से इनकार कर दिया। जिसके बाद लड़की की मां ने लड़के के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी। पुलिस ने लड़के के खिलाफ पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच में पता लगा कि जिस इंस्टाग्राम एकाउंट से फोटो अपलोड किया गया था, वो एकाउंट लड़की की बुआ का था। पुलिस ने बुआ पर शिकंजा कसा तो लड़की की मां फिर पुलिस के पास पहुंच गई और शपथ पत्र देकर मुकदमा वापस लेने की याचना की।

## 356 होटल-ढाबे, दो स्पा सेंटरों पर छापा, 77 हजार जुर्माना वसूला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुलिस ने शुक्रवार को 300 से अधिक होटल, ढाबों, ठेलों और दो स्पा सेंटर में छापेमारी की। इस दौरान अनियमितताएं और कर्मचारियों का सत्यापन न मिलने पर पुलिस ने 77 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि ऑपरेशन सेनेटाईज के तहत अलग-अलग क्षेत्रों में होटल, ढाबों और ठेलों की चेकिंग की गई। इस दौरान 356 होटल, ढाबों और ठेलों पर अनियमितता पाए जाने पर 181 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस एक्ट के तहत चालान काटकर 57 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। वहीं एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग सेल की टीम ने कालाढूंगी रोड स्थित दो स्पा सेंटरों पर छापा मारा। इस दौरान न तो सेंटर में पहुंचने वाले लोगों का रिकॉर्ड पूरा मिला और न ही वहां काम करने वाले कर्मचारियों का सत्यापन व दस्तावेज मिले। टीम ने पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया।



टीम के साथ होटल में चेकिंग करते कोतवाल उमेश मलिक। ● अमृत विचार

**तैयारी** मुख्यमंत्री योगी की सुरक्षा को लेकर स्थानीय और पंजाब पुलिस ने तैयारियों को परखा

# सुरक्षा के पूर्वाभ्यास से सड़कें जाम, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने से पहले ही शहर जाम हो गया। पुलिस की लापरवाही और वीकेंड की वजह से जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। जाम में कई स्कूलों की बसें भी फंसी रहीं।

शनिवार (आज) को हल्द्वानी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा प्रस्तावित है। उनकी सुरक्षा व्यवस्था में कहीं चूक न हो जाए, इसको लेकर शुक्रवार को स्थानीय पुलिस और पंजाब पुलिस के जवानों ने शहर में पूर्वाभ्यास किया। जिससे नैनीताल राजमार्ग समेत अन्य सड़कों में जाम लग गया। वहीं पुलिस व अन्य सुरक्षा बलों के वाहनों को कोतवाली के सामने सड़क के दोनों ओर खड़ा करने से स्थिति और बिगड़ गई। बरेली रोड पर सिंधी चौराहा, रामपुर रोड पर समता आश्रम गली और नैनीताल रोड पर एसडीएम कोर्ट तक जाम लगा रहा। जेल रोड चौराहे पर भी लोगों को जाम से जूझना पड़ा।

इस दौरान आधा दर्जन से भी अधिक स्कूलों की बसें जाम में फंसी रहीं। देर शाम तक शहर में जाम की स्थिति बनी रही। एसपी ट्रैफिक हरबंस सिंह ने बताया कि वाहनों का दबाव बढ़ने की वजह से जाम की स्थिति बन रही है।



पुलिस के पूर्वाभ्यास के दौरान कालाढूंगी रोड़ पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### पहली बार लागू हुआ सालों पुराना वन-वे

**हल्द्वानी :** रामपुर रोड से लोग बरेली रोड और नैनीताल रोड की ओर जाते हैं। नैनीताल रोड की ओर जाने के लिए अग्रसेन चौक होकर जाना होता है और बरेली रोड जाने वाले सिंधी चौक का इस्तेमाल करते हैं। नैनीताल रोड से रामपुर रोड की ओर जाने वाले भी सिंधी चौक से मुड़ते हैं। ये व्यवस्था सालों पुरानी है, लेकिन इसे लागू नहीं किया जा सका। शुक्रवार को ट्रैफिक, पुलिस और सीपीयू ने मिलकर यहां पहली बार वन-वे व्यवस्था लागू की।



# टैंकरों के सहारे बुझ रही पानी की प्यास

## कठघरिया में आठ दिन से खराब है नलकूप, अब तक नहीं हो पाई मरम्मत, लोग परेशान

**पानी की किल्लत**

- शहर की फारेस्ट कॉलोनी में भी गहराया संकट
- शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समस्या का समाधान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ ही शहर और आसपास के क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। लोग जल संस्थान कार्यालय में रोजाना शिकायतें दर्ज करा रहे हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी लोगों को राहत नहीं दिला पा रहे हैं।

कठघरिया क्षेत्र में बीते आठ दिनों से नलकूप खराब पड़ा है। जिसकी मरम्मत विभाग अब तक नहीं करा पाया है। नलकूप ठीक न होने से क्षेत्र के हजारों लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। टैंकरों के सहारे लोग अपनी प्यास बुझाने को मजबूर हैं। वहीं शहर की फारेस्ट कॉलोनी में भी पिछले तीन दिनों से पेयजल समस्या बनी हुई है। कॉलोनी निवासी ललित मोहन पांडेय ने बताया कि पेयजल आपूर्ति के लिए घर में लगे नलों से बूंद-बूंद पानी टपक रहा है। इसकी शिकायत जल संस्थान की ओर से जारी टोल फ्री नंबर पर भी की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पया है।

इधर, जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराई जा रही है। साथ ही विभाग को मिल रही शिकायतों का भी निवारण किया जा रहा है।


तल्ली हल्द्वानी में जल निगम विश्व बैंक इकाई के प्रोजेक्ट मैनेजर का घेराव करते लोग। ● अमृत विचार

### पानी को लेकर फूटा शक्ति विहार के लोगों का गुस्सा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पानी की समस्या से जूझ रहे तल्ली हल्द्वानी के शक्ति विहार क्षेत्र के लोगों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। उन्होंने निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी के नेतृत्व में जल निगम विश्व बैंक इकाई के प्रोजेक्ट मैनेजर का घेराव कर आक्रोश प्रकट किया। साथ ही जल्द पेयजल आपूर्ति सुचारू न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। मनोज जोशी ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है। कई बार शिकायत के बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि नवरात्र का पर्व चल रहा है। ऐसे में लोगों को पीने के पानी तक के लिए जूझना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र पेयजल समस्या से निजात नहीं दिलाई गई तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इस पर विश्व बैंक के प्रोजेक्ट मैनेजर ने लोगों को आश्वासन दिया कि शीघ्र समस्या का समाधान कर पेयजल आपूर्ति सुचारू कराई जायेगी। घेराव करने वालों में लीलाधर जोशी, हरीश चंद्र मेलकानी, एसके ब्रजवासी, गिरीश जोशी, राजेंद्र बेलवाल, धन सिंह बिष्ट, चम्पा पथनी, दुर्गा बिष्ट, चम्पा मेलकानी, कमला बिष्ट, गंगा बिष्ट, गीता बेलवाल, कमला बिष्ट आदि शामिल रहे।

# पांचों सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों का होगा समर्थन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाकपा (माले) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए राज्य में इंडिया गठबंधन के पांचों सीटों पर प्रत्याशियों का समर्थन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक दशक से सत्तासीन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान के लिए गंभीर खतरा बन गई है। इसलिए वामपंथी पार्टियां लोगों से अपील करती हैं कि वोट की ताकत से इस सरकार को उखाड़ फेंकें।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार हटाने, मंहगाई कम करने और रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आई मोदी सरकार आज सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी और वसूली करने वाली सरकार सिद्ध हुई है। हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वायदा झूठा सिद्ध हुआ है। प्रधानमंत्री की बहुचर्चित पकौड़ा रोजगार योजना भी मंहगाई और बुलडोजर की भेंट चढ़ गई। कुछ साल पहले एक रिपोर्ट में बताया गया था कि 45 सालों में सर्वाधिक बेरोजगारी मोदी के शासन काल में है। कहा कि अग्निवीर जैसी योजना लाकर न केवल फौज को अस्थायी कर दिया गया। एमएसपी और फसलों का लागत मूल्य को लेकर संघर्ष कर रहे किसानों की राह में कीलें बिछाई गईं। उन्हें आतंकवादी और खालिस्तानी तक कहा गया। इस अवसर डॉ. कैलाश पांडेय, केके बोरा, बहादुर सिंह जंगी, विमला रौथाण, मदन मोहन चमोली, धीरज कुमार मौजूद रहे।


हल्द्वानी में पत्रकारों से वार्ता करते माले के प्रदेश सचिव मुैखरी व अन्य। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


रामनगर में जनसम्पर्क करते भाजपा कार्यकर्ता।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर किया जनसंपर्क

**रामनगर :** भारतीय जनता पार्टी ने पौड़ी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। नगरीय क्षेत्र में भवानी गंज, गुलरघट्टी, घासमंडी आदि इलाकों में डोर टू डोर प्रचार करके केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं से आम जनता को मिल रहे फायदों को गिनाया। प्रधानमंत्री मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए पौड़ी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से अनिल बलूनी को चुनाव जिताने की अपील की गई। इस दौरान भाजपा नेता निर्मला रावत, कपिल रावत, जितेंद्र नेगी, हरीश बेलवाल, कृपाल नेगी, विरेंद्रपाल रावत के नेतृत्व में समूहों में जाकर ग्रामीण क्षेत्रों के सांवल्दे, बांसीटीला, करनपुर, लक्ष्मीपुर बनिया, बसई, थारी, पीपलसाना में प्रचार किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हुई खेल प्रतियोगिताएं

**हल्द्वानी :** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को जिला खेल विभाग की ओर से ओपन महिला-पुरुष की म्यूजिकल कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, सुई धागा दौड़, रूमाल दौड़ समेत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें 83 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर निशा साहू, बलवंत मेहरा, निष्ठा आर्य, सौरभ धपोला, निष्ठा समेत अन्य विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने खिलाड़ियों को मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान जिला प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, किशोल पाल, त्रिलोक सिंह जीना, मनीष वर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

### गांवों में अभियान चलाकर दें मतदान का संदेश : कोश्यारी

**गरमपानी :** अल्मोड़ा जाते समय कोसी घाटी में रुके महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार भेंट कीं। पूर्व राज्यपाल ने कार्यकर्ताओं से लोगों को मतदान के लिए जागरुक करने का आह्वान किया। कहा कि मतदान कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। कहा कि लोकतंत्र के पर्व पर मत का इस्तेमाल कर अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। विधायक सरिता आर्या ने भी पूर्व राज्यपाल का स्वागत कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सोबन सिंह, महामंत्री भगवत सिंह बिष्ट, हीरा सिंह, गोविन्द सिंह नेगी, नरेंद्र सिंह बिष्ट मौजूद रहे।


भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करते अक्षय चौधरी व अन्य।

### कुविवि के शिक्षक व रिटायर्ड अधिकारी भाजपा में शामिल

**नैनीताल :** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रो . सुहेल सिद्दीकी और डीआरडीए विभाग से सेवानिवृत्त सहायक अभियंता अक्षय चौधरी समेत दर्जन भर लोगों ने शुक्रवार को नैनीताल में भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। नैनीताल में आयोजित भाजपा जनसंपर्क अभियान के दौरान सभी लोगों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली। पार्टी की सदस्यता लेने वाले सभी लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री के कार्यों को देखते हुए उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली है। नैनीताल की विधायक सरिता आर्या ने सभी लोगों को भाजपा का पटका पहना कर पार्टी में स्वागत किया।

### महाआरती के बाद अखंड रामायण पाठ का पारायण

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे पर स्थित शांति माता मंदिर में हवन, पूर्णाहुति व महाआरती के बाद लगे भंडारे के साथ अखंड रामायण पाठ का पारायण हो गया। आसपास के गांवों से पहुंचे माता भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक भजन कीर्तनों का दौर जारी रहा। गरमपानी स्थित शांति माता मंदिर में धर्माचार्यों ने यजमानों से विधी विधान व पूजा अर्चना के साथ धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। आसपास के डोबा, मझेड़ा, रामगढ़, छड़ा, लोहाली, रातीघाट, खैरना आदि क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक चले भजन कीर्तनों से भक्ति की रसधार बही।

### घर-घर जाकर छात्रों ने दिया मतदान का संदेश

**कालाढूंगी :** मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए छात्र-छात्राएं भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। शुक्रवार को उच्चतर माध्यमिक डोला कोटाबाग के छात्र-छात्राओं ने मतदान जागरूकता रैली निकालकर घर-घर जाकर लोगों को मतदान करने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य नरेंद्र पटवाल के नेतृत्व में रैली निकाली गई। प्रधानाचार्य ने ग्रामीण जनता से कहा किया कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करना है ,यह लोकतंत्र का उत्सव है और इसमें सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना है। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य खष्टी देवी, प्रीति जोशी, शशि भूषण श्रीवास्तव, जसपाल शाह, हेमचंद तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### पर्यटकों के चलते नियमित ट्रेनें हुई पैक

**हल्द्वानी :** पर्यटन सीजन के चलते काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने लगी है। भीड़ होने से ट्रेनों में सीट के लिए भी यात्रियों को मशक्कत करनी पड़ रही है। काठगोदाम रेलवे स्टेशन से दिल्ली, लखनऊ के रूट पर नियमित चलने वाली बाघ एक्सप्रेस, रानीखेत एक्सप्रेस में 200 से अधिक की वेटिंग चल रही है। अप्रैल से मई माह तक इन ट्रेनों में वेंटिग रहेगी। आईआरसीटी की साइड के मुताबिक नियमित 9 :50 बजे हावड़ा स्टेशन तक जाने वाली बाघ एक्सप्रेस में 200 से 250 के बीच वेटिंग चल रही है। वहीं नियमित 8 :36 पर चलने वाली रानीखेत एक्सप्रेस में 100 के पार वेटिंग है। इधर, इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि गर्मी की छुट्टी मनाने के लिए लोग एडवांस बुकिंग करवा लेते हैं। इससे लंबी वेटिंग की समस्या बन जाती है।

# बेस नहीं दे रहा मरीजों का डाटा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में आने वाले मरीजों का डाटा जिला स्वास्थ्य विभाग में नहीं भेजा जा रहा है। जिस वजह से बेस में आने वाले मरीजों की बीमारियों का आंकलन नहीं हो पा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने मामला देखने की बात कही है।

जिला स्वास्थ्य विभाग में सभी अस्पतालों में आने वाले मरीजों का डाटा तैयार किया जाता है। जिससे पता चल सके कि किस बीमारी के कितने मरीज आ रहे हैं। इससे बीमारियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को अपनी योजनाएं बनाने में मदद मिलती है। बेस अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 700 से 900 मरीज आते हैं। साथ ही कई मरीज ओपीडी में भी भर्ती रहते हैं, लेकिन अस्पताल के मरीजों का डाटा जिला स्वास्थ्य विभाग में नहीं भेजा जा रहा है। जिस वजह से किस-किस बीमारी के कितने मरीज आये इसका डाटा तैयार नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के अनुसार बेस अस्पताल प्रबंधन स्टाफ कम होने और मरीजों की संख्या अधिक होने की वजह से डाटा भेजने में दिक्कत की बात कर रहा है। हालांकि अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने मामले को देखने की बात कही है।




### एक ही कर्मचारी बना रहा ओपीडी पर्चा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बेस अस्पताल में शुक्रवार को मरीजों की खासी भीड़ रही। ओपीडी पर्चा काउंटर पर एकमात्र कर्मचारी के तैनात होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दें कि बेस में बीते गुरुवार को ओपीडी बंद रही। शुक्रवार को जब ओपीडी खुली तो सुबह से ही मरीजों की भीड़ लग गई। सुबह आठ बजे पर्चा काउंटर के बाहर लोगों की कतार लग गई थी। पर्चा बनाने वाले काउंटर में दो कर्मचारी रहते हैं, लेकिन भीड़ होने के बावजूद एक महिला कर्मचारी ही पर्चा बना रही थी। जिस वजह से महिला और पुरुषों दोनों को ही एक ही कतार में लगना पड़ा।

# प्राचार्य के दखल के बाद हुआ मीत का ऑपरेशन

संवाददाता, हल्द्वानी

**फॉलोअप**

- बेहोशी का इंजेक्शन न मिलने से टला था ऑपरेशन
- बीती 9 अप्रैल को अस्पताल में हुआ था भर्ती

**अमृत विचार :** सुशीला तिवारी अस्पताल में शुक्रवार को 12 वर्षीय मीत के गले की गांठ का ऑपरेशन हो गया। गुरुवार को अस्पताल में एनेस्थीसिया और न्यूरोसर्जरी विभाग की तनातनी के चलते उसका ऑपरेशन नहीं हो पाया था।

लालकुआं संजयनगर निवासी राम सुधीर पेपर मिल में मजदूरी करते हैं। उनके 12 वर्षीय बेटे मीत कुमार के गले में गांठ थी। एसटीएच में दिखाने पर न्यूरो सर्जन ने 11 अप्रैल को ऑपरेशन करने की बात कही। 9 अप्रैल को बच्चे को भर्ती करा दिया गया। ऑपरेशन से पहले मीत को भूखा भी रखा गया। गुरुवार को जब उसके पिता ऑपरेशन के लिए ले जा रहे थे तभी न्यूरो सर्जन ने बताया कि एनेस्थीसिया विभाग ने बेहोशी का इंजेक्शन देने से इनकार कर दिया है। जिस वजह से ऑपरेशन टल गया।

इधर, मामला मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी तक मामला पहुंचा तो उन्होंने इसमें हस्तक्षेप किया। जिसके बाद शुक्रवार को मीत के गले का ऑपरेशन हो गया। उसकी हालत में सुधार है।

## पत्नी से विवाद के बाद पति ने लगाई फांसी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नशे को लेकर गुरुवार की रात पति और पत्नी के बीच जमकर विवाद हुआ। पति को बात इतनी अखरी कि उसने फांसी लगाकर जान दे दी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी ने बताया कि अंबेडकर नगर निवासी 24 वर्षीय मनीष मंडल मूल रूप से नेपाल का रहने वाला था। हल्द्वानी में वह पत्नी के साथ रहता था। शनिवार की सुबह उसका शव कमरे में पंखे के सहारे फंदे पर लटका मिला। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि मनीष नशे का आदी था। जिससे पति-पत्नी के बीच अकसर विवाद होता रहता था। बीते गुरुवार को जब वह घर लौटा तो पत्नी को कपड़ों से मादक पदार्थ मिला। इसके बाद दोनों में झगड़ा हुआ। जिसके बाद मनीष ने फांसी लगा ली।

## प्रहलाद मेहरा के निधन पर शोक

**गरमपानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोकगायक प्रहलाद मेहरा के निधन से लोकसंगीत जगत में सन्नाटा छा गया है। बेहतरीन गायकी से लोगों के दिलों में छाप छोड़ने वाले प्रहलाद दा के निधन पर कोसी घाटी के लोक कलाकारों, व्यापारियों व पंचायत प्रतिनिधियों ने दुख व्यक्त किया।

पहाड़ की पीड़ा को अपने गीतों के माध्यम से बयां करने वाले लोकप्रिय लोकगायक प्रहलाद दा के निधन पर क्षेत्र के लोक कलाकारों ने दुख व्यक्त किया। लोक गायक दीपक जोशी व गजेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि प्रहलाद दा के असमय जाने से पहाड़ में लोकगायकी को गहरा धक्का लगा है। लोक गायक फौजी ललित मोहन जोशी, विरेन्द्र सिंह बिष्ट, कुबेर सिंह जीना, पंकज नेगी आदि लोगों ने लोकगायक के निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

# मरीजों को पीठ पर लादकर पहुंचाना पड़ रहा अस्पताल

संवाददाता, गरमपानी

**हालात**

- गरमपानी सीएचसी में वाहनों के खड़े होने से हुई समस्या
- मरीज को लेकर अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रही एंबुलेंस

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में वाहनों की पार्किंग बड़ी समस्या बन चुकी है। परिसर के नजदीक निजी वाहनों को पार्क करने से मरीजों को अस्पताल लेकर पहुंचने वाले लोग परेशान हैं। वाहनों को जगह न मिलने से मरीज को हाईवे से ही पीठ पर लादकर अस्पताल पहुंचाना पड़ रहा है।

सीएचसी गरमपानी में वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने से उपचार को अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हाईवे से अस्पताल को जाने वाला मार्ग काफी संकरा है। मार्ग में निजी वाहनों के पार्क होने से एंबुलेंस व अन्य वाहनों को अस्पताल तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। ऐसे में तीमारदार मरीज को पीठ पर लादकर अस्पताल पहुंचाने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय व्यापारी नेता गजेंद्र सिंह नेगी ने निजी वाहनों को खैरना स्थित टैक्सी पार्किंग में पार्क करने की मांग उठाई है, ताकि व्यवस्था दुरुस्त हो सके। वहीं व्यापारी ललित दानी, ललित प्रसाद, विक्रम सिंह, दीवान सिंह, संजय सिंह बिष्ट ने भी व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस उपाय करने की मांग की है।

## गांवों में मवेशियों को मार रहा है गुलदार

**गरमपानी, अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे से सटे गांवों में गुलदार की घुसपैठ तेज होने पर गांवों के बाशिंदे खौफजदा हैं। म्यूं गांव में आए दिन गुलदार मवेशियों को मौत के घाट उतार दे रहा है जिस कारण पशुपालकों को काफि नुकसान उठाना पड़ रहा है। मवेशियों के मारे जाने से अब ग्रामीणों का पशुपालन से भी मोहभंग होता जा रहा है। गांव के बाशिंदों ने गांव में पिंजरा लगाए जाने की पुरजोर मांग उठाई है।

गांवों में खेतीबाड़ी चौपट होने के बाद अब पशुपालन पर भी संकट गहरा गया है। गांवों में गुलदार की आवाजाही तेज होने से पशुपालक परेशान हैं। गुलदार लगातार गौवंशीय पशुओं, बकरियों को निवाला बना दे रहे हैं, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।


कार्यक्रम के प्रमाण पत्रों के साथ बच्चे व शिक्षक। ● अमृत विचार

### जलियांवाला बाग कांड के शहीदों को याद किया

**रामनगर, अमृत विचार :** जलियांवाला बाग कांड की 105वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर राजकीय इंटर कॉलेज ढेला में विभिन्न कार्यक्रमों से शहीदों को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कोमल सत्यवाली की टीम ने सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है गीत से की। अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने उस दिन के बाबत जानकारी दी। इस मौके पर बच्चों ने कला शिक्षक प्रदीप शर्मा के दिशा निर्देशन में शहीद ऊधमसिंह का चित्र भी बनाया। जिसमें कक्षा 6 की दिव्यांशी, मानस नेगी, कक्षा 7 की हिमानी अधिकारी, प्रीति नेगी, कक्षा 8 की भूमिका जलाल, यश बिष्ट, कक्षा 9 के राज फुलारा, हार्दिक खड़का, कक्षा 10 की ममता बोरा, मानसी करगेती, कक्षा 12 के विक्रम, रिया नेगी ने बाजी मारी। सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता जलियांवाला बाग में बसंत कविता का वाचन भी किया गया। जलियांवाला बाग कांड पर एक फिल्म भी देखी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य राम यादव, नवेंदु मठपाल, प्रदीप शर्मा, मनोज जोशी, बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला आदि मौजूद रहे।

**सुरक्षा व्यवस्था** डीआईजी और एसएसपी ने पुलिस, अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

# पानी साथ रखें, कोताही बरती तो कार्रवाई को तैयार रहें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- आज योगी आदित्यनाथ और प्रियंका गांधी की जनसभा में तैनात होंगे 700 से अधिक पुलिस कर्मी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की जनसभा में सुरक्षा व्यवस्था के लिए चार कंपनी पीएसी और 700 से ज्यादा पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। शुक्रवार की देर रात हल्द्वानी कोतवाली सभागार में डीआईजी डॉ. योगेंद्र रावत और एसएसपी पीएन मीणा ने सुरक्षा कर्मियों के साथ बैठक की।

शुक्रवार की शाम को हल्द्वानी में केंद्र से मांगे गए अर्धसैनिक बलों की टुकड़ियां जिनमें पीएसी, आईटीबीपी, एसएसबी की प्लाटून शामिल हैं और पंजाब पुलिस के जवानों की आमद हुई। यह फोर्स 13 अप्रैल को हल्द्वानी और रामनगर में होने वाले वीआईपी मूवमेंट और लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुलाई गई है। शुक्रवार की रात डीआईजी और एसएसपी ने पुलिस, अर्धसैनिक बलों और पंजाब पुलिस के अधिकारियों संग बैठक की और कहा, सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक या बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने ड्यूटी में तैनात जवानों और अधिकारियों को मौसम में गर्मी को देखते हुए पानी की बोतल साथ ले जाने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी ने फोर्स को कार्यक्रम स्थलों के आसपास कड़ा सुरक्षा पहरा रखने और जनसभा तक पहुंचने वाले रास्तों पर चेकिंग अभियान चलाने की बात कही। एलआईयू और इंटेलिजेंस को पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, सीओ स्पेशल ऑपरेशन सुमित पांडे, सीओ लालकुआं संगीता, सीओ ट्रिफिक संजय गबर्याल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



हल्द्वानी कोतवाली सभागार में सुरक्षा कर्मियों की बैठक लेते डीआईजी डॉ . योगेंद्र रावत। ● अमृत विचार

## अग्निकांड प्रभावितों को मुआवजे की मांग

**रामनगर, अमृत विचार:** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने गिरिजा मंदिर परिसर के अग्निपीड़ित दुकानदारों को अभी तक सहायता राशि न दिए जाने पर आक्रोश जताया। शासन प्रशासन से शीघ्र सहायता राशि दिए जाने की मांग को लेकर मुख्य सचिव, डीएम, एसडीएम को ज्ञापन भेजा है। पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने बताया कि बीते आठ अप्रैल को गिरिजा मंदिर परिसर में लगी भीषण आग के कारण 35 से ज्यादा दुकान पूरी तरह खाक हो जाने के बाद से प्रभावित दुकानदारों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। इन सभी पीड़ितों की सहायता की जानी चाहिए। ज्ञापन में मनमोहन अग्रवाल, चिंताराम, मोहम्मद आसिफ, सुनील पर्नवाल, एस टम्टा आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

# रसोई गैस सिलेंडर के तस्कर लगा रहे हैं राजस्व की चपत

संवाददाता, गरमपानी


**अमृत विचार :** कोसी घाटी क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का मामला तूल पकड़ गया है। कालाबाजारी में लिप्त तस्कर घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी कर उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचा रहे हैं। व्यावसायिक सिलेंडरों की खपत घटाकर सरकार को भी राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। डा. आम्बेडकर ग्रामीण उत्थान समिति अध्यक्ष ने उपभोक्ताओं व सरकार को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

रसोई गैस तस्करी पर शिकंजा कसने में जिम्मेदार अफसर नाकाम साबित हो रहे हैं। तस्करी में लिप्त तस्कर खुलेआम रसोई गैस सिलेंडरो की तस्करी को अंजाम दे पुलिस, प्रशासन, पूर्ति विभाग व गैस विभाग के अधिकारियों को चुनौती दे रहे हैं। गरमपानी खैरना क्षेत्र तो तस्करी के लिए विशेष पहचान रखने लगा है। वहीं अब तस्करों ने तस्करी का नायाब तरीका भी खोज निकाला है। बेतालघाट ब्लॉक के तमाम बाजारों में स्थित प्रतिष्ठानों में व्यवसायिक सिलेंडरों की आड़ में घरेलू सिलेंडर ठिकाने लगाए जा रहे हैं। समिति अध्यक्ष ने मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। चेतावनी दी है की यदि जल्द तस्करों का नेटवर्क जल्द ध्वस्त नहीं किया गया तो फिर क्षेत्रवासियों को साथ लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

# ट्रकों में पीछे बैठकर, पीठ पर बिस्तर बांधकर ले जाते थे

## सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों ने साझा किए पुराने अनुभव, चुनौतियां और विषमताएं बताईं

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-2024 का पहला चरण 19 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। चुनाव में वोट देने-मतगणना से लेकर नगदी-शराब की धरपकड़ में भी तकनीकी इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी का इस्तेमाल किया जा रहा है। दो-तीन दशक पूर्व यह स्थिति इतनी बेहतर नहीं थी। तब चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को जान जोखिम में डालकर विषम हालातों में चुनाव संपन्न कराना किसी दुर्गम पहाड़ की चढ़ाई चढ़ने से कम नहीं था। अपने साथ-साथ बैलेट पेपर की सुरक्षा भी करनी पड़ती थी, तब जाकर प्रदेश व देश की सरकार चुनी जाती थी।

गांव वाले जो देते खा लेते, सोने के लिए रजाई गद्दा साथ ले जाते

हल्द्वानी से सेवानिवृत्त हुए सहायक सूचना अधिकारी शंकर दत्त रूवाली पुरानी यादें साझा करते हुए बताते हैं कि 21 वीं सदी में चुनाव में बदलाव हुआ। पूर्व के दशकों में बैलेट पेपर का जमाना होता था। तब बसें, जिप्सियां, छोटी गाड़ियां इतनी संख्या में नहीं होती थीं।

ट्रकों में पीछे बैठकर मतदान केंद्र पहुंचते थे। तब सड़कें नहीं थीं पैदल जाना पड़ता था। केंद्रों पर खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं होती थी। गांव वाले ही जो भी पका कर देते थे, खा लिया वरना पानी पीकर सो गए। रात गुजारने के लिए रजाई-गद्दे पीठ पर बांध कर ले जाने जाने पड़ते थे। खुद से ज्यादा बैलेट पेपर की चिंता रहती थी। यदि कोई बैलेट पेपर छीनकर ले गया तो पैदल मुख्यालय पहुंच कर सूचना देते थे। फिर मुख्यालय से दूसरे बैलेट आते थे तब तक मतदान प्रक्रिया बाधित रहती थी।

### दो-तीन दिन लगते थे मतगणना में, तब तक बाहर नहीं आ सकते

वह बताते हैं कि मतगणना के बाद सबसे मुश्किल मतगणना होती थी। सभी बॉक्सों से 10-10 बैलेट के बंडल बनाने पड़ते फिर उन्हें बड़े बॉक्स में रखा जाता। इसके बाद गिनती शुरू होती थी। जब तक गणना पूरी नहीं हो जाती, बाहर नहीं आ सकते थे। यदि किसी प्रत्याशी ने रिकाउंटिंग की मांग कर दी तो इतना ही समय फिर से बर्बाद होता। बहुत परेशानी होती थी।



### हर घंटे कितना हुआ मतदान... जानने को एक किमी चढ़ाई चढ़नी पड़ती थी

भीमताल से भूमि संरक्षण अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए बालकृष्ण मिश्रा ने बताया कि चुनाव में बतौर सेक्टर मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगती थी। तब तकनीकी इतनी विकसित नहीं थी, मोबाइल नहीं थे। हर घंटे मतदान का अपडेट लेने के लिए सभी बूथों का चक्कर लगाना पड़ता था। यदि सेक्टर में 10-12 बूथ हैं तो सभी बूथों पर चक्कर लगाओ और मतदान की रिपोर्ट लो और अपडेट करो। कभी-कभी तो बूथ पहाड़ पर होता था तो एक-एक किमी खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती थी, सांसें फूल जाती थी। जब तक सारे बूथ का चक्कर लगा लो तब तक दूसरा घंटा शुरू हो जाता था। अब तो तकनीकी विकसित हो गई है। मोबाइल हैं, सेक्टर मजिस्ट्रेट एक ही जगह बैठकर फोन से सभी बूथों पर मतदान का अपडेट ले सकता है।

### खुद मतदान नहीं कर पाने का मलाल रहता था

सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी एसके नैय्यर बताते हैं कि तब मतदान कराने के लिए मानसिक और शारीरिक तौर पर जबरदस्त फिट होना पड़ता था। पहले, आज की तरह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं थे। खुद की बैलेट की सुरक्षा करनी पड़ती थी। इस सबके बाद भी हम वोट नहीं दे पाते थे, इसका खूब मलाल होता था कि लेकिन आज यह सुविधा है कि पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान कर सकते हैं।

## नगर निगम 5 मतदान केंद्र करेगा 'चकाचक'

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में बने मीडिया सेंटर में हुई प्रेस वार्ता में नगर आयुक्त/नोडल अधिकारी मीडिया विशाल मिश्रा ने बताया कि नगर निगम ने सर्वाधिक मतदाता वाले पांच मतदान केंद्रों को चकाचक बनाने का फैसला किया है। इन मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए पीने के लिए शुद्ध एवं ठंडा पानी, शौचालय, व्हील चेयर, हेल्प डेस्क, फेसिलिटेशन सेंटर, गर्मी को देखते ही शेड्स, हर केंद्र में एनएसएस या एनसीसी के दो-दो वॉलंटियर्स, मेडिकल टीम आदि की सुविधाएं दी जाएंगी। ताकि गर्मी में मतदान के समय कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी के चार मतदान केंद्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बनभूलपुरा, केशवदत्त देवीदत्त बल्यूटिया राजकीय प्राथमिक विद्यालय दमुवाढूंगा, नगर निगम इंटर कॉलेज काठगोदाम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय राजपुरा और पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कालाढूंगी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों पर 38 बूथ और कुल 32,081 मतदाता हैं। इनमें 16847 पुरुष व 15234 महिला मतदाता शामिल हैं।

## ...तब पति और बेटे के नाम से जानी जाती थीं महिलाएं

ललित पांडे, हल्द्वानी

**संस्मरण**

- बनभूलपुरा निवासी 101 वर्षीय मजीदान ने पुरानी यादों को किया ताजा, कहा-मतदाता सूची में महिलाओं के नाम नहीं होते थे

**अमृत विचार :** पुराना जमाना बहुत अच्छा था। लोग एक-दूसरे के साथ आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ रहते थे। बनभूलपुरा में बंजारन मस्जिद के करीब रहने वाली 101 वर्षीय मजीदान बताती हैं कि उस दौर में चुनाव को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता था। संचार के माध्यम कम थे, इसलिए मोहल्ले के लोग घर-घर जाकर अपनी-अपनी पार्टियों का प्रचार किया करते थे। राजनीति में कांग्रेस का प्रभाव बहुत अधिक था।

मतदान के लिए महिलाएं समूहों में मतदान केंद्र जाती थीं और लगभग सभी लोग मतदान करते थे। महिलाओं की आजादी बेहद सीमित थी और उनके घर से बाहर निकलने तक में पाबंदी थी। अधिकतर महिलाएं पढ़ी-लिखी नहीं थी, क्योंकि उन्हें स्कूल भी नहीं भेजा जाता था। उस दौर में समाज में महिलाओं की स्थिति इतनी दयनीय थी कि मतदाता सूची आदि में महिलाओं के नाम की जगह उनके शौहर का नाम लिखा जाता था और जिनके शौहर का इंतकाल हो चुका होता, उसकी पहचान उनके बेटों के नाम से होती थी। वह बताती हैं कि तब महिलाओं का नाम कुछ इस तरह लिखा जाता था- मो. अकरम की बेगम या असलम की अम्मी। उन्होंने कहा कि लोगों की सोच में अब भी बदलाव नहीं आया है। आज भी महिलाएं पर्दा किए बिना घर से बाहर जाएं तो लोग टिप्पणी करते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मामलों की ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हल्द्वानी में किसी तरह का विवाद होने की खबर आई थी लेकिन उस दिन घर से बाहर नहीं निकली और दिन भर बच्चों के साथ घर में कैद रहीं। शाम को जब शौहर घर आए तो उन्होंने घटना के बारे में पूरी जानकारी दी थी।

## सार-संक्षेप

### प्रियंका आज पीरूमदारा में, सभा स्थल छावनी में तब्दील



**रामनगर :** कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी शनिवार को रामनगर के पीरूमदारा के किसान इंटर कॉलेज में जनसभा को सम्बोधित करेंगी। पूर्व विधायक रणजीत रावत ने बताया कि प्रियंका गांधी ठीक 11 बजे सभा स्थल पर पहुंच जाएंगी। एक बजे पीरूमदारा से रुड़की के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हो जाएंगी। उधर पीरूमदारा में सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात हो चुका है। गढ़वाल लोकसभा सीट के प्रत्याशी गणेश गोदियाल के समर्थन में होने वाली इस जनसभा के लिए कांग्रेस ने पूरी ताकत झोक दी है। जनसभा में सुरक्षा के मद्देनजर पूरा किसान इंटर कॉलेज का प्रांगण छावनी के रूप में तब्दील हो गया है। वहीं पुलिसकर्मी आला अधिकारियों के साथ सुरक्षा की रणनीति में जुटे हुए हैं।

### जनसभा के लिए पहुंचने लगे कांग्रेस के दिग्गज



**रामनगर :** पीरूमदारा में कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी की जनसभा के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे उत्साह से लबरेज हैं। असल में इस रैली से कांग्रेस अपनी जमीनी ताकत का अहसास कराएगी। पीरूमदारा के किसान इंटर कॉलेज में होने वाली जनसभा को लेकर पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने शुक्रवार को कांग्रेस के चुनाव कार्यालय में बूथ अध्यक्षों की बैठक लेकर उनमें जोश भरा। बैठक में रावत ने कहा कि कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी एक प्रखर वक्ता हैं। उनको सुनने के लिए जनता आतुर है।

### इलेक्टोरल बांड का महाघोटाला जनता तक पहुंचाएं कार्यकर्ता



**रामनगर :** प्रदेश कांग्रेस की मीडिया सह प्रभारी दीपिका पांडे ने कहा कि बड़े-बड़े मीडिया कारपोरेट अब सत्तामुखी और सत्तासुखी हो गए हैं, इसलिए इलेक्टोरल बांड के महाघोटाले की जानकारी मतदाताओं को देने की जिम्मेदारी अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं की है। मतदान से पहले अपनी पूरी क्षमता से ये जानकारी जनता तक हमें पहुंचा देनी चाहिए।

### रामनगर जीत का अंतर और बढ़ाएगा : ज्योति



**रामनगर :** महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने शुक्रवार दोपहर कांग्रेस के चुनाव कार्यालय में बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। उन्होंने प्रियंका गांधी की रैली को सफल बनाने पर जोर दिया। कहा कि अब रामनगर के मतदाताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तय करना है कि वह कितने मतों से गणेश गोदियाल को लोकसभा का चुनाव जितवाएंगे।



रानीबाग में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### रानीबाग में ग्रामीणों ने ली भाजपा की सदस्यता

**भीमताल :** पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय साह के नेतृत्व में रानीबाग के ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने दिलाई। सदस्यता लेने वालों में ग्राम प्रधान कलावती थापा व पूर्व बीडीसी मेम्बर महेश भंडारी, धीरेन्द्र बिष्ट, अंजना साह, पंकज शाही, प्रेमा भंडारी, मुन्नी जोशी, पार्वती बिष्ट, कमल रावत, गौरव रौतेला, पीयूष भंडारी, अभिषेक शर्मा, राहुल थापा, दीपा पांडे, हरीश पलड़िया, सरिता बिष्ट, विपिन बधानी, योगेश चन्द्र, पवन कुमार थापा, जीवन बिष्ट समेत कई अन्य ग्रामीण शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों में डॉ. जोगेंद्र रौतेला, हरीश बिष्ट, गजराज बिष्ट, महेश शर्मा, जया बिष्ट मौजूद रहीं।




मतदान के लिए लोगों की जागरूक करतीं डीएम वंदना। ● अमृत विचार

### सभी को करना है मतदान

**नैनीताल :** स्वीप के बैनर तले लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर पालिका की ओर से मतदाता जागरूकता बोट रैली की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना ने हरी झंडी दिखाकर बोट रैली का शुभारंभ किया। इस दौरान नाविकों ने झील में विभिन्न आकृतियां बनाकर लोगों को मतदान करने की अपील और जागरूक किया। प्रतियोगिता में करीब 40 नाविकों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सचिन कुमार ने पहला, राजू ने दूसरा जबकि नीरज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि नैनीताल में बोट रैली से नाविकों ने लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

## सांसद निधि न लैप्स हुई और न धनराशि वापस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद अजय भट्ट के 40 प्रतिशत सांसद निधि खर्च करने के बयान पर पलटवार किया है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2019-20 से 2022-23 में 167 प्रस्तावित कार्यों के लिए 7 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई। वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित 216 कार्यों के लिए 560.14 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई। संसदीय क्षेत्र के कुल 383 प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1260.14 लाख रुपए की धनराशि सांसद निधि से आवंटित की गई। वर्तमान में भी कई विकास कार्यों के प्रस्ताव सांसद निधि पूर्ण रूप से खर्च होने के बावजूद लंबित हैं।



सांसद निधि की धनराशि का कोई भी अंश व्यतीत (लैप्स) नहीं हुआ न ही वापस हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी की ओर से समाचार पत्रों में विज्ञापन के जरिए भ्रामक प्रचार की शिकायत भी आरओ से की गई है। उन्होंने जोशी पर हमला करते हुए कहा कि तीसरा चुनाव हारने की तैयारी करने वाले कांग्रेस प्रत्याशी का यह राजनीतिक क्षेत्र नहीं रहा है। पिछले चुनाव में पूर्व सीएम हरीश रावत की हार से कांग्रेस की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## बिस्तर की व्यवस्था बनाने हुआ बहिष्कार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लेखपाल संघ के प्रांतीय अध्यक्ष हुकमचंद्र पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर कहा कि मतदेय स्थलों पर मतदान पार्टियों के रहने के लिए 8 बिस्तर के सेट की व्यवस्था कराने को कहा है। इसके लिए प्रत्येक मतदेय स्थल के लिए 500 रुपये की दर से किराए देने के लिए राजस्व उप निरीक्षकों को आदेशित किया है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में एक राजस्व उप निरीक्षक के पास 40-50 मतदेय स्थल हैं। बिस्तर सेट का किराया 120 रुपये प्रति सेट है। आठ सेट का किराया 960 रुपये व 500 रुपये भाड़ा है। ऐसे में 1460 रुपये बिस्तर पहुंचाने में लगेंगे जबकि 500 रुपये तय किया गया है। 40-50 मतदेय केंद्रों पर एक दिन में बिस्तर पहुंचाना संभव नहीं है। लेखपाल संघ इसका का बहिष्कार करता है। यह काम किसी अन्य संस्था से कराया जाए।

## कांग्रेस उम्मीदवार जोशी पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा से सासंद उम्मीदवार अजय भट्ट ने कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। उन्होंने नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट के रिटर्निंग अधिकारी से जोशी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा सांसद उम्मीदवार भट्ट ने नैनीताल संसदीय सीट के रिटर्निंग ऑफिसर को शिकायती पत्र लिखकर कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञप्तियां प्रकाशित करवाई हैं कि वर्तमान सांसद (अजय भट्ट) ने सांसद निधि का 40 प्रतिशत ही व्यय किया है बाकी की (60 प्रतिशत) रकम वापस हो गई है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह आधारहीन, असत्य एवं तथ्यों के विपरीत है। वास्तविकता यह है कि पूर्ण धनराशि के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं, कई प्रस्ताव कतिपय कारणों से संबंधित कार्यालयों में विचाराधीन हैं। सांसद निधि की रकम वापस या लैप्स नहीं हुई है। आरोप लगाया कि इस तरह कांग्रेस उम्मीदवार ने असत्य कथन प्रकाशित कराया जो आचार संहिता का उल्लंघन है। इसको संज्ञान में लेकर कार्रवाई की जाए। बीती 10 अप्रैल को कांग्रेस उम्मीदवार प्रकाश जोशी ने हल्द्वानी में प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया था कि सांसद अजय भट्ट ने सांसद निधि के 17 करोड़ में से 7 करोड़ ही खर्चे। बाकी 10 करोड़ वापस हो गए। जनता इस रकम के विकास से वंचित रह गई।

### लालकुआं में बिना अनुमति चल रहा था वाहन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रशासन ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी को आचार संहिता के उल्लंघन का नोटिस जारी किया है। लालकुआं एआरओ परितोष वर्मा ने बताया कि लेखा टीम ने शिकायत कर बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी का एक प्रचार वाहन जिसकी अनुमति निरस्त करा दी गई है, अभी भी लालकुआं में चल रहा है। इस पर जोशी के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का नोटिस जारी किया गया और उनसे 48 घंटे में जवाब मांगा गया है। यदि जवाब नहीं देते हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जनता बदलाव के मूड में : जोशी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में प्रचार किया। शुक्रवार को कांग्रेस नगर अधयक्ष अनुपम कबड़वाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर के सूखाताल बस्ती, ऐशडेल, सेंट जॉन स्कूल, एटीआई, नैनीताल क्लब, रायल होटल कंपाउंड क्षेत्रों में जाकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन मांगा।

जनसंपर्क के दौरान नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल ने अंकिता भंडारी को न्याय के दिलाने, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी आदि के खिलाफ कांग्रेस के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान की अपील की। इस दौरान नगर महिला कांग्रेस की अध्यक्षा डॉ. भावना भट्ट, मुन्नी तिवारी, सरस्वती खेतवाल, सावित्री सनवाल रहीं।



भीमताल में रोड शो करते कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी। ● अमृत विचार

### कांग्रेस ने निकाली बाइक रैली

**भीमताल :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए वोट मांगे। इस दौरान प्रकाश जोशी ने कहा कि नैनीताल लोकसभा क्षेत्र की जनता बदलाव के मूड में है और भाजपा को हराने का मन बना चुकी है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों में कांग्रेस जीत हासिल करने जा रही है। रैली में जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, नगर अध्यक्ष डीके डालाकोटी, चेयरमैन देवेंद्र सिंह चनौतिया, सूरज मेहरा, विपिन सनवाल, सीमा टम्टा नीरज कुमार, राकेश बृजवासी मौजूद रहे।

## उपचुनाव ने हिला दी थी सीएम की कुर्सी

संवाददाता, हल्द्वानी

**राजनीति**

- उत्तराखंड में बैकफुट पर चल रही भाजपा की हुई थी वापसी
- चुनाव नतीजे के बाद सकते में आ गई थी कांग्रेस

**अमृत विचार:** विजय बहुगुणा राज्य के सीएम बनने से पहले सांसद थे और बाद में विधायक बनने के बाद सांसद की सीट छोड़ दी। अपनी सीट पर अपने बेटे को चुनाव लड़वा दिया लेकिन उनके मुख्यमंत्री रहते उनका बेटा चुनाव नहीं जीत सका। टिहरी लोकसभा सीट के नतीजे के बाद से ही बहुगुणा की सीएम पद की कुर्सी तक हिलने लगी थी, जो बाद में हरीश रावत को मिल गई।

विजय बहुगुणा साल 2009 में टिहरी से सांसद बने थे। राज्य की पांचों सीट पर साल 2009 में कांग्रेस का कब्जा हुआ। साल 2012 में कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से बाहर कर अपनी सरकार भी बना ली। कांग्रेस ने हरीश रावत को दरकिनार कर विजय बहुगुणा को सीएम बना दिया। इसके बाद सितारगंज विधानसभा का उपचुनाव हुआ और विजय बहुगुणा यहां से विधायक बन गए। उन्होंने टिहरी सीट छोड़ दी और अपने बेटे साकेत बहुगुणा को कांग्रेस से टिकट दिलवा दिया। केंद्र और राज्य में कांग्रेस की ही सरकार थी। ऐसा लग रहा था कि साल 2012 में कांग्रेस टिहरी का उपचुनाव जीत जाएगी। साकेत के खिलाफ माला राज्य लक्ष्मी शाह भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरीं। कांग्रेस ने सपा और बसपा को उम्मीदवार खड़ा नहीं करने के लिए मना लिया। नतीजे वाले दिन यह आलम था कि कांग्रेसी सुबह से ही ढोल नगाड़े के साथ मतगणना स्थल पर पहुंच गए थे। नतीजे आना शुरू हुए तो कांग्रेस और भाजपा में कई राउंड तक टक्कर रही लेकिन अंत में माला राज्य लक्ष्मी शाह 22,694 वोटों से जीत गईं। कांग्रेस पार्टी सकते में आ गई। विजय बहुगुणा के सीएम रहते ऐसा हो गया। उन्हें दिल्ली बुलाया गया। उनका विरोधी गुट जिसका नेतृत्व हरीश रावत कर रहे थे वह भी विजय बहुगुणा पर हावी होने की कोशिश करने लगा।

उस समय तो विजय बहुगुणा ने किसी तरह अपनी कुर्सी बचा ली लेकिन बाद में केदारनाथ आपदा के बाद उनका जाना तय हो गया और टिहरी चुनाव के नतीजो के एक साल बाद विजय बहुगुणा की सीएम की कुर्सी चली गई। बाद में विजय बहुगुणा कांग्रेस से बगावत करके भाजपा में भी चले गए।

**यादें** — वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रमणि मेलकानी ने बताया पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी से जुड़ा वाकया

## ...आज तुमने मेरी गाड़ी में धक्का लगाया है इसका एहसान मैं उतारूंगा


हरीश बिसौती, लालकुआं

**अमृत विचार :** चुनाव में गाहे-बगाहे दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री और विकास पुरुष पंडित नारायण दत्त तिवारी का नाम लोगों की जुबान पर आ ही जाता है। ऐसा ही एक वाकया बिंदुखत्ता राजीवनगर निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी चंद्रमणि मेलकानी बताते हैं। वर्ष 2002 में राज्य के लिए पहली बार हो रहे विधानसभा चुनाव में दिग्गज कांग्रेस नेता पं. तिवारी पार्टी प्रत्याशी हरिश्चंद्र दुर्गापाल के समर्थन में बिंदुखत्ता स्थित चित्रकूट तिवारी नगर में जनसभा संबोधित करने जा रहे थे। कि उनके घर के पास ही सड़क के गड्ढे में तिवारी की एंबेस्डर कार कीचड़ में फंस गई थी। जिस पर उनके साथ चल रहे स्थानीय पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों ने तिवारी की कार को धक्का लगाते हुए बमुश्किल कीचड़ से बाहर निकाला। इसके बाद तिवारी नीचे उतरे और उन्होंने लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज तुमने मेरी गाड़ी में धक्का लगाया है इसका एहसान मैं इन सड़कों में सरपट गाड़ियों को दौड़ते हुए उतारूंगा। तब बिंदुखत्ता में पक्की सड़कें नहीं थीं। इसके बाद एनडी तिवारी गांव की सड़कों में फंसते फंसाते चित्रकूट के तिवारी नगर पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने रास्ते में कीचड़ में गाड़ी फंसने की कहानी से भी लोगों को रूबरू कराया।



### सीएम बनते ही बिंदुखत्ता में बिछाया सड़कों का जाल

चुनाव के बाद राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी और सरकार के मुखिया के रूप में पंडित तिवारी उत्तराखंड राज्य के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री बने। चंद्रमणि मेलकानी के अनुसार हुआ भी ठीक ऐसा ही कि एनडी तिवारी ने मुख्यमंत्री की शपथ लेने के एक सप्ताह बाद ही बिंदुखत्ता में करीब 60 किलोमीटर सड़कों का ऐसा जाल बिछाया कि लोग हतप्रभ रह गए। अपने वादे के तहत एनडी तिवारी ने बिंदुखत्ता में बिजली, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ इंटर कॉलेजों की स्थापना, पशु चिकित्सालय, आंगनबाड़ी आदि विकास कार्य कराए। यूं तो एनडी तिवारी के तमाम वृतांत हैं लेकिन बिंदुखत्ता से उनका ऐसा जुड़ाव हुआ कि जब भी भाबर से कोई भी जनप्रतिनिधि उनसे मुलाकात करने जाता था तो वह उससे क्षेत्र के आसपास के अलावा बिंदुखत्ता वासियों की कुशल क्षेम पूछना नहीं भूलते थे।



### दूरदर्शी सोच थी तिवारी की

ऐसे ही एक वाक्ये की याद दिलाते हुए बच्ची पांडे बताते हैं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ वर्ष 2000 में एनडी तिवारी के आवास तिलक लेन नई दिल्ली गए थे। जब स्थानीय समस्याओं के बाबत उन्हें अवगत करना चाहा कि उससे पहले ही तिवारी ने स्थानीय समस्याओं के संबंध में उनसे ही कई सवाल पूछ डाले। जिस पर वह निरुत्तर हो गए और उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या जटिल हो गई है जिस पर उन्होंने राज्य के वित्त सचिव आईडी पांडे को दूरभाष पर बिंदुखत्ता के इंदिरानगर क्षेत्र में जनहित में इंडियामार्का हैंडपंप लगाने का आग्रह किया।

# कोई आंख दिखाएगा तो हम बड़ी आंखों से देखेंगे : राजनाथ

## काशीपुर में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री, कहा-हम दोस्ती से अधिक पड़ोसी पर भरोसा करते हैं

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में जनता का अभिवादन करते केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और साथ में सीएम पुष्कर सिंह धामी व भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट।

**अमृत विचार :** काशीपुर में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट की विजय संकल्प रैली में शामिल होने आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पड़ोसी देशों से बेहतर संबंध निभाने के साथ ही उनको दो टूक चेतावनी दी है। भारत दोस्ती से अधिक पड़ोसी पर भरोसा करता है, दोस्त बदल जाते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदलते, जो लोग आंख दिखाएंगे, हम उन्हें बड़ी आंखों से देखेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का कद बढ़ रहा है।

शुक्रवार को रामलीला मैदान में भाजपा के विजय संकल्प रैली के मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का सीएम पुष्कर सिंह धामी, प्रत्याशी अजय भट्ट, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा आदि ने स्वागत किया। राजनाथ सिंह ने काशीपुर से उत्तराखंड के कुमाऊं व गढ़वाल के लोगों को संबोधित किया। बोले, यहां पर कण-कण में देवों का वास है। देश की सुरक्षा में देवभूमि के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी सैनिकों के प्रति बेहद सम्मान रखते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने वन रैंक वन पेंशन लागू किया। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हो रहा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। दुनिया आज भारत की ओर देख रही है। आज भारत शक्तिशाली देशों में शामिल है। बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर देश आगे बढ़ रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी कहते थे कि दोस्त से पहले पड़ोसी काम आता है। दोस्त बदल जाता है, लेकिन पड़ोसी नहीं बदलता है।

पड़ोसी देशों से बेहतर संबंध बनाने की कोशिश की जाती है। उसके चरित्र को देखा जाता है। यदि कोई देश को आंख दिखाएगा तो आज भारत बड़ी आंखों से उसे देखेगा। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड बनाने में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह की भूमिका अहम रही है। सभी दल राजनाथ सिंह का आदर करते हैं। कहा कि उत्तराखंड से राजनाथ सिंह का गहरा लगाव है। सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की साख बढ़ी है।

### डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी कांग्रेस

काशीपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर हमला किया। बोले कांग्रेस सैनिकों को आश्वासन पर ही छोड़ देती थी। दिल्ली के बैंकों से निकलने वाला पैसा भ्रष्टाचार खा रहा था। आज बैंकों से निकलने वाला 100 प्रतिशत पैसा विकास के कार्यों में लग रहा है। बताया कि कांग्रेस डायनासोर की तरह ही विलुप्त हो जाएगी। पूछने पर भी बच्चे कांग्रेस के बारे में नहीं बता पाएंगे।

# राजनीतिक पिच पर चौके-छक्के और विपक्षियों के विकट गिराने में खासे माहिर हैं धाकड़ धामी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मौका और वक्त भी था। केंद्रीय राजनाथ सिंह विकास संकल्प रैली के मंच पर चढ़ते ही सीएम पुष्कर सिंह धामी से गुफ्तगू करने लगे। उन्होंने अपने संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर राज्य के सीएम पुष्कर सिंह धामी की तारीफ की। कहा कि पुष्कर सिंह धामी को वह बचपन से जानते हैं। राजनीतिक के पिच पर ऑलराउंडर की तरह खेल रहे हैं। शांत रहकर राजनीतिक चौके छक्के लगा रहे हैं और विपक्षियों के विकट गिरा रहे हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**शांत रहकर आलराउंडर की तरह खेल रहे हैं सीएम**

रामलीला मैदान पर 04:04 बजे से जनता को संबोधित किया। उनका भाषण 04:30 तक चला। बताया कि पुष्कर सिंह धामी ने कई कड़े निर्णय लिए है। इससे प्रदेश ही नहीं देश भी उनको देख रहा है। धामी को वह बचपन से ही जानते हैं। मौजूदा समय में सीएम पुष्कर सिंह धामी शांत रहकर राजनीति पिच पर ऑलराउंड की भूमिका में है। बताया कि बैटिंग में वह चौके छक्के लगा रहे हैं, तो बॉलिंग में विपक्षियों के विकट गिरा रहे हैं।

### भारत में रामराज के संकेत दिखने लगे हैं

काशीपुर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अब भगवान श्रीराम कुटिया से राजमहल में आ गए हैं। इससे देश में रामराज का संकेत आ रहा है। कहा कि सात वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था पांचवें स्थान पर आ गई है।

### नागरिकता देने का काम कर रही सरकार

काशीपुर। राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस नागरिकता कानून पर लोगों को भ्रमित कर रही है। नागरिकता कानून के जरिए सरकार बाहरी देशों से आने वाले लोगों को नागरिकता देगी। नागरिकता छिनने का काम नहीं हो रहा है। बताया कि कश्मीर युवा आज बेहद खुश हैं।

### शौर्य और पराक्रम की भूमि है उत्तराखंड

काशीपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि उत्तराखंड शौर्य और पराक्रम की भूमि है। देश को सबसे अधिक सैनिक देने वाली यह धरती है। भाजपा ने सैनिकों से जो कहा वह करके दिखाया। कांग्रेस का घोषणा पत्र सिर्फ दिखावा है।



काशीपुर में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सुनने पहुंचे लोग।

### भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने जनता से मांगे वोट



खटीमा में हुई नुक्कड़ सभा में जनता से वोट मांगते अजय भट्ट।

**खटीमा :** भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट ने नानक सागर, झनकट, सैजना, कंजाबाग, मुंडेली, राजीव नगर, शिव कॉलोनी, कुर्मांचल कॉलोनी आदि स्थानों पर चुनावी सभा की। उन्होंने केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं और किए गए कार्यों से अवगत कराया। इस दौरान हिमांशु बिष्ट, विस्तारक हरीश भट्ट, प्रेम सिंह राणा, रमेश जोशी, वरुण अग्रवाल मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट, मंडल महामंत्री महेश राणा, मनोज राणा, शिव शंकर भाटिया, किशोर जोशी, भुवन जोशी, राजेंद्र बिष्ट, गोकुल ओली, अनीता ज्याला, हेमा जोशी आदि मौजूद थे।

### भाजपा के अल्पसंख्यक संवाद में शामिल हुए लोग



खटीमा के कंचनपुरी में भाजपा अल्पसंख्यक संवाद में पहुंचे लोग।

**खटीमा :** कंचनपुरी में भारतीय जनता पार्टी का अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में दान सिंह रावत ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए जनता के बीच रखा मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास को गिनाया। कंचनपुरी के प्रधान पति खलील अहमद, गुजर समाज के नेता मीर हमजा, बलराज सिंह, कुलदीप सिंह, जसविंदर सिंह, रफीक अहमद, सेठ अब्दुल सईद उर्फ बबलू, रहमत हुसैन, नियामत हुसैन, ताहिर शाहिद हुसैन आदि ने कांग्रेस को छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिनका दान सिंह रावत ने माला पहना कर स्वागत किया। संचालन अब्दुल सईद ने किया। इस अवसर पर मो अनीस, भाजपा कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, रविंद्र सिंह राणा, देवेंद्र चंद आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### चार साल बाद फिर भाजपा में लौटे अजय अग्रवाल



भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते अजय अग्रवाल।

**जसपुर :** पूर्व में भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे अजय अग्रवाल ने लगभग 4 साल बाद शुक्रवार को फिर से पार्टी में वापसी की है। कुंडेश्वरी स्थित पार्टी कार्यालय में कोर कमेटी की मीटिंग के दौरान पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा की मौजूदगी में अजय अग्रवाल ने भाजपा की पुन: सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ प्रमुख व्यवसायी अंकुर बिश्नोई, नरेश सागर, श्वेतांग अग्रवाल ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान एससी आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, विवेक सक्सेना, पूर्व मंडी अध्यक्ष काशीपुर वेदप्रकाश तिवारी, अंबिका चौधरी आदि भी मौजूद रहे।

### किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने किया जनसंपर्क



किच्छा में सभा को संबोधित करते विधायक तिलक राज बेहड़।

**किच्छा :** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसियों ने नगर के वार्ड 6 में विशाल जनसभा आयोजित की। विधायक बेहड़ ने नगर के शुगर फैक्ट्री कॉलोनी, वार्ड नंबर 9, वार्ड नंबर 7, वार्ड नंबर 5, आवास विकास, गैस एजेंसी मोहल्ला आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस मौके पर महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिमरनजीत कौर, कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनीता कश्यप, देवभूमि व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष जगरूप सिंह गोल्डी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दर्शन कोहली, गुड्डू तिवारी, गुलशन सिंधी, बंटी पपनेजा, राजेश प्रताप सिंह, छोटेलाल कोहली, राकेश खुराना, ओमप्रकाश दुआ आदि मौजूद रहे। नगर के पुरानी गल्ला मंडी में आयोजित जनसभा में महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिमरनजीत कौर ने वर्षों से सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने वाली तमाम महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### विधायक अरोरा ने कीं नुक्कड़ सभाएं



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते विधायक शिव अरोरा।

**रुद्रपुर :** लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में विधायक शिव अरोरा ने लंगड़ाभोज, संजयनगर में जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाएं कीं। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, वेद ढुकराल, नेत्रपाल मौर्य, रामप्रकाश गुप्ता, सुनील ढुकराल, उपेंद्र चौधरी, सुरेश कोली, प्रमोद शर्मा, धीरेंद्र मिश्रा, जितेंद्र चौहान, बिट्टू चौहान, जितेंद्र संधू, तरुण दत्ता, धर्म सिंह कोली, संदीप बजवा, विनय बत्रा, प्रेम सिंह, अरविन्द सिंह आदि मौजूद रहे।

### एनसीसी कैडेटों ने ली हर हाल में मतदान की शपथ

**पंतनगर :** वन यूके आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी पंतनगर में लोकसभा चुनाव के लिए एनसीसी कैडेटों को हर हाल में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान एएनओ कैप्टन सुधीर कुमार व मीना मृगेश, एसडी त्रिपाठी, कवीरासू, देवाशीष बेहरा, संजीव, राहुल सिंह जैसवार व कोमल चुफाल मौजूद रहे।

# देश की मजबूती के लिए मोदी को करें मजबूत

संवाददाता, टनकपुर/ लोहाघाट



लोहाघाट में जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

**अमृत विचार:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील देवभूमि की जनता से की है। उन्होंने अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा को विजयी बनाने की अपील करते हुए प्रदेश की पांचों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की।

लोहाघाट के रामलीला मैदान में भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने उत्तराखंड के लोगों के शौर्य, पराक्रम और सैन्य परंपरा को महान बताते हुए कहा कि आज देवभूमि के युवा सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने के साथ ही हर क्षेत्र में दुनिया में अपनी प्रतिभा का डंका बजा रहे है।

उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस वन रैंक-वन पेंशन समेत सेना को सशक्त करने के लिए धनाभाव का रोना रोती थी जबकि मोदी के सत्ता में आने के बाद आज सेना की सभी ज़रूरतें पूरी करने के साथ अब हम दुनिया की पांचवी महाशक्ति बन चुके हैं। वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी महाशक्ति होगा। उन्होंने भाजपा पर हिंदू मुस्लिम के बीच खाईं पैदा करने संबंधी कांग्रेस के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि दुनिया के पांच प्रमुख मुस्लिम देशों ने अपने यहां के सर्वोच्च सम्मान से मोदी को नवाजा है। इससे पूर्व सांसद प्रत्याशी अजय टम्टा ने रक्षा मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मैं उनके मार्गदर्शन में ही अपने निर्वाचित क्षेत्र में विकास के नए आयाम जोड़ पाया हूं।

रैली की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल माहरा व संचालन मुकेश कलखुडिया ने किया। इस मौके पर पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, तीरथ सिंह रावत, काबिना मंत्री सौरभ बहुगुणा, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत, वीरेंद्र वल्दिया आदि मौजूद रहे।

# काशीपुर को जिला बनाने की मांग

**काशीपुर :** जनजीवन उत्थान समिति के पदाधिकारियों ने को एसडीएम को ज्ञापन देकर काशीपुर को जिला बनाने की मांग की। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को एक ज्ञापन भेजा गया। इसमें कहा गया कि काशीपुर एक पौराणिक शहर है। इस मौके पर अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी, सैयद आसिफ अली, अमृतपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

### सूचना (सम्बन्ध विच्छेद)

मेरा पुत्र असीम मल्लिक एवं पुत्रवधू सुनीता मल्लिक, आए दिन मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के साथ, लड़ाई-झगड़ा एवं गलत आचरण करते रहते हैं। मेरा पुत्र एवं पुत्रवधू आए दिन परिजनों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते रहते हैं। जिससे तंग आकर मैं अपने पुत्र एवं पुत्रवधू को अपनी सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरे पुत्र एवं पुत्रवधू द्वारा किए जाने वाले लेन- देन, अच्छे बुरे कार्य से मेरा कोई वास्तव नहीं रहेगा। - **अमर मल्लिक पुत्र सत्यचरण मल्लिक, निवासी - शक्तिफार्म नंबर 6, बैकुंठपुर, तहसील सितारगंज (उधमसिंह नगर)**

# खटीमा से मेरा गहरा नाता : मुख्यमंत्री

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत करते व्यापारी।

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान युवा व्यापार मंडल का भी गठन किया गया। जिसमें सुमित गुंबर को अध्यक्ष चुना गया और प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा की उनका खटीमा बेहद गहरा नाता है। इस समय खटीमा तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। आज भी जब मैं अपने घर आता हूं तो एक नई ऊर्जा मिलती है। व्यापारियों ने सीएम धामी के विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का विस्तार किया गया और युवा व्यापार मंडल खटीमा का गठन किया गया। इसमें सुमित गुंबर अध्यक्ष, कश्यप मोटवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अतुल अरोरा और शाहरुख खान को उपाध्यक्ष, सुशांत अग्रवाल को महामंत्री, अमित रस्तोगी, राहुल कंछल और अंकित अग्रवाल को सचिव, विपिन गोयल, यासीन अंसारी, दीपक कटहल, बॉबी राणा को संगठन सचिव, पारस अग्रवाल को कोषाध्यक्ष और शुभम गोयल को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सहकारी बैंक उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष दान सिंह रावत, जगदीश प्रसाद गोयल, अरुण सक्सेना, करनैल सिंह खिंडा, महेश जोशी, ईश्वर बंसल, संतोष अग्रवाल, मुकेश वर्मा, अचल शर्मा, नवीन बोहरा हरिशंकर अग्रवाल, मनोज गुलाटी, मुकेश गुप्ता, पूरन बिष्ट, केशव अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, नवनीत गुप्ता, नरेश गुप्ता, अमरनाथ गोयल, मांझी संतोष, तरुण ठाकुर ,महेंद्र ठाकुर, देवेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

**हालात** | बाजार भाव 2500 रुपये प्रति क्विंटल होने से क्रय केंद्रों में नहीं हो पा रही खरीद

# 12 दिन में जसपुर क्रय केंद्र पर मात्र 62 क्विंटल गेहूं की खरीद हो पाई

संवाददाता, रुद्रपुर



**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर में गेहूं की खरीद शुरू हुए 12 दिन बीत चुके हैं। अब तक मात्र जसपुर में यूसीएफ के क्रय केंद्र पर मात्र 62 क्विंटल की गेहूं की खरीद हुई है। जबकि अन्य क्रय केंद्रों पर अभी तक खरीद शून्य हुई है।

यहां बता दें कि कुमाऊं में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। इसके लिए ऊधमसिंह नगर में 47 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इसमें खाद्य विभाग के 9, यूसीएफ के 35 और एनसीसीएफ के 3 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस बार कुमाऊं को 39000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला हुआ है।

लक्ष्य के सापेक्ष पिछले 12 दिन में मात्र 62 क्विंटल गेहूं की ही खरीद हुई है। वहीं खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार बाजार भाव अधिक होने से किसान क्रय केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में लक्ष्य प्राप्त करने में दिक्कतें आ सकती है। फिर भी उम्मीद है कि किसान क्रय केंद्रों में पहुंचेंगे।

> बाजार रेट अधिक होने के कारण किसान क्रय केंद्रों में अपना गेहूं लेकर नहीं पहुंच रहा है। किसानों को आसानी से साढ़े 2400 से लेकर 2500 रुपये प्रति क्विंटल रेट मिल रहे हैं। जबकि सरकार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपया प्रति क्विंटल दे रही है।
> **-विक्रम जीत सिंह विर्क, किसान**

> देश जसपुर के यूसीएफ क्रय केंद्र पर ही अभी तक मात्र 62 क्विंटल गेहूं की खरीद हुई है, जबकि अन्य केंद्रों पर अभी तक कोई खरीद नहीं हुई है। इसका कारण बाजार में गेहूं के भाव अधिक होना है।
> **-अशोक कुमार, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं**

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रू.
साइज 4x6 सेमी 720/- रू.
साइज 4x7 सेमी 840/- रू.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### आबकारी विभाग ने तोड़ीं शराब की अवैध भट्टियां

**खटीमा :** आबकारी विभाग की टीम ने प्रतापपुर नंबर पांच में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब बनाने की दो भट्टियां तोड़ीं। अलबत्ता शराब बनाने वाले फरार हो गए। टीम ने मौके से बरामद 1500 लीटर लाहन को भी नष्ट किया। टीम ने इस दौरान 45 लीटर तैयार कच्ची शराब बरामद की। टीम में जगदीश कुमार, नितेश भारद्वाज, दीपक चंद्र, पंकज जोशी आदि शामिल थे।

### 60 पाउच कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बाजपुर :** दोराहा चौकी की पुलिस ने गश्त के दौरान ग्राम कनौरा निवासी राकेश कुमार को 60 पाउच कच्ची शराब के साथ किशनपुर मोड़ागढ़ मार्ग पर प्रदेश के बार्डर के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 60 एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### एसडीएम ने सिंचाई विभाग को नहर को साफ करने के दिए निर्देश

# मेले में घोड़ों को मिलेगा शुद्ध पानी

खबर का असर

संवाददाता, काशीपुर



**अमृत विचार :** ऐतिहासिक चैती मेले में लगे नखासा बाजार में घोड़ों को पीने योग्य पानी मिलेगा। इसके लिए एसडीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नहर की साफ सफाई और शुद्ध पानी छोड़ने के निर्देश दिए हैं। नखासा बाजार में लोगों की भी सुविधा को बेहतर करने को कहा गया है।

चैती मेले में लग रखे नखासा बाजार में 300 से अधिक घोड़े पहुंच गए हैं। लोग राजस्थान, यूपी समेत कई राज्यों से घोड़ों को लेकर मेले में आ रहे हैं। बताया कि घोड़ा 80 हजार से डेढ़ लाख तक का बिकता है। लेकिन नखासा बाजार में लाए गए घोड़ों के लिए पानी की व्यवस्था तक नहीं थी। अमृत विचार अखबार ने घोड़ों को दूषित पानी देने की मामला प्रमुखता से प्रकाशित किया। शुक्रवार को एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नहर की सफाई कर शुद्ध पानी नहर में छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि नखासा बाजार निजी भूमि पर लगता है, जो लोग इसे देख रहे हैं, उन्हें भी घोड़ों के लिए पानी की व्यवस्था करने को कहा गया है। बताया कि घोड़ा मालिकों और खरीदारों की सुविधा पर ध्यान देने को कहा गया है।

## चोरी की योजना बना रहे दो युवकों को पकड़ा

**काशीपुर:** चोरी की योजना बनाते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की बाइक व दो चाकू पुलिस ने बरामद किए। गुरुवार की देर रात चौकी प्रभारी मनोज जोशी पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। सूचना पर पुलिस ने शुगर मिल रोड के पास बाइक सवार दो संदिग्ध लोगों की तलाशी ली। दोनों युवकों की जेब से पुलिस को एक-एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी अमन सैफी उर्फ ढक्कन निवासी लक्ष्मीपुर पट्टी व अमन चौधरी निवासी लक्ष्मीपुर पट्टी को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से बरामद मोटर साइकिल भी चोरी की पाई गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बाइक एक अप्रैल को शिवनगर रेलवे फाटक से चोरी की थी। आरोपी अमन पूर्व में भी चोरी में जेल जा चुका है।

# बाबा के हत्यारों का मददगार लखीमपुर से किया गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**शिकंजा**

- बाबा की हत्या के बाद दी थी पनाह, पुलिस ने गिरफ्तारी को लेकर साधी चुप्पी

**अमृत विचार :** नानकमत्ता के डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में अहम भूमिका निभाने वाले एक आरोपी को पुलिस ने लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार किया है। हालांकि पुलिस गिरफ्तारी को लेकर चुप्पी साधे हुए है।

बताते चलें कि 28 मार्च की सुबह डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम की बाइक सवारों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्याकांड में जहां एसटीएफ ने हत्यारे अमरजीत सिंह को मार गिराया था। वहीं दूसरे आरोपी सर्वजीत सिंह की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी थी। हत्याकांड में पुलिस ने शाहजहांपुर के रहने वाले कई लोगों को गिरफ्तार किया था। हत्याकांड में अहम भूमिका निभाने वाले कुईया महोलिया निवासी सतनाम सिंह का नाम सामने आया था। जिसने हत्याकांड के बाद आरोपियों को पैसा और भागने में मदद की थी और पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। शुक्रवार की शाम को हत्यारों के मददगार सतनाम को गौरी फंटा लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार कर लिया है। टीम की अगुवाई एसआईटी प्रभारी और एसपी सिटी कर रहे थे। गिरफ्तारी को लेकर जब पुलिस के अफसरों से जानना चाहा तो उन्होंने जवाब नहीं दिया।

## मोबाइल टावर के नीचे कूड़े में लगी आग

**जसपुर, अमृत विचार:** मोबाइल टावर के नीचे पड़े कूड़े के ढेर में आग लग गई। इस पर फायर ब्रिगेड ने काबू पाया।

शुक्रवार को जसपुर-सुरजन नगर मार्ग के बॉर्डर पर गांव देवपुरा के पास स्थित मोबाइल टावर के परिसर में पड़े कूड़े के ढेर में आग लग गई। घटना की सूचना मिलने पर तत्काल जसपुर अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में फायर यूनिट घटनास्थल पर पहुंची। फायर यूनिट आग पर काबू पाया। हायर यूनिट की तत्परता से मोबाइल टावर में लगे सीसीटीवी कैमरे आग की चपेट में आने बाल-बाल बच गए। फायर यूनिट में रमेश चन्द्र, संविदा चालक गोपाल प्रसाद, देवेंद्र सिंह, शैलेंद्र गोसाई, विजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# रुद्रपुर में कमरे में पड़ा मिला विवाहिता का शव

### हत्या या आत्महत्याः गले पर मिले निशान, सिडकुल में काम करती थी महिला, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

दुखद

संवाददाता, रुद्रपुर



रीता।

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक विवाहिता का शव पड़ा होने की सूचना पर मिलने में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि विवाहिता जमीन पर पड़ी हुई थी और गले पर निशान थे जबकि आत्महत्या में शव लटका होना चाहिए था। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं विवाहिता के परिजनों ने दामाद पर हत्या की आशंका जताई और पति फरार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार वार्ड-पांच मछली बाजार थाना ट्रांजिट कैंप निवासी 25 वर्षीय रीता की शादी सात साल पहले उमेश कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद वह अपने बच्चों के साथ रहती थी। बताया जा रहा है कि दंपत्ति सिडकुल की अलग-अलग कंपनी में काम करते थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर शाम पड़ोसियों ने देखा कि विवाहिता जमीन पर बेसुध पड़ी हुई है। इसके बाद उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जब डॉक्टरों ने शव को देखा तो विवाहिता के गले पर निशान पड़े हुए थे, जबकि घटनास्थल पर किसी भी प्रकार का फंदा नहीं लगा हुआ था।

सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष भारत सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। उधर, मृतक के परिवार के लोग भी बाकराबाद मिलक रामपुर से पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और दामाद पर बेटी का गला दबाकर हत्या करने की आशंका जताई। उनका आरोप था कि शादी के बाद से ही पति शराब पीकर परेशान करता रहता था और बेटी से मारपीट कर पैसों की मांग करता था। उधर, थाना अध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर कोई भी सुसाइड नोट और फंदे के निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में हत्या या फिर आत्महत्या की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगी। बावजूद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विवाहिता ने घर में फांसी लगाई

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर में आत्महत्या मामले में जांच-पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार



सरोज।

**अमृत विचारः** विवाहिता ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया जिसे बाद में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है।

शुक्रवार को ग्राम चकरपुर निवासी सरोज (32) पत्नी नरेश कश्यप ने अज्ञात कारणों से घर के कमरे में पंखे में रस्सी डालकर फांसी लगा ली। इसकी जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर नगर के एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल, एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी व एसआई देवेंद्र सिंह मनराल मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए और शव कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया कि पति किसी काम से दिल्ली गया हुआ था तथा घटना के वक्त घर पर एक छोटी बच्ची के अलावा कोई नहीं था। उसके जोर-जोर से रोने की आवाज सुनकर आसपास रह रहे परिवार के लोग पहुंचे तो विवाहिता फांसी पर लटकी मिली। वह चार बेटियों (साक्षी, सैजल, राधिका व ज्योति) को रोते बिलखते छोड़ गई है। सरोज की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। आलू फार्म काशीपुर में उसका मायका बताया गया है। मायके वालों को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

घटनास्थल से कई टुकड़ों में पड़ी मिली रस्सी को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है, इसके बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

### बरामद किया वृद्ध का शव

**खटीमा :** नगरवासियों की सूचना पर पुलिस ने रोडवेज बस स्टेशन के पास से एक वृद्ध का शव बरामद किया है। जिसकी उम्र लगभग 70 वर्ष है और मुस्लिम समाज का है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन किसी ने भी शिनाख्त नहीं की। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

## स्कूटी और बाइक चुराकर दी पुलिस को चुनौती

**रुद्रपुर :** बाजार-आदर्श कॉलोनी चौकी इलाके में चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए स्कूटी और बाइक को चुरा लीं। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कुलविंदर सिंह निवासी ग्राम मिलक मंडी बिलासपुर यूपी ने बताया कि उसके रिश्ते में भाई दलजीत सिंह उसकी बाइक को लेकर 9 अप्रैल की दोपहर को नैनीताल रोड स्थित शॉपिंग मॉल गया था और बाइक को लॉक कर बाहर खड़ी कर दी थी। खरीदारी कर लौटा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा।

इसके अलावा इंदिरा कॉलोनी निवासी मोहित नारंग ने बताया कि 6 अप्रैल की शाम साढ़े 10 बजे वह स्कूटी को लॉक कर घर के बाहर खड़ी कर दी थी और 7 अप्रैल की सुबह देखा तो स्कूटी चोरी हो चुकी थी। वाहन स्वामियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद सीसीटीवी फुटेजों की पड़ताल की और तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने दावा किया है कि चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

# दो हादसों की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए

संवाददाता, रुद्रपुर

**कार्रवाई**

- एसडीएम को बनाया दोनों घटनाओं का जांच अधिकारी
- एक घटना 18 जनवरी 2024 तो दूसरी 7 अक्टूबर 2023 की

**अमृत विचारः** जिला मजिस्ट्रेट उदयराज सिंह ने रुद्रपुर में दो सड़क हादसों की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। इसमें जांच अधिकारी उप जिला मजिस्ट्रेट मनीष बिष्ट को बनाया गया है। इस संबंध में जांच अधिकारी ने कहा कि जो व्यक्ति इस प्रकरण में कोई जानकारी रखता है तो वह तीन दिन के भीतर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

यहां बता दें कि पहली सड़क दुर्घटना 18 जनवरी 2024 को नगर निगम के सामने रुद्रपुर में हुई थी। इसमें तेजी गति से आ रहे अज्ञान वाहन ने मोटरसाइकिल संख्या यूके-06-बीएच-3157 को टक्कर मार दी थी। इसमें वादी की मां और जीजा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं दूसरी 7 अक्टूबर 2023 को भगवानपुर आईआरटी कॉलेज के सामने रुद्रपुर की है। इसमें तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने ऑटो संख्या यूके-06-टीए-5262 को पीछे से टक्कर मारी दी थी।

इसमें वादी के पिता हरीश बाटला, ऑटो चालक निपेन्द्र व आकाश गंभीर रूप से घायल हो गये थे। बाद में वादी के पिता की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई थी। दोनों सड़क दुर्घटनाओं में जिला मजिस्ट्रेट ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश देते हुए उप जिला मजिस्ट्रेट को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

### सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत

**रुद्रपुर :** 9 अप्रैल को काशीपुर हाईवे पर हुए सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं टैंकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।बताते चलें कि 9 अप्रैल की शाम को काशीपुर हाईवे पर प्लाईवुड फैक्ट्री से ड्यूटी कर साइकिल से लौट रहे आनंद खेड़ा दिनेशपुर के रहने वाले 56 वर्षीय सुखविंदर सिंह को टैंकर संख्या यूके 06 सीबी 2116 ने टक्कर मार दी थी। सड़क हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया था। बुजुर्ग को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां गुरुवार की देर रात उपचार के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर रुद्रपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# गोवध करने से रोका तो धारदार हथियार से कर दिया घायल

संवाददाता, रुद्रपुर



**अमृत विचारः** गांव लांबाखेड़ा में एक व्यक्ति ने जब गोवध करने से रोका तो आरोपियों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित का आरोप था कि सभी हमलावर जंगलों से पशुओं को पकड़ कर लाते हैं और उस का वध कर मांस की बिक्री करते हैं। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रुद्रपुर कोतवाली इलाके के गांव लांबाखेड़ा निवासी सरफराज अहमद ने बताया कि गुरुवार को वह ईद की नमाज पढ़ने जा रहा था। इस बीच गांव के रहने वाला एक व्यक्ति अपने बेटे के साथ मिलकर प्रतिबंधित गोहत्या कर रहे थे। आरोप था कि जब उसने रोका तो पहले आरोपियों ने अभद्रता की और धारदार चाकू से उसके सिर पर कई वार कर दिए। जिससे वह लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। जिसे देखकर आरोपी पिता-पुत्र मौके से फरार हो गए। घायल को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित का आरोप था कि आरोपी खेतों से चोरी छिपे पशुओं को चुराकर लाते हैं और उनका वध कर मांस की बिक्री करते हैं।

## तमंचे और 19 कारतूसों के साथ आरोपी को पकड़ा

**काशीपुरः** एफएसटी टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान कार चालक युवक के पास से दो तमंचे 315 बोर व 0.22 बोर का तमंचा व 19 कारतूस बरामद किए। कुंडा थाना पुलिस ने एफएसटी टीम की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

गुरुवार की देर रात एफएसटी टीम मुरादाबाद रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक कार को रोक कर तलाशी ली गई। चेकिंग के दौरान ड्राइवर सीट के नीचे एक 315 बोर, 0.22 बोर तमंचे व 19 कारतूस बरामद किए। पुलिस ने कार चालक कफील अहमद निवासी वार्ड नंबर 14 ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है।

# कृषि भूमि को गिरवी रखा, 34 लाख वसूले और बेच दी जमीन

संवाददाता, किच्छा

- 7 लाख का लोन होने के बावजूद खतौनी में जालसाजी कर भूमि को दिखाया गया कर्ज मुक्त
- चार भाइयों के नाम दर्ज भूमि को एक भाई ने दर्शाया अपने नाम, मुकदमा दर्ज



**अमृत विचारः** कृषि भूमि के दस्तावेजों में जालसाजी कर जमीन को गिरवी रखकर 34 लाख रुपये वसूलने के बाद आरोपी ने उक्त भूमि को अन्य व्यक्ति को बेच दिया। खतौनी में जालसाजी कर बैंक का लाखों रुपये बकाया होने के बाद भी भूमि को कर्ज मुक्त तथा चार भाइयों के नाम दर्ज भूमि की आरोपी ने केवल अपने नाम दिखा दिया। भूमि खरीदार ने आरोपी पर जालसाजी एवं धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

रिपोर्ट में वार्ड नंबर 18, पुरानी खेड़ा कॉलोनी, रुद्रपुर निवासी अंकुर गंगवार ने बताया कि मार्च 2021 में उसके परिचित ग्राम आजाद नगर, तहसील किच्छा निवासी पवन कुमार के अनुसार उसकी ग्राम मौजा धाधा क्षेत्र में कृषि भूमि है। पवन कुमार ने बताया कि खानदानी कर्ज के भुगतान के लिए भाइयों के साथ पूर्व में हुए भूमि बंटवारे में उसे अपने हिस्से की 4.25 एकड़ भूमि को गिरवी रखकर 41 लाख रुपये की आवश्यकता है तथा भू स्वामी पवन कुमार ने भविष्य में अपनी जमीन बेचने की भी बात कही। पीड़ित ने बताया कि मित्र पवन कुमार पर यकीन कर उसने भूमि खरीदने की योजना बना ली। पवन द्वारा उपलब्ध कराई गई भूमि की खतौनी में कोई भी बैंक लोन अंकित नहीं था। इसके बाद पीड़ित ने अपने एक अन्य मित्र आनंद कुमार पाल के साथ मिलकर भूमि को गिरवी रखने के लिए धनराशि की व्यवस्था शुरू कर दी। पीड़ित अंकुर ने बताया कि उसने अपने मित्रों तथा विद्यालय के माध्यम से 22 लाख रुपए की व्यवस्था कर विगत 30 मार्च 2021 को पवन कुमार को अपने घर बुलाया और 34 लाख रुपए नगद तथा 7 लाख रुपए की धनराशि का एचडीएफसी बैंक रुद्रपुर का चैक सौंप दिया। पीड़ित ने बताया कि 31 मार्च 2021 को पीड़ित के पक्ष में लिखित इकरारनामा होने के करीब चार दिन बाद जब वह अपने साझेदार आनंद पाल के साथ खेत की जुताई एवं खेत को अपने कब्जे में लेने के लिए मौके पर पहुंचा तो पवन कुमार के सामने ही उसके भाइयों ने विरोध करते हुए खेत जोतने से मना कर दिया। उनका कहना था कि उक्त भूमि सभी भाईयों की संयुक्त कृषि भूमि है तथा अभी तक कोई भी बंटवारा जमीन का नहीं हुआ है। पीड़ित ने बताया कि खेत में उत्पन्न हुए विवाद के बाद उसने पवन कुमार को दिए गए 7 लाख रुपये के चेक का भुगतान करने से मना कर पवन को दिए गए 34 लाख रुपए वापस करने की मांग की। जिस पर पवन कुमार ने भाईयों बातचीत कर 10 दिनों में विवाद निपटाने अन्यथा दी गई धनराशि वापस करने का आश्वासन दिया। लेकिन उसने बिना सहमति के भूमि को 22 अप्रैल 2021 को किच्छा निवासी अन्य व्यक्ति को बेच दिया।

पवन कुमार ने उक्त भूमि पर 7 लाख 29 हजार रुपए का बैंक लोन भी लिया है। धोखाधड़ी तथा साजिश का खुलासा होने के बाद पीड़ित द्वारा बार-बार पैसों की मांग करने पर आरोपी पवन कुमार ने 16 लाख 20 हजार रुपए तथा 6 लाख रुपए की धनराशि वापस कर दी। जबकि बकाया 11 लाख 80 हजार रुपए की धनराशि देने से इनकार कर दिया।

सहमति | स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से हुई वार्ता के बाद कदम उठाया गया

# किसानों ने चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस लिया

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर में चल रहे भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन में निर्णय की जानकारी देते भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा।

**अमृत विचारः** बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि को लेकर आंदोलनरत किसानों ने अब लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का निर्णय वापस ले लिया। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से हुई वार्ता के पश्चात यह कदम उठाया गया है।

शुक्रवार को आंदोलन स्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कहा कि हमें एसडीएम ने बुलाया और काफी देर तक वार्ता की। एसडीएम की बात सुनकर हमें लगा कि उनकी मंशा हमारे प्रति सकारात्मक है और वह खुद चाहते हैं कि किसानों की भूमि का सर्वमान्य हल निकले। इसके लिए स्थानीय प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग किसानों को मिलता रहा है। एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी के अनुरोध पर चुनाव बहिष्कार का निर्णय वापस लिया गया है। इस मौके पर भाकियू के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, आईपी बरार, शेर सिंह, महेंद्र सिंह, हरप्रीत निज्जर, जोगिंदर सिंह, सुखवंत सिंह, जसवंत सिंह, हरदेव सिंह नत्था सिंह, राजेंद्र बेदी, देवेश प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बाइकें बरामद कीं

**काशीपुर :** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो बाइकें बरामद कीं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को संबंधित धाराओं में चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। कुंडा थाना पुलिस ने केबीआर पुल के आगे कुदईयोवाला चौराहे के पास चेकिंग के दौरान कुंडा की ओर आते बाइक सवार दो लोगों को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम किशनपुर गामंडी, ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी कुलदीप वाल्मीकी उर्फ गांधी व दूसरे ने ग्राम भूतपूरी, थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर बताया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बाइक बीती सात अप्रैल की रात्रि करीब 11 बजे पंवार रिजार्ट के पास जिन्दल पॉली प्लास्टिक फैक्ट्री के बाहर बनी पार्किंग से चोरी करना व बाइक के अलावा एक अन्य बाइक ठाकुरद्वारा से चोरी कर मिस्सरवाला गांव से राइस मिल के पास खंडहर में छुपाकर रखना बताया।

# मालिक के छह लाख लेकर चालक फरार

संवाददाता, रुद्रपुर

- कार को शिवनगर छोड़ा, मोबाइल किया बंद, दुकानदार ने पुलिस को सौंपी तहरीर

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में दुकानदार के चालक ने मालिक को गच्चा देकर छह लाख रुपये लेकर गायब होने का मामला सामने आया है। आरोप था कि चालक अपने परिवार के साथ फरार हो गया है और कार को शिवनगर मोड़ पर छोड़ दिया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

डी1डी2 सिविल लाइन निवासी मुकेश श्रीधर उर्फ मोंटी ने बताया कि उसकी मुख्य बाजार में जूते-चप्पल की दुकान है। उसकी कार का चालक शिवनगर बस्ती का रहने वाला है जो अक्सर माल लेने दिल्ली कार से आता-जाता रहता है। बताया कि 8 अप्रैल की सुबह भी दिल्ली माल लेने के लिए उसने अपनी कार की डिग्गी में छह लाख रुपये रखे और चालक को दिल्ली जाने को कहा। आरोप था कि चालक घर का सामान लाने का बहाना बनाकर वहां से निकला और कई घंटे तक नहीं लौटा। संदेह होने पर जब चालक के घर शिवनगर गए तो कार शिवनगर मोड़ पर खड़ी हुई थी। चालक अपने परिवार के साथ गायब था और घर पर ताला लगा हुआ था।

### मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा :** चाकू से हमला कर घायल करने और मारपीट के मामले में तीन नामजद सहित अन्य के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुडेली निवासी जसपाल सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह खटीमा में एक शोरूम में काम करता है। उसी शोरूम में सितारगंज का एक युवक भी काम करता है। पीड़ित ने बताया कि नौ अप्रैल को आरोपी ने उसे गुरुद्वारा आने की बात कहकर बुलाया और उसे कई लोगों ने मुंडेली चौराहे पर घेर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नवराज कंग, रणजीत सिंह, हैप्पी गिल व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक वाहन की चपेट में आया

**बाजपुर :** गुरुवार की देर रात्रि बेरिया दौलत निवासी राज सड़क पार कर रहा था। इसी बीच वह अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और बुरी तरह से जख्मी हो गया। इस दौरान डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।



शक्तिफार्म में शुक्रवार को निकली शिव बारात में झूमते भक्त। ● अमृत विचार

# भगवान शिव की बारात में साधू संन्यासी, भूत-प्रेत बने बाराती

## जय बाबा तारकनाथ धाम मंदिर में महोत्सव के तीसरे दिन शिव-पार्वती का विवाह का आयोजन

**संवाददाता, शक्तिफार्म**

**अमृत विचार:** भगवान शिव की बारात में साधू- संन्यासी, भूत-प्रेत बारात बनकर मां पार्वती द्वार पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मंदिर में तैयार मंडप में शिव-पार्वती विवाह संपन्न कराया गया।

शुक्रवार को ग्रामसभा सुरेन्द्रनगर स्थित जय बाबा तारकनाथ धाम मंदिर में पांच दिवसीय शिव पूजा महोत्सव के तीसरे दिन शिव-पार्वती का विवाह अनुष्ठान संपन्न हुआ। वहीं इससे पूर्व नगर में भव्य शिव बारात निकाली गई। जो संपूर्ण नगर का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर में पहुंची। बारात में शामिल साधू संन्यासी, भूत प्रेत बने बच्चों ने सज रहे मेरे भोले बाबा निराले... और शिव ही सत्य है शिव ही सुंदर.. भजनों पर नृत्य किया। बारात में भगवान शिव और मां पार्वती के बाल रूप पर आधारित झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। वहीं हनुमान, नारद और काली माता सहित विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियों ने भी भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। गाजे-बाजे के साथ निकली बारात में भक्तों ने जमकर गुलाल उड़ाया। जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखा। इस मौके पर पूर्व डीसीबी चेयरमैन योगेन्द्र सिंह रावत, विष्णु प्रामाणिक, सुमित मंडल, गणेश सरकार, रविंद्र अग्रवाल, कानू सरकार, परेश मंडल, राजा हालदार, संजीत विश्वास, मनोज विश्वास, विक्रम सिंह भंडारी, उत्तम दास, सहित अन्य मौजूद थे।



शक्तिफार्म में निकली बारात में शामिल बाल रूपी शिव-पार्वती की झांकी। ● अमृत विचार

### चौथे दिन मंदिरों में हुई मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना

रुद्रपुर : नवरात्रि के चौथे दिन भी शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। दिनभर मंदिरों में भजन कीर्तनों का दौर चलता रहा। शुक्रवार की सुबह से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने आना शुरू हो गया था। इस दौरान शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, दूधिया बाबा मंदिर, दुर्गा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, बृहस्पति देव मंदिर, नव दुर्गा मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर, चामुंडा मंदिर समेत कई मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आयी।

# श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण अवतार का बखान किया

आस्था

- दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में श्रीमद् भागवत कथा के बीच में श्री कृष्ण जन्म की झांकी को देखकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**संवाददाता, दिनेशपुर**

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्रि पर दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करते ब्यास आचार्य किशोर जोशी ने श्री कृष्ण की लीलाओं का बखान किया। कथा के बीच में श्री कृष्ण जन्म की झांकी देखकर भक्त भावविभोर हो गए।

शुक्रवार को दुर्गा मंदिर चक्कीमोड़ में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक आचार्य किशोर जोशी ने कहा कि श्री कृष्ण का चरित्र व बालपन हमें त्याग, भक्ति और समर्पण की राह दिखाता है। बाल्यकाल में प्रभु ने पूतना, बकासुर व कालियानाग जैसे राक्षसों का वध कर विजय प्राप्त की थी। जबकि मित्रता व धर्म को भी बखूबी निभाया है। भगवान श्री कृष्णा अति निर्मल सखा सुदामा को पाकर इतने भावुक हुए की सर्वस्व दे दिया। अनुष्ठान में आचार्य ललित द्विवेदी, मुख्य यजमान सचिन राणा व नीमा राणा, प्रकाश कोश्यारी, प्रेम सिंह कोरंगा, श्याम सिंह देऊपा, केदार कोश्यारी, राजेंद्र सिंह मेहरा, मीना पाठक, कविता मेहरा, गीता खोलिया, रजनी पाठक, गीता खोलिया, जानकी देऊपा, रजनी मेहरा, जानकी बिष्ट, दीपा बोरा, योगेश पानू,मोहन चंद्र पाठक, चंचल सिंह देऊपा, दान सिंह बड़ती, गोविंद सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



श्री कृष्ण की झांकी।

## सार-संक्षेप



बाजपुर में शिविर के दौरान आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में योग सीखतीं छात्राएं।

### 50 छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया

**बाजपुर :** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय बाजपुर की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. शिखा सम्मल की अगुवाई में शुक्रवार को आदर्श कन्या इंटर कॉलेज बाजपुर में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयुर्विद्या शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 50 छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया तथा 30 छात्राओं को स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड प्रदान किए गए। योग अनुदेशक कुलदीप सिंह ने 81 छात्राओं को योगाभ्यास करवाया। इस दौरान प्रधानाचार्या डॉ. प्रीति रस्तोगी ने कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर फार्मेसिस्ट वतन कुमार मौजूद रहे।

### नानकमत्ता में सादगी से मनाया जाएगा पर्व

**नानकमत्ता :** डेरा कारसेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या के शोक में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बैसाखी पर्व को इस बार सादगी के साथ ही मनाएगी। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की प्रबंधक कमेटी के प्रबंधक सरदार सुखविन्द्र सिंह भुल्लर ने बताया बैसाखी पर्व बाबा तरसेम सिंह की हत्या के शोक में सादगी के साथ ही मनाया जाएगा। शनिवार को गुरुद्वारे में धार्मिक दीवान सजाया जाएगा। जहां विद्वान कविसरी जत्थे गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर होगा भंडारा

**जसपुर :** हनुमान जन्मोत्सव पर जसपुर-पतरामपुर मार्ग स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में हनुमानजी को चोला चढ़ाया जाएगा व उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर के महंत ब्रह्म अवतार उर्फ गुड्डू ने दी। उन्होंने बताया कि हनुमान जयंती पर प्रति वर्ष इसी तरह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।



ब्रह्म अवतार।



नानकमत्ता के रंसाली रेंज की सरोजा बीट में लगी आग। ● अमृत विचार

### गर्मी और तेज हवाओं के चलते जंगलों में धधक रही आग

**नानकमत्ता :** तराई पूर्वी वन प्रभाग के जंगल जौलासाल, रंसाली रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र में आग लग गई। उधर, वन विभाग के पास आग बुझाने के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं।

### खेत किनारे कूड़े के ढेर में लगी आग

**बाजपुर :** अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत के किनारे कूड़े के ढेर व झाड़ियों में आग लग गई, जोकि धीरे-धीरे दूर तक फैलने लगी। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाकर किसान का नुकसान बचा दिया है। शुक्रवार को अज्ञात कारणों से भोना-बिराहा फार्म क्षेत्र में पवन कालड़ा के गेहूं के खेत के पास कूड़ा व झाड़ियों में आग लग गई, जोकि तेज हवा के साथ फसल की ओर बढ़ने लगी। इसकी सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई। जानकारी के बाद दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए और बिना देरी किए आग को बुझा दिया गया। बताया गया कि यदि दमकल कर्मी कुछ देर और मौके पर नहीं पहुंचते तो आग गेहूं की फसल तक पहुंच सकती थी।



जसपुर के ईदगाह मैदान में ईद की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

### ग्रामीण क्षेत्रों में ईद का त्यौहार मनाया गया

**जसपुर :** ग्रामीण क्षेत्र में भी ईद का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाया गया। विदेश में रह रहे भारतीय युवकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से परिजनों से ईद की खुशियां साझा कीं। क्षेत्र के कई युवक सऊदी अरब, दुबई आदि देशों में नौकरी कर रहे हैं। अवकाश न मिलने पर उन्होंने बुधवार को परिजनों के बिना दोस्तों के साथ ईद मनाई। सऊदी अरब से मोहल्ला नई बस्ती निवासी जावेद रजा मंसूरी ने बताया कि इस बार उन्हें छुट्टी नहीं मिली। उन्होंने वीडियो कॉलिंग के जरिए परिवार वालों से बात कर ईद की मुबारकबाद दी। मोहल्ला नई बस्ती सुनहरी मस्जिद निवासी फरहान अहमद ने बताया कि सरफराज अहमद, साजिद अली, सिराज अहमद सऊदी अरब के जिजान और हैल आदि स्थानों पर काम करते हैं। ईद की नमाज के बाद उन्होंने एक जगह पर एकत्रित होकर ईद की खुशियां बांटीं। इसके बाद युवकों ने ग्रुप फोटो सोशल मीडिया पर डालकर अपने परिजनों व सगे संबंधियों को ईद की मुबारकबाद दी।

# वनाग्नि रोकने को किया जागरूक



टनकपुर के गांव आमबाग में ग्रामीणों को वनाग्नि की रोकथाम के लिए जागरूक करते वन कर्मी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार:** दोगाड़ी वन क्षेत्र की टीम द्वारा गांव आमबाग और छीनीगोठ में वनाग्नि की रोकथाम के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

दोगाड़ी वन क्षेत्र के वनाधिकारी रमेश चंद्र जोशी के निर्देशन में गांव में लगाए गए जागरूकता अभियान के दौरान वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को वनों को आग से बचाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने से वनों और जीव जंतुओं को काफी नुकसान होता है। कहा गया कि पर्यावरण के संतुलन में वनों का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में वन दरोगा चंद्रशेखर सकलानी, वन दरोगा ओम प्रकाश, वन आरक्षी रवि कुमार, रोहित मेहता, हिमानी रावत, बसंती देवी के अलावा प्रमिला सिंह, प्रकाश चंद्र भट्ट आदि ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# डिवाइडर से टकराकर कार पलटी

हादसा

- एयर बैग खुलने से कार सवार लोग बाल-बाल बचे

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार:** नवनिर्माणाधीन आरओबी से नीचे उतरते ही एक कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। कार के एयर बैग खुल जाने सवार लोगों को कुछ नहीं हुआ। अलबत्ता कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की वजह से मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया। इससे काफी देर तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रहा।

शुक्रवार की रात निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज से होते हुए कार सवार कुंडा तिराहा की तरफ जा रहे थे। जैसे ही कार रेलवे ओवर ब्रिज से नीचे उतरी सामने से आ रही किसी गाड़ी की लाइट पड़ जाने से कार चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। कार सड़क के किनारे पलट गई। कार सड़क पर पलट जाने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन चालक को चोट तक नहीं आई। इस दुर्घटना की वजह से मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। लोगों ने बताया कि रेलवे ओवर ब्रिज का सही संतुलन नहीं बनाए जाने के कारण इस तरह की दुर्घटनाएं आए दिन यहां होती रहती हैं।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार



बाजपुर की फौजी कॉलोनी में बना गुरुद्वारा साहिब। ● अमृत विचार

### इस बार गुरुद्वारे के नए भवन में मनाई जाएगी बैसाखी

**बाजपुर :** फौजी कॉलोनी की संगत को बैसाखी पर गुरुद्वारा साहिब का नया भवन मिल जाएगा। 13 अप्रैल को नए भवन में गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश किया जाएगा। इसी दिन श्री गुरुग्रंथ साहिब का पाठ प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष भाकियू के प्रांतीय कोषाध्यक्ष दलजीत सिंह रंधावा व अजीत सिंह पूनिया ने यहां दी। अवगत कराया गया कि लगभग डेढ़ वर्ष तक जारी निर्माण के बाद गुरुद्वारा साहिब का नया भव्य भवन बनकर तैयार हो गया है। हाईड्रोलिंग निशान साहिब स्थापित किए गए हैं तथा भवन को भी आधुनिक रूप दिया गया है। शनिवार को अरदास के उपरांत श्रीगुरुग्रंथ साहिब जी का प्रकाश किया जाएगा, तदोपरांत साढ़े दस बजे से अखंड पाठ साहिब प्रारंभ किया जाएगा। सोमवार को भोग के उपरांत दीवान सजाए जाएंगे। इसमें पंथ प्रचारक भाई अमरजीत सिंह गालिब खुर्द गुरुग्रंथ साहिब की वाणी का यशगान करेंगे।

त्यौहार | आंबेडकर जयंती पर संविधान निर्माता बाबा साहब के संबंध में भी बताया

# नोजगे स्कूल में धूमधाम से मनाई गई बैसाखी

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार:** नोजगे पब्लिक स्कूल (ट्विंकल मैम) में बैसाखी और अंबेडकर जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान 11वीं के छात्र-छात्राओं ने भांगड़ा और गिद्दा प्रस्तुत किया। प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता ने बच्चों को 325वीं बैसाखी के साथ साथ आंबेडकर जयंती पर संविधान निर्माता बाबा साहब के संबंध में भी बताया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम किए।

इस अवसर पर डॉ. विनय जैन, शैफाली अग्रवाल, रमेश सिंह रौतेला, जसविंदरपाल कौर, लवली सुनील, प्रियंका जोशी, अमित शर्मा, विमला जोशी आदि मौजूद थे।



खटीमा के नोजगे पब्लिक स्कूल (ट्विंकल मैम) में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

### काशीपुर में बार एसोसिएशन ने बैसाखी पर्व मनाया

**काशीपुर :** बार एसोसिएशन ने बैसाखी का पर्व बडी धूमधाम से मनाया। शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन सभागार में बैसाखी पर्व को बड़े धूमधाम से मनाया और सिख गुरु गोविंद सिंह जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर सत श्री अकाल,का उद्घोष किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने बैसाखी पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बैसाखी के त्योहार पर रबी की फसल तैयार होती है। इस पर्व को सिख धर्म की स्थापना के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन सिखों के दसवें व गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस मौके पर कश्मीर सिंह, संजय चौधरी,प्रदीप चौहान,कामिनी श्रीवास्तव,एडवोकेट,इंदर सिंह, अवतार सिंह, सुखदेव सिंह, अमरतपाल सिंह, भास्कर त्यागी एडवोकेट,अध्यक्ष अवधेश चौबे, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव नेपेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।



जसपुर में घायल बछड़े का उपचार करते पशु चिकित्सा अधिकारी सुधांशु मिश्रा।

### सड़क दुर्घटना में बछड़ा गंभीर रूप से घायल

**जसपुर :** सड़क दुर्घटना में एक बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। जसपुर-पतरामपुर मार्ग पर ऐतिहासिक बड़े शिव मंदिर के पास एक निराश्रित बछड़ा अज्ञात वाहन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर गौ सेवा के क्षेत्र में सक्रिय संस्था उत्तरीदेव धाम जन कल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष महाराज सिंह चौहान अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल बछड़े को बड़े शिव मंदिर परिसर स्थित पशु शाला में आश्रय दिलवाया। उसके बाद पशु चिकित्सा अधिकारी सुधांशु मिश्रा को मौके पर बुलाकर घायल बछड़े का उपचार कराया। मंदिर के महंत ब्रह्म अवतार गुड्डू व उनके सहयोगियों ने उन्हें सहयोग दिया।

## सार-संक्षेप

### राजस्थान के दोरई अजमेर के लिए स्पेशल ट्रेन 22 से

**टनकपुर :** रेलवे ने टनकपुर से राजस्थान के दोरई अजमेर के लिए 22 अप्रैल से 1 जून तक समर स्पेशल ट्रेन चलाने की अधिसूचना जारी की है। यह स्पेशल ट्रेन टनकपुर से 22 अप्रैल से सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को शाम 6.55 बजे चलेगी। रेलवे स्टेशन अधीक्षक केडी कापड़ी ने बताया कि यह रेल टनकपुर, खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, बरेली, दिल्ली, हरियाणा के गुरुग्राम होकर राजस्थान के अजमेर दोरई तक चलेगी। दोराई से मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को टनकपुर के लिए रवाना होगी।

### सल्ट पुलिस ने गांजा तस्करी कर रहे दो युवक पकड़े

**अल्मोड़ा :** सल्ट पुलिस ने दो बाइक सवार युवकों को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया गया है। सल्ट के थानाध्यक्ष अजेंद्र प्रसाद ने बताया कि गुरुवार को पुलिस टीम ने राजकीय पॉलिटेक्निक सल्ट को जाने वाले तिराहे पर वाहनों की चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों की तलाशी ली। उनके पास से 7.660 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम सागर रावत पुत्र अर्जुन सिंह और गौरव नेगी पुत्र बिरेंद्र सिंह निवासी जोगीपुरा, रामनगर जिला नैनीताल बताया। अभियुक्तों ने बताया कि वह सल्ट क्षेत्र के गांवों से अक्सर गांजा खरीदकर उसे महंगे दामों में बेचने के लिए रामनगर और ऊधमसिंह नगर ले जाते हैं। पुलिस ने दोनों को एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया है। थानाध्यक्ष अजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पकड़े गांजे की कीमत लगभग दो लाख रुपये है।

### चौखुटिया के खीड़ा के जंगलों में धधकी भीषण आग

**अल्मोड़ा :** शुक्रवार को पूर्वाह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे खीड़ा क्षेत्र के जंगल में आग लग गई। जंगल में सूखी पत्तियां पड़ी होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और थोड़ी ही देर में उसने विकराल रूप धारण कर लिया। जंगल की आग जब बसासत वाले इलाकों तक आने लगी तो ग्रामीण आग बुझाने के लिए दौड़े। लेकिन तेज हवाओं के बीच उठ रही लपटों के बीच आग पर काबू पाना संभव नहीं हो पाया। जंगल की आग आबादी तक न पहुंच सके, इसके लिए स्थानीय लोग घंटों मशक्कत करते रहे। जंगल में आग लगने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को भी दी गई लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा। जिस कारण दिन भर जंगल धू-धू कर जलता रहा। स्थानीय लोगों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वन विभाग को जंगलों में गश्त बढ़ानी चाहिए। ताकि अराजक तत्व जंगलों को आग के हवाले न कर सकें।

### कार में शराब ले जा रहा चालक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** रानीखेत पुलिस ने चेकिंग अभियान के तहत एक ऑल्टो कार से छह पेटी अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में चालक मनोज सिंह नेगी पुत्र चंदन नेगी निवासी ग्राम जैठा, पंत कोटली को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

### नवरात्र में फलों के दाम छूने लगे आसमान

**अल्मोड़ा :** नवरात्र में नगर में फलों के दाम भी आसमान छूने लगे हैं। फलों के दामों में बीस से पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। नवरात्र में श्रद्धालुओं द्वारा उपवास रखने के कारण फलों की खपत काफी बढ़ जाती है। जिस कारण मंडियों से ही फलों के दामों में वृद्धि हो जाती है। इन दिनों नगर में सेब के दाम डेढ़ सौ से लेकर दो सौ रुपये प्रति किलो, अनार एक सौ बीस रुपये से एक सौ चालीस रुपये और केले के दाम साठ से अस्सी रुपये प्रति दर्जन तक पहुंच गए हैं। फलों के साथ ही सब्जियों के दामों में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। फल और सब्जियों के दामों में वृद्धि के कारण अब महिलाओं के घर का बजट भी गड़बड़ा रहा है।

### डायट में प्रशिक्षुओं ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**अल्मोड़ा :** जिला शिक्षा एव प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा में डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित स्काउट गाइड शिविर जारी है। शुक्रवार को मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षुओं को शिविर के दौरान प्रतिज्ञा, प्रार्थना, नियम, झंडा गीत, स्काउट आंदोलन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा शिविर में प्रशिक्षुओं को आपदा काल के दौरान तुरंत राहत कार्य शुरू करने के लिए पुल निर्माण, कैंपिंग और आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य जरूरी कार्यों का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने कहा कि आपदा काल के दौरान हमें जितनी जल्दी हो सके राहत कार्य शुरू करने पर ध्यान देना चाहिए। प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को जीवन में अपनाने की बात भी प्रशिक्षुओं से कही। शिविर में शेर राम, मीनाक्षी जोशी, पूरन पांडे, राजेंद्र सिंह, गरिमा राणा, भुवनेश्वरी, दीप्ति आदि मौजूद रहे।

# मोदी के नेतृत्व में महाशक्ति बनेगा भारत: धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने द्वाराहाट और दन्या में चुनावी सभा में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की

संवाददाता, अल्मोड़ा



दन्या में जनसभा के दौरान सीएम का स्वागत करते विधायक मेहरा व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से गहरा लगाव है। पीएम का देवभूमि के प्रति यह लगाव उन्हें बार बार यहां खींच लाता है। मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड के साथ ही पूरे देश के विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हुए हैं।

हमें फिर से तीसरी बार देश की कमान पीएम मोदी के हाथों में देनी है, ताकि उत्तराखंड विकास के नित नए आयाम स्थापित कर सके। यह बात सीएम धामी ने शुक्रवार को जिले की द्वाराहाट विधानसभा में आयोजित जनसभा में कही। उन्होंने कहा कि मां दूनागिरि की पावन स्थली द्वाराहाट में जनता के समर्थन से वह खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही उत्तराखंड का सर्वांगीण विकास संभव हो पाया है। उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों को नई पहचान देने और प्रदेश के आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में डबल इंजन सरकार का योगदान महत्वपूर्ण है। इसलिए लोकसभा चुनाव में प्रदेश की पांचों सीटें जिताकर पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

द्वाराहाट के बाद सीएम धामी ने जागेश्वर के दन्या में भी चुनावी सभा को संबोधित किया। दन्या में सभा को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि वर्ष 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद देश के अनेक ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। जिन्हें करने में तब से पहले की सरकारें कतराती थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370, राम मंदिर निर्माण, समान नागरिक कानून समेत अनेक ऐतिहासिक कार्य कर देश को एक नई दिशा दी है। धामी ने आज कि भारत की गिनती विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में हो रही है और आने वाले पांच सालों में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सीएम धामी ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, लैंड जेहाद, दंगा विरोधी कानून को अमल में लाने में भी सफलता मिली है।

दोनों सभाओं में सीएम ने लोगों से भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। द्वाराहाट और दन्या में सभा के दौरान जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, विधायक मोहन सिंह मेहरा, प्रकाश भट्ट, मीना भैंसोड़ा, सुभाष पांडे, गौरव पांडे, नरेंद्र बिष्ट, शिव सिंह बिष्ट, महेश नेगी, दीप पांडे, सुरेंद्र संगेला, सदानंद पांडे, नाराण रौतेला, गणेश नायक, धनश्याम भट्ट, युगल शर्मा समेत अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोदी का प्रणाम लेकर पहुंचा हूं अल्मोड़ा

**अल्मोड़ा :** शुक्रवार को जिले में दो सभाओं के दौरान सीएम पुष्कर धामी स्थानीय लोगों से मिले। द्वाराहाट में रोड शो के दौरान धामी लोगों से हाथ मिलाते हुए नजर आए तो दूर खड़े लोगों का भी अभिवादन स्वीकार किया। दोनों जगह सभाओं में उन्होंने कहा कि वह सांस्कृतिक जिले के क्षेत्रवासियों के लिए पीएम मोदी का प्रणाम लेकर आए हैं। धामी ने कहा कि लोकसभा चुनावों में जनता का अपार समर्थन पीएम मोदी के साथ है। जनता का सही समर्थन पीएम मोदी के सपनों को साकार कर प्रदेश को विकास की गति देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

## शिक्षा व पोषण के लिए जारी किया घोषणा पत्र

**अल्मोड़ा :** लोकसभा चुनावों को देखते हुए बाल श्रम के खिलाफ अभियान, आरटीई फोरम और उत्तराखंड फोर्सेज ने संयुक्त रूप से बच्चों की शिक्षा, पोषण एवं बाल श्रम को रोकने के लिए एक सार्वजनिक घोषणा पत्र जारी किया है।

घोषणा पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में शिक्षा का अधिकार कानून केवल 25.5 प्रतिशत विद्यालयों में ही लागू हो सका है। जबकि वर्तमान में देश के शिक्षकों के हजारों पद खाली है। आरटीई के तहत प्रत्येक एक किमी पर प्राथमिक विद्यालय होने का कानूनी प्रावधान भी लागू नहीं हुआ है। इसलिए 2026 तक सभी स्कूलों को आरटीई के तहत पूर्ण रूप से सुसज्जित कर वहां सभी मानकों को लागू किया जाए। शिक्षा के अधिकार का दायरा 18 वर्ष तथा बाल श्रम को 18 वर्ष तक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की मांग उठाई गई है। घोषणा पत्र में बाल श्रम को रोकने के लिए टास्क फोर्स को सक्रिय करने, बाल श्रम से मुक्त कराए बच्चों के लिए पुनर्वास निधि के तहत संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

# प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों का टोटा

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ स्कूलों में 2573 पदों के सापेक्ष 412 पद चल रहे हैं रिक्त

**अमृत विचार :** एक तरफ जहां प्रदेश के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में नौनिहालों को बेहतर शिक्षा दिए जाने के तमाम दावे किए जा रहे हैं। वहीं जिले के सरकारी प्राइमरी स्कूलों में शिक्षकों का टोटा बना हुआ है। लेकिन मांग के बाद भी विभाग प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त पड़े इन पदों पर शिक्षकों की तैनाती नहीं कर पा रहा है।

अल्मोड़ा जिले में वर्तमान में 1247 प्राथमिक विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में करीब 21,239 छात्र छात्राएं अध्ययन करते हैं। इन नौनिहालों को शिक्षा देने के लिए विभाग ने इन स्कूलों में शिक्षकों के करीब 2573 पद स्वीकृत किए हैं। जिनमें से 412 शिक्षकों के पद लंबे समय से रिक्त हैं। जिले के हवालबाग विकास खंड में 17, ताकुला में 28, भिकियासैंण में 49, स्याल्दे में 63, भैंसियाछाना में 26, धौलादेवी में 66, लमगड़ा में 35, चौखुटिया में 40, सल्ट में 33, द्वाराहाट में 24, ताड़ीखेत में 31 शिक्षकों के रिक्त पदों पर लंबे समय से तैनाती नहीं हो पाई है। कई जगहों पर शिक्षकों की तैनाती के लिए अभिभावक कई बार आंदोलन भी कर चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी नतीजा सिफर ही रहा। जिस कारण शिक्षकों की कमी वाले विद्यालयों में नौनिहालों का भविष्य लगातार गर्त की ओर जा रहा है। स्कूलों में जैसे तैसे तैनात शिक्षक अन्य कक्षाओं का शिक्षण कार्य पूरा करा रहे हैं। इधर बेसिक शिक्षा अधिकारी अत्रेश सयाना का कहना है कि रिक्त पदों पर तैनाती निदेशालय स्तर पर ही संभव है। रिक्त पदों की सूची उच्च अधिकारियों को भेजी गई है। निदेशालय स्तर से शिक्षकों की तैनाती होने पर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जरूरतमंद स्कूलों में नियुक्ति दी जाएगी।

## वेब कास्टिंग के लिए कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

**अल्मोड़ा :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान अल्मोड़ा की सभी छह विधानसभाओं के 460 मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। शुक्रवार को दूसरे दिन रानीखेत विधानसभा के 75, सल्ट विधानसभा के 80 व द्वाराहाट विधानसभा के 85 कार्मिकों को विकास भवन अल्मोड़ा में इसके लिए प्रशिक्षण दिया गया। नोडल अधिकारी वेब कास्टिंग रितिका पाल ने सभी कार्मिकों को वेब कास्टिंग के लिए की जाने वाली सभी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक सौंपे गए कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन मतदेय स्थलों पर वेब कास्टिंग की जानी है, उसके लिए नियुक्त कार्मिक अपने मतदेय स्थलों को पहले से ही देख लें एवं इस संबंध में सभी व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित कर लें। ताकि बाद में किसी प्रकार का व्यवधान सामने न आ सके।

# शारदा घाट में स्नान को उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, टनकपुर


टनकपुर के शारदा घाट में स्नान को पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के चौथे दिन भी हजारों श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को पहुंचे। वहीं टनकपुर के शारदा घाट में भी इस समय स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ा. को देखते हुए प्रशासन ने भैरव मंदिर से मुख्य मंदिर तक जगह-जगह बैरिकेटिंग लगाए गए है। जिसके कारण श्रद्धालुओं को मां पूर्णागिरि धाम तक पहुंचने में काफी समय लग रहा है। दिन में गर्मी होने के कारण श्रद्धालुओं को लंबी कतार में खड़े होकर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही टनकपुर के शारदा घाट में भी स्नान के लिए इस समय भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु स्नान के बाद पूजा अर्चना भी कर रहे हैं।

# ग्रामीणों का रोड नहीं तो वोट नहीं का ऐलान



धरना प्रदर्शन करते ऐना गांव के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** द्वाराहाट के ऐनापार तोक के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में सड़क नहीं तो वोट नहीं देने का फैसला लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक सड़क नहीं होने से खासी दिक्कतें होती हैं। करीब तीन किमी. सड़क नहीं बनने से लोगों को सिलेंडर अपने सिर पर और किसी के बीमार पड़ने पर उसे डोली में ले जाना पड़ता है। बच्चों को स्कूल आने-जाने में पैदल यात्रा करनी पड़ती है। गांव में अनुसूचित जाति के परिवार रहते हैं, जिनकी कुल आबादी करीब 300 है। ग्रामीण प्रकाश चंद्र ने बताया कि 2021 में विधायक निधि से एक किमी. सड़क का निर्माण होना था लेकिन वह भी नहीं हो पाया।

# चुनाव बहिष्कार को लेकर वार्ता विफल

संवाददाता, रानीखेत


चुनाव बहिष्कार को लेकर प्रशासन और संघर्ष समिति के बीच वार्ता में मौजूद लोग।

**अमृत विचार :** रानीखेत विकास संघर्ष समिति और प्रशासन के बीच मतदान करने को लेकर वार्ता सफल नहीं हो पाई। संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने समिति के लोगों से कहा कि लोकसभा चुनाव का बहिष्कार न कर अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग करें। कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए चुनाव के बाद पहल की जाएगी।

गौरतलब है कि रानीखेत विकास संघर्ष समिति के द्वारा छावनी क्षेत्र के सिविल एरिया को नगर पालिका में मिलाए जाने को लेकर 100 दिन तक धरना प्रदर्शन किया। आचार संहिता के पश्चात धरना प्रदर्शन बंद कर दिया गया। और समिति की ओर से लोकसभा चुनाव के बहिष्कार के लिए मुहिम छेड़ दी गई। जिसके चलते शुक्रवार को तहसील सभागार में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल व रानीखेत विकास संघर्ष समिति के सदस्यों के मध्य वार्ता हुई। जिसमें समिति के लोगों ने कहा कैंट के नियमों के चलते लोग काफी परेशान हैं। समिति के पदाधिकारी गिरीश भगत ने कहा कि प्रशासन के साथ सौहार्दपूर्ण वार्ता हुई। लेकिन लोकसभा चुनाव का बहिष्कार जारी रहेगा। वार्ता में कैलाश पांडेय, गिरीश भगत, अगस्त लाल साह, दीप भगत, अनिल वर्मा, चारू पंत, दीपक गर्ग, गिरीश मैनाली, किरन लाल साह, मुकेश साह आदि रहे।

## वर्ग पहेली-38

**बाएं से दाएं**

1. 1. निकालने की क्रिया या भाव 2. निकाले या बेदख़ल किए जाने का दंड, निष्कासन।

3. 1. रुई धुनने का औज़ार, फटका, कठेल, धनुआ, पीजन 2. बच्चों के खेलने का छोटा धनुष।

4. 1. भौचक्का होना, चकित या स्तंभित होना 2. व्यर्थ बोलना, बकना 3. रटना।

7. 1. वायुपरिवहन तथा उसका अभ्यास 2. वायुयान चलाने का विज्ञान, विमानशास्त्र, (एयरनॉटिक्स)।

8. दे. बेशर्मी।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. पलक का झपकना 2. पलक झपकने भर का समय या क्षण, पल।

2. 1. गिनती करने की क्रिया, किसी क्रम विशेष में अंकों का उच्चारण, संख्या जानना 2. हिसाब लगाना, गणना करना 3. किसी को महत्व देना या महत्वपूर्ण समझना।

3. 1. पेट और छाती के मध्य का गहरा भाग 2. हृदय 3. भय या संकोच के कारण हृदय की तेज़ धड़कन, धकधक 4. आशंका, व्याकुलता 5. डर, भय 6. गले में पहना जाने वाला एक आभूषण।

5. 1. जिसका उपचार किया गया हो 2. सेवित, पूजित।

6. 1. प्रदर्शनी, दिखावा, दिखावट, (एग्ज़िबिशन) 2. ठाठ-बाट, तड़क-भड़क 3. अद्भुत वस्तुओं का प्रदर्शन 4. वह स्थान जहां उक्त प्रकार की वस्तुएं लोगों को दिखाने के लिए रखी जाती हैं।



### वर्ग पहेली -37 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 त | क | 2 दी | र | | 3 टो |
| | | | वा | | | ली |
| | 4 प | | ने | | | |
| | दा | | 5 आ | ब | 6 पा | शी |
| 7 अ | नु | का | म | | इ | |
| | रा | | | 8 ब | रे | ठा |
| 9 अँ | ग | ड़ा | ई | | सी | |

## सुडोकू -117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | 6 | | 4 | | |
| 9 | | | | | | 5 | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 7 |
| | 3 | | | | 8 | | | 4 |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | | | 9 | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| | | 2 | | | 4 | | | 6 |
| | | 5 | | 7 | | | 4 | |

### सुडोकू -116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 12.04 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** – आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। दोपहर के बाद व्यवसाय से अच्छा धन लाभ हो सकता है। अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक रूप से हलकापन महसूस करेंगे।

**वृष** – आज जरूरी काम लंबित हो सकते हैं। दूसरों के काम में कमियां न निकालें। निर्णय लेने में थोड़ी बहुत चूक हो सकती है। कुछ असंतोष की स्थितियां बन सकती हैं। पति-पत्नी के बीच संबंधों में कुछ दबाव सा महसूस करेंगे।

**मिथुन** – आज समाज में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। कम समय में उच्चतम गुणवत्ता का काम करने से आपको यश मिलेगा। कारोबारियों के लिए दिन बहुत शुभ है। नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कर्क** – आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निर्णय न लें। मित्रों के स्वभाव में आया अचानक बदलाव आपको दुखी कर सकता है। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। अत्यधिक काम के कारण आपको आराम नहीं मिलेगा जिसके कारण थकान महसूस हो सकती है।

**सिंह** – आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यवसाय में कुछ धीमेपन के बाद अच्छी गति रहेगी। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप परोपकार के कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं।

**कन्या** – आज राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का परिचय देंगे। पैतृक व्यवसाय में तेजी आएगी। पुरानी यादें दोबारा ताजा हो सकती हैं। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। अवसरों का लाभ उठाने में चूक न करें। परिजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आज युवा प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। बनते कार्यों में रुकावटें आने की आशंका है। माता-पिता या गुरुजनों की सलाह अवश्य लें। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा करने से बचें।

**वृश्चिक** – आज आपका मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें। गैरकानूनी कार्यों की तरफ रुचि लेना उचित नहीं है। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।


**धनु** – आज अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यापारिक गतिविधियां उत्तम रहेंगी। घर के सभी सदस्य आपके ऊपर काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। उच्च अधिकारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

**मकर** – आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से बड़ा धन लाभ होगा। घर में निकट संबंधी और रिश्तेदार आ सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। परिवार में आपसी प्रेम और स्नेह बढ़ेगा।

**कुंभ** – आज नए व्यवसाय की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता के कारण परेशानी हो सकती है। व्यर्थ की गतिविधियों में धन बर्बाद न करें। पढ़ाई में थोड़ी परेशानी होगी। नसों में खिंचाव और दर्द की शिकायत हो सकती है।

**मीन** – आज व्यवसाय में बड़ी डील को लेकर परेशानी हो सकती है। आपका मन नहीं लगेगा। निजी मामलों को लेकर बाहरी लोगों से सलाह न लें। परिवार में कुछ समस्या हो सकती है। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 14 अप्रैल 12.49 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मेला – दोपहर : 02.44
- जान से प्यारा – रात : 07.00

&pictures
- अल्लुडु एडर्स – सुबह : 08.43
- शिवम – शाम : 04.40

SONY PIX
- जॉम्बीलैंड – सुबह : 11.21
- लाइफ – रात : 07.16

ZEE CINEMA
- हम साथ साथ हैं – सुबह : 10.10
- यमला पगला दीवाना – रात : 07.15

StarGold SELECT
- वेल डन अब्बा – सुबह : 09.15
- हम दो हमारे दो – रात : 09.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 07.15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई, लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# शांतिपूर्ण संबंध महत्वपूर्ण

देश में लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और चीन-भारत सीमा विवाद को लेकर विपक्ष सरकार के फैसलों को लेकर आक्रामक है। ऐसे समय में चीन को लेकर दिया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान काफी महत्व रखता है। प्रधानमंत्री ने अमेरिका की एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं और सीमाओं पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आशा जताई थी कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे। इस बयान पर चीन की प्रतिक्रिया विस्तार से आई है। शुक्रवार को चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने में सकारात्मक प्रगति हुई है। खास बात है कि पिछले कुछ दिनों में यह दूसरा मौका है जब चीन ने मोदी के साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया दी है। पिछली बार प्रधानमंत्री मोदी ने हिरोशिमा में ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि चीन के साथ भारत की सीमा पर शांति सामान्य संबंधों के लिए आवश्यक है और भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि भारत के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा होने के कारण भारत और चीन के बीच आए दिन विवाद होता रहता है। हाल ही में उसने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपना अड़ियल रवैया दिखाया था। पैंगोंग त्सो झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा होने के बाद से व्यापार संबंधों को छोड़कर भारत और चीन के बीच संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाने की जरूरत बताई है, जो कि उनकी परिपक्वता को दर्शाता है। दोनों देश पड़ोसी होने के साथ ही दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। इसलिए किसी भी तरह के टकराव से दोनों का ही नुकसान है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना सही है कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए भारत-चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध अहम हैं। स्थिर एवं शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों, बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। चीन यदि भारत की इस पहल को स्वीकार कर ले और दोनों के बीच शांतिपूर्ण संबंध बनते हैं तो दोनों देशों की तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

# संक्रामक रोगों की पूर्व सूचना और प्रबंधन का भारतीय तंत्र



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

देश में 34 किस्म के संक्रामक रोगों के बारे में 'पी' और 'एल' फॉर्म में डेटा लिया जाता है। 'पी' फॉर्म डॉक्टर्स द्वारा और 'एल' फॉर्म लैबोरेट्रीज द्वारा भरा जाता है, जो अंत में दिल्ली में प्रोग्राम मुख्यालय में पहुंचकर जमा होता है।

भारत में विषाणु और जीवाणु जनित टायफायड, निमोनिया, हेपेटाइटिस और रोगवाहक कीटों द्वारा फैलाए जाने वाले डेंगू, चिकगुनिया, मलेरिया, जापानी बुखार जैसे संक्रामक रोग का प्रकोप किस हिस्से में और कितने भू-भाग में कब फैल सकता है, इसे जानने के लिए इंटीग्रेटेड डिजीज स्वार्व्लेंस प्रोग्राम (आईडीएसपी) नाम से एक निगरानी तंत्र सन 2004 में राष्ट्रीय स्तर पर वर्ल्ड बैंक की मदद से स्थापित किया गया था। यह कार्यक्रम सक्रिय और प्रभावशाली रहा है, खासतौर से कोविड-19 के दौरान। निगरानी को सशक्त रखने के लिए पब्लिक हेल्थ सेंटर्स और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर्स का नेटवर्क इसके लिए काम करता है। इस नेटवर्क में मौजूद स्वास्थ्य सेवा तंत्र के अंतर्गत पीएचसी/सीएचसी, सिविल अस्पताल, मेडिकल स्कूल्स, शोध संस्थानों से जुड़े हुए इंडोर अस्पताल, पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट्स ऑफ़ मेडिकल साइंसेज और 'कैशलेस' इलाज देने वाले अस्पताल शामिल हैं।

देश में 34 किस्म के संक्रामक रोगों के बारे में 'पी' और 'एल' फॉर्म में डेटा लिया जाता है। 'पी' फॉर्म डॉक्टर्स द्वारा और 'एल' फॉर्म लैबोरेट्रीज द्वारा भरा जाता है जो अंत में दिल्ली में प्रोग्राम मुख्यालय में पहुंचकर जमा होता है। यहां इसकी स्टेटिस्टिकल एनालिसिस की जाती है जिससे संक्रामक रोगों के प्रकोप और प्रसार क्षेत्र का अध्ययन करते समय इसकी 'प्रिडिक्टिव वैल्यू' भी देखी जा सके। देश के सभी जिलों के पिछले 15 साल के डेटा के इस्तेमाल से यह मालूम होता है कि कब, कहां, कितनी तीव्रता का कौन से संक्रामक रोग का प्रकोप हुआ और कितने जन इससे प्रभावित हुए। इसकी मैपिंग और ग्राफ़िक्स अनेक विधियों से तैयार करके नीति निर्धारकों को उपलब्ध करवाई जाती है। उक्त फार्मों में मृत्यु का डेटा नहीं भरा जाता क्योंकि यह किसी और प्रोग्राम के अंतर्गत संकलित किया जाता है। संक्रमण और इसके रोगकारकों की सूची में निगरानी के लिए शामिल की गयी 34 बीमारियों की परिभाषा दर्ज है। फिर भी संक्रामकों में कायात्मक और संरचनात्मक रूप से अनदेखे या अनजाने परिवर्तन, जैसे कि विषाणु एवं जीवाणु की आनुवांशिक संरचना के किस एक अंश या रोगवाहक के स्वभाव में परिवर्तन होना, होते हैं

भारत में 'डिजीज आउटब्रेक फोरकास्टिंग सिस्टम' आईडीएसपी का ही हिस्सा है, लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पूर्व सूचना या चेतावनी पेंडेमिक, एपिडेमिक, एंडेमिक प्रकृति की है या आउट-ब्रेक, क्योंकि मोनिटरिंग और कंट्रोल के संसाधनों की मोबिलिटी इसी घोषणा पर आधारित होती है।

जिनकी वजह से संक्रामकता और प्रकोप में फर्क पड़ता है। शोध-संधान से जब यह मालूम होता है तब डिजीज स्वायलेंस प्रोग्राम में इसे शामिल करके 'इंटेलिजेंस अपडेट' लिया जाता है। वर्ल्ड बैंक के साथ समझौते की अवधि सातवीं पंचवर्षीय योजना अर्थात सन 2017 तक थी। इसके बाद यह भारत के स्वास्थ्य तंत्र का स्थायी हिस्सा है जो कि नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के भीतर ही काम करता है।

भारत में 'डिजीज आउटब्रेक फोरकास्टिंग सिस्टम' आईडीएसपी का ही हिस्सा है। लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पूर्व सूचना या चेतावनी पेंडेमिक, एपिडेमिक, एंडेमिक प्रकृति की है या आउट-ब्रेक, क्योंकि मोनिटरिंग और कण्ट्रोल के संसाधनों की मोबिलिटी इसी घोषणा पर आधारित होती है। संक्रामक रोगों में एक वायरल हैं जो विषाणुओं से फैलते हैं और दूसरा, बैक्टीरियल हैं जिन्हें जीवाणुओं द्वारा फैलाया जाता है। इन दोनों में भी संक्रमण के कारकों, प्रसार की गति, संक्रमण की अवधि और इलाज की पद्धतियां अलग हैं। एंटी-वायरल या एंटीबायोटिक्स से तभी इलाज किया जाता है जब जीवन बचाने के लिए और इन्फेक्शन को क्लियर करने के लिए ऐसा करना जरूरी समझा जाए। ऐसा करने के क्लिनिकल प्रोटोकॉल बिलकुल स्पष्ट हैं। कुछेक के लिए संक्रमण की प्राथमिक स्थिति के लिए औषधि देने की सिफारिश नहीं है जैसे कि हैज़ा और कोविड-सार्स-2 या कोविड-19 जैसे प्राणलेवा संक्रमण के लिए भी। कॉलरा या हैजा और डायरियल डिजीजेज़ (अतिसार/पेचिश) की ईटियलजि भी अलग है और कारक या एजेंट भी। इस तरफ मेरा ध्यान इसलिए गया कि दक्षिण भारत में इस समय वातावरण में तापमान 39-44 डिग्री सेल्सियस है अर्थात गर्मी का प्रभाव खूब है और बरसात होने के आसार अभी नहीं हैं। एनडीएमए और भारत मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि दक्षिण भारत में औसत से अधिक गर्मी का अचानक प्रकोप होने से सभी लोग अपने साथ ऑरल री-हाइड्रेशन सलूशन (ओआरएस) का पैकेट रखें ताकि निर्जलीकरण अथवा हैज़ा आदि के संक्रमण से बचा जा सके। हैज़ा से किसी व्यक्ति के प्रभावित होने के चांस गर्मी की ऋतु में, मई और जून के महीनों में ही अकसर होते हैं, जैसाकि आईडीएसपी द्वारा तैयार डिजीज मैप्स से मालूम पड़ता है। अकसर ही असावधानीवश प्यासा होने पर संक्रमित पानी पी लिया जाता है। इसमें हैज़ा का जीवाणु -विब्रियो कॉलरी अगर मौजूद है तो 6 से 48 घंटा के भीतर इससे शरीर में क्लिनिकल लक्षण दिखाने शुरू हो जाएंगे।

व्यक्ति, गंभीर रूप अस्वस्थ होकर उल्टी-दस्त करेगा और शरीर की तेज़ी से निर्जलीकरण होगा। संक्रमण जीवाणु के किस विभेद (स्ट्रेन) से हुआ यह मालूम करना बाद का काम है क्योंकि गंभीर रूप से बीमार होने की स्थिति में एंटीबायोटिक्स देने का विचार भी किया जाता है। पानी की अत्यधिक कमी होने और शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को डांवाडोल स्थिति से निकालने के लिए ओआरएस का घोल पीना पड़ता है। निर्जलीकरण दूर करने लिए ओआरएस जीवन रक्षक समाधान है, खासकर बीमारी या अत्यधिक गर्मी के मौसम में। उचित मार्गदर्शन और उपयोग के लिए एक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से हमेशा परामर्श करें। मार्किट में ओआरएस की 71 ब्रांड उपलब्ध हैं। प्रयोगकर्ता भ्रमित न हों, ऐसे में मार्गदर्शन के लिए सैशे पर प्रिंट की गई जरूरी सूचना को पढ़ लेना चाहिए।

डिजीज आउटब्रेक फोरकास्काटिंग का चुनावगर्मी, मनुष्यों की गहमा-गहमी और ऋतुजनित गर्मी से घनिष्ठ सह-संबंध बनता है। ऐसे में सरकारी तंत्र संक्रामक रोगों के पैदा होने की संभावना के बारे में समयानुसार चेतावनी देने और सक्रिय होने का पर्याप्त अवसर देता है। शायद यह मौक़ा है जब आम चुनाव के मौके पर गर्म ऋतु में चेतावनी जारी की गई है। डिजीज आउटब्रेक के बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। अगर ऐसा करेंगे तो 'पैनिक' फ़ैल सकता है। इंतजार रहता है उस प्रथम सूचना रिपोर्ट का जो त्वरित गति से मीडिया माध्यमों में पहले प्रकट होती है।

भारत के डिजीज स्वायलेंस सिस्टम के अंतर्गत इंडियन कौंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च, नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एपिडेमियोलॉजी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉलरा एंड एंटैरिक डिजीजेज़, नेशनल सेंटर फॉर वेक्टरबोर्न डिजीजेज़ कण्ट्रोल, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी, और आईसीएमआर के गोरखपुर और भुवनेश्वर स्थित रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर्स आदि सहयोगी संस्थान हैं जिनके वैज्ञानिक देश में संक्रामक बीमारियों -पुरानी, नईं और उभरती हुईं, पर निगाह रखते हैं। इसके लिए ज्योग्राफिकल निगरानी तंत्र भी काम करता है जो उपग्रह प्रणाली से जुड़ा रहता है।

मौसम की शार्ट और लॉंग-टर्म भविष्यवाणी करने के लिए जिस तरह ख़ास पैरामीटर्स का अध्ययन किया जाता है उसी प्रकार से डिजीज सर्वायलैंस सिस्टम अपने लिए अलग पैरामीटर्स इस्तेमाल करता है। ऐतिहासिक डेटा की 'माइनिंग' और ताज़ा आंकड़ों के दृष्टिगत किये गए विश्लेषण से प्राप्त हुए संकेतों के आधार पर डिजीज फोरकास्टिंग की जा सकती है। मकसद, जनता को भयभीत करना नहीं होता बल्कि खुद तैयारी किए जाने के अलावा चौकस रहकर देश में रहने वालों की सेहत और जान के प्रति संवेदनशील रहना है। प्रशंसनीय है कि इस बार गर्मी के मौसम में निर्धारित किए गए चुनावों के लिए प्रचार और जनसभाओं के दौरान निर्जलीकरण से बचने के लिए ओआरएस का प्रबंध करने और इसे सभी को अपने पास रखे जाने की सिफारिश सरकार की ओर से हुई है। उपरोक्त परिदृश्य के संबंध में नीति आयोग द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित किया गया दस्तावेज़ 'विज़न 2035: पब्लिक हेल्थ स्वार्व्लेंस इन इंडिया' देखने लायक है। इसके अलावा महत्वपूर्ण जानकारी आईडीएसपी के वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसे देखकर यह संतोष होता है कि स्वास्थ्य के पहरुए मोर्चे पर तैनात हैं और जागरूक भी।

## प्रसंगवश

# विविधताओं से भरा देश



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

जैसे हमारा अपना धर्म होता है, उसी तरह देश का भी धर्म होता है। जैसे हमें खुद को समझना चाहिए, अपना गहराई से निरीक्षण करना चाहिए, खुद से मिलना चाहिए, वैसे ही हमें अपने देश को समझना चाहिए, उसके धर्म को समझना चाहिए। जरूरत पर उसकी खोज करनी चाहिए। हमारी श्रेष्ठता की सोच (जाति/धर्म/ लिंग की श्रेष्ठता) ने देश को काफी नुकसान पहुंचाया है।

हमारा देश विविधताओं से भरा है, जाति की, धर्म की, भाषा की, बोली की। हर विविधता को फलने-फूलना का पूरा मौका ही देश को सशक्त बनाता है। सामाजिक समरसता हमारे जैसे देश के आर्थिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। विदेशी निवेश कम हो रहा है? इसके पीछे कहीं सामाजिक समरसता का अभाव तो नहीं है, यह शोध किया और समझा जाना चाहिए। इसी विविधता में पले बढ़े होने के कारण तो गालिब ने कहा- हम को मालूम है जन्नत की हकीकत, लेकिन दिल के खुश रखने को 'गालिब' ये खयाल अच्छा है मुंशी नबी बख़्श हकीर के नाम गालिब ने लिखा था-'रोजा रखता हूं मगर रोजे को बहलाए रहता हूं। कभी पानी पी लिया, कभी हुक्का पी लिया, कभी कोई टुकड़ा रोटी का खा लिया। यहां के लोग अजब फहम और तुरफा रविश (अमीरों की चाल-ढाल) रखते हैं। मैं तो रोजे को बहलाए रहता हूं और ये साहब फरमाते हैं कि तू रोजा नहीं रखता। ये नहीं समझते कि रोजा न रखना और चीज है और रोजा बहलाना और बात है।'

गालिब मानवतावादी थे। उन्होंने लिखा है -'मुझमे मुसलमान के कोई लक्षण नहीं हैं। फिर भी पता नहीं क्यों जब भी मैं दुनिया के किसी कोने में मुसलमानों के अपमान, अपयश की बात सुनता हूं तो मेरे दिल पर अफसोस और मलाल छा जाता है'। हाली का कहना था कि उनका मिजाज इतना 'शोख' (शरारती) था कि कोई 'गर्म' ख़याल आने पर वे उसे बेसाख्ता बोल पड़ते थे, बिना परवाह किए कि ऐसा कहने पर लोग उन्हें काफिर या रिंद या धर्मभ्रष्ट समझ बैठेंगे।

# बस्ते के बोझ से बेहाल बचपन



बीना नयाल
नई दिल्ली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा पहली से 12 वीं तक बस्ते का वजन बच्चों के वजन का औसतन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

विद्यालयों में नया सत्र के आरंभ होने के साथ ही बच्चों की नियमित कक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं। सवेरे-सवेरे स्कूल जाते बच्चों को भागते-दौड़ते हुए नाजुक कंधों पर वजनदार बस्तों का बोझ ढोते आसानी से देख सकते हैं और अगर उनकी तुलना आप अपने बचपन से करेंगे तो पाएंगे कि पूंजीवाद आधारित विद्यालयों की व्यवस्था में पढ़ाई के बोझ तले बच्चा कुम्हलाता जा रहा है।

आम जनता की तिरछी निगाहें एक और सरकारी स्कूलों की ओर प्रश्नवाचक दृष्टि की होती है तो प्राइवेट स्कूलों में अभिभावक अपनी आय का एक बड़ा प्रतिशत स्कूलों की फीस से लेकर बच्चों की प्राइवेट कोचिंग तक में खर्च कर इनकी मनमानी झेलने को त्रस्त हैं। जहां सरकारी विद्यालयों में बस्ते के बोझ को हल्का करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाता है, वहीं प्राइवेट स्कूलों द्वारा आय में वृद्धि करने हेतु अपने प्रकाशकों द्वारा छापी जाने वाली एक ही विषय की तीन-तीन पुस्तकें और अनियोजित टाइम टेबल के कारण बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्देशों के मानकों का दो गुना वजन वहन करने को बाध्य किया जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा पहली से 12 वीं तक बस्ते का वजन बच्चों के वजन का औसतन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। मेरा स्वयं का बच्चा आठवीं कक्षा में पढ़ता है और उसके बस्ते का वजन उसके औसत वजन के अनुसार चार किलो से अधिक नहीं होना चाहिए, जबकि पाठ्य पुस्तकों, लंच बॉक्स और पानी की बोतल के साथ यह वजन कई बार 10 किलो का हो जाता है, जो मुझे ही बस स्टॉप तक पहुंचाने में बेहाल कर देता है। ऐसे में बच्चा पहली या दूसरी मंजिल चढ़कर जब अपनी कक्षा में पहुंचता है तो उसकी मांसपेशियों कितना आवश्यक दबाव डाल रहा है, उसे स्वयं भी नहीं पता। उसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव का स्कूल आकलन भी नहीं कर सकता। अपने साथियों से जब मैंने इस विषय पर बात की जिनके बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं तो उन्होंने मुझसे कहा यह आप ही के बच्चों के स्कूल की बात नहीं है, अमूमन यह हर स्कूल की समस्या है।

परीक्षा का परिणाम प्रतिशत बढ़ाने की इतनी होड़ है कि बच्चों को मशीन मान लिया गया है जिससे बच्चों का व्यवहारगत अधिगम और सर्वांगीण विकास कहीं खो गया है। होटल, रेस्टोरेंट और ऑनलाइन माध्यम से प्लास्टिक के डब्बे में खुलेआम खाने की पैकेजिंग चल रही है, जो कि पर्यावरण और सेहत दोनों के लिए हानिकारक है। इसलिए स्कूलों में बच्चों को स्टील के लंच बॉक्स और बोतल लाने के लिए प्रेरित किया जाता है। उचित भी है, लेकिन बाजारवाद के इस दौर में इन स्टील के लंच बॉक्स और बोतलों के ऊपर प्लास्टिक की लुभावनी पैकेजिंग से कई बार बस्ते का वजन मानक वजन से दोगुना तक बढ़ जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि बच्चों को स्कूल में लाकर उपलब्ध कराया जाए और उनके बस्ते का वजन नियमित रूप से मशीनों द्वारा जांचा जाए। साथ ही अभिभावकों का भी कर्तव्य है कि बस्ते का बोझ अधिक होने पर इस संदर्भ में स्कूल प्रशासन से विचार विमर्श करें, लेकिन अधिकतर अभिभावकों को तो छोड़िए, अध्यापक भी दिशा-निर्देशों से अवगत नहीं होते हैं और स्कूल प्रशासन खुले आम नियमों की अनदेखी करता है।

शायद हम भूल जाते हैं कि बच्चों पर बस्ते के बोझ से स्वास्थ्य पर जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, वह भविष्य में उस ऊर्जा से वंचित रह जाता है, जो उसे कैरियर निर्माण के अति महत्वपूर्ण समय पर आवश्यक होती है। स्कूली शिक्षा पर गठित विभिन्न कालों में अलग-अलग समितियों ने शिक्षा को बिना बोझ और सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाने के लिए बस्ते का बोझ कम करने के लिए हमेशा से ही संस्तुतियां की हैं। इसमें से 1993 की यशपाल समिति और 2005 राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट रूप से दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

अतः स्कूलों के शारीरिक और मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए न केवल स्कूल प्रशासन को वरन अध्यापकों को भी इस दिशा में सजग रहना होगा और स्कूल प्रशासन से नियमित रूप से विचार विमर्श करना होगा जिससे शिक्षा बच्चों की सहज प्रवृत्ति के अनुसार अनुरूप सीखने का माध्यम बन सके न कि बोझ बनकर रह जाए।

## सोशल फोरम

# हंसो मत, हिन्दी है



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

स्टेशन पर गाड़ी के इंतजार में खड़े-खड़े एनाउंसमेंट सुन पड़ता है। गाड़ी क्रमांक...प्लेटफॉर्म क्रमांक पर लगाई जा रही है। हैरानी हुई कि अच्छा भला प्रचलित शब्द है गाड़ी संख्या, प्लेटफॉर्म संख्या, लेकिन 'हिंदीकरण' की झक में बेचारा 'संख्या' बलि चढ़ गया और उसकी जगह आ बैठा क्रमांक।

अगर प्लेटफॉर्म चल सकता है तो नंबर क्यों नहीं चल सकता? बोलचाल की भाषा से परहेज को ही शुद्ध भाषा का उदाहरण मानने वाले इसी तरह तत्समीकरण करते हैं। हिंदी तो इतनी जबरदस्त है कि शायद सबसे ज्यादा विभिन्नताओं को जज्ब कर लेती है। जब मैं अध्यापक हो गया था तब बहुत से बिहारी लड़के संपर्क में आए। मगही क्षेत्र के लड़के अक्सर एक दिलचस्प प्रयोग करते थे: अमुक जी डेथ कर गए। फलां जी ने पैदा लिया, लेकिन इस पर कभी हंसी नहीं आई।

हालांकि ये प्रयोग विचित्र थे। हिंदी के स्थानीय रंगत लिए हुए जितने रूप प्रचलन में हैं, वह अपने में शोध का विषय है, जहां तक मुझे मालूम है, इस पर भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से कोई काम नहीं हुआ है। जबकि होना चाहिए ताकि यह दर्ज हो सके कि कलकतिया हिंदी, बंबइया हिंदी, छत्तीसगढ़ी रंगत वाली हिंदी, भोजपुरी असर वाली हिंदी वगैरह कितने रंग हैं इस भाषा के।


यह भाषा की समृद्धि का परिचायक भी है और बोलने वालों को संस्कारित करने का माध्यम भी। क्षेत्रीय रंगों से हिंदी के जो रूप निकलते हैं, उन्हें सुनकर कभी हंसी नहीं आती, लेकिन यह जो 'संख्या' को हटाकर 'क्रमांक' को प्रतिष्ठित करने वाली सरकारी हिंदी है, उसे सुनकर जितनी हंसी आती है, उससे ज्यादा क्रोध आता है। यह बात फिर-फिर याद दिलाने की है कि जनता अपने टकसाल में जिंदा भाषा गढ़ती है, कृत्रिम भाषा नहीं। अंग्रेजी के 'रेल' में हिंदी की 'गाड़ी' जोड़कर रेलगाड़ी शब्द जनता ने बनाया है, सरकारी विद्वानों या अफसरों ने नहीं।

जनता की भाषा निर्माण शक्ति का सबसे अच्छा उदाहरण है 'गिरमिटिया'। एंडेन्चर्ड लेबर के लिए 'अग्रीमेंट' का अपभ्रंश है 'गिरमिटिया', लेकिन जो नई व्यंजना शक्ति गिरमिटिया में आ गई है, वह उसके किसी अंग्रेजी प्रतिरूप या हिंदी अनुवाद में नहीं हो सकती।

-फेसबुक वॉल से

# आजादी की कीमत याद दिलाता है जलियांवाला बाग

## जलियांवाला बाग हत्याकांड की बरसी



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी-बाघा बार्डर पर बीच का भारी भरकम लोहे का गेट और पार खड़े पाकिस्तानी रेंजर्स उस हिस्से की याद दिलाते हैं, जो कभी इस महान देश का अंग था और जिसने अलग होने के बाद भी भारत को सिर्फ घाव ही घाव दिए।

भीड़ के स्वर अचानक थम जाते हैं। उस तारीख की यादें लोगों को आज भी विचलित करती लगती हैं। कतार में दाखिल लोगों की गति अनायास ही मंद पड़ती है और मन बोझिल होता जाता है।


वह भी बैसाखी का ही दिन था। बीच में एक सदी से ज्यादा का फासला तो क्या? घाव के गहरे निशान अभी मौजूद हैं। पुरखों को मिली यातना और दर्द की टीसें आज की पीढ़ियों को बेचैन करती हैं। 13 अप्रैल 1919, जलियांवाला बाग के नरसंहार की मनहूस और दिल दहलाने वाली तारीख। वह गुलामी का दौर था। अंग्रेजों की मनमानी और जुल्म ज्यादती का अंधियारा बढ़ता ही जा रहा था, लेकिन उस अंधेरे का सीना चीरने के लिए आजादी के मतवाले जूझ रहे थे। नतीजों और अपने प्राणों की परवाह उन्हें नहीं थी। उजाले की उन्हें तलाश थी।

अपने राज का सूरज न डूबने के गुरुर में अंग्रेज दमन की किसी हद तक जाने की तैयारी में थे। बिना मुकदमा चलाए बंदी बनाए रखने का अधिकार रॉलेट ऐक्ट के जरिए उन्होंने हासिल कर लिया था। इस काले कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए जलियांवाला बाग में नाराज, लेकिन अनुशासित और शांत भीड़ जुटी थी। हंसराज इस भीड़ को संबोधित कर रहे थे। तब तक जनरल डायर की अगुआई में बाग के इकलौते प्रवेश-निकास द्वार को सैनिकों ने घेर लिया। फिर गोलियों की निर्मम बरसात हुई थी। न गोलियों की गिनती थी और न मरने वालों की। जान बचाने की नाकाम कोशिश में तमाम लोग मैदान के एक किनारे स्थित कुएं में कूद गए थे। बहुतों की देह दीवार फांदने की कोशिश में छलनी होकर तड़पते हुए निस्तेज हो गई। उस दिन अनाथालय की ओर से लोगों को पानी पिलाने की ड्यूटी पर लगे अमर शहीद ऊधम सिंह ने निर्दोष देशवासियों के लहू से तर मिट्टी को लेकर प्रतिशोध की कसम खाई थी। अगले इक्कीस साल जागते-सोते और अंग्रेजों से जूझते वे इस कसम को कभी नहीं भूले। उसे पूरा करके ही वे फांसी के फंदे पर झूले और इसी मैदान की मिट्टी सिर्फ 12 साल की उम्र में शहीदे आजम भगत सिंह ने संजो के घर के पूजा स्थल पर रखी थी।

बेशक जुल्मी सत्ता जलियांवाला बाग में निर्दोषों पर भारी पड़ी थी, लेकिन इस नरसंहार ने देशवासियों और खासतौर पर नौजवानों में अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंकने का संकल्प भर दिया था। बचपन से ही जलियांवाला बाग कांड के विषय में पढ़ा, जाना और सुना। देश के लिए मर मिटने वालों के विषय में लिखते हुए भी बार-बार जलियांवाला बाग प्रसंग ने बेचैन किया। पहली बार अमृतसर आने का अवसर मिला तो कुर्बान हो जाने वालों को अपने अंदाज में नमन किया। भोर में पवित्र स्वर्ण मंदिर के दर्शन और गुरुग्रंथ साहब के सामने मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उसके बाद जलियांवाला बाग में एक बार फिर प्रवेश किया। पंजाब सरकार ने आजादी के संघर्ष के इस महान स्मारक को करीने से संजोया-संवारा है। तीन पुरानी दीवारें संरक्षित हैं, जिन पर दर्जनों गोलियों के निशान अभी मौजूद हैं। वह चौड़ा-गहरा कुंआ भी जिसमें कूदकर जान बचाने की कोशिश में सैकड़ों की जानें गईं।

इस कांड की पृष्ठभूमि और पूरे घटनाक्रम को शब्दों, चित्रों और अखबारी कतरनों के जरिए बखूबी परिचित कराया गया है। उस समय जीवित बचे कुछ चश्मदीदों के विचलित करने वाले बयान भी प्रदर्शित हैं। उस अभागी रतन कुमारी का दिल दहलाने वाला बयान भी है, जो इस निर्मम कांड के बाद देर शाम अपने पति की तलाश में वहां पहुंची थी। चारों ओर लाशें बिखरी हुई थीं। किसी की छाती तो किसी की पीठ छलनी थी। उस खौफनाक सन्नाटे बीच रतन कुमारी को सिर्फ जानवरों की रोती आवाजें सुनाई पड़ी थीं। भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी-बाघा बार्डर पर बीच का भारी भरकम लोहे का गेट और पार खड़े पाकिस्तानी रेंजर्स उस हिस्से की याद दिलाते हैं, जो कभी इस महान देश का अंग था और जिसने अलग होने के बाद भी भारत को सिर्फ घाव ही घाव दिए।

# लड़की होने का अफसोस नहीं



अनूप शुक्ल
कानपुर

कल बरामदे में कुछ बच्चियां दिखीं। इधर से उधर। उधर से इधर आते-जाते। हमने सोचा कोई परिवार आया होगा कुछ दिन के लिए रहने। शाम को पता चला कि ये बच्चियां शहडोल मंडल से यहां राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने आई हैं। रहने का कहीं और इंतजाम न होने के चलते मेस में व्यवस्था की गई। बच्चियों से बात करने पर पता चला कि कुछ बच्चियां हॉकी की खिलाड़ी हैं। कबड्डी की प्रतियोगिता हुई तो कबड्डी खेलने आ गईं। अलग-अलग जगहों से आई हैं। खेली हैं। थकी हैं। कुछ चोट भी लगी है। घुटने, पैर में छिल गया है। दवा लगाई है। दर्द है, लेकिन चलता है। रहने का ठिकाना खाने के ठिकाने से दूर है। रात 9 बजे सब खाने के लिए पैदल जाती हैं। मैं कहता हूं, यहीं खा लो, लेकिन वे वहीं जाती हैं। बोलती हैं वहीं इंतजाम है।

सुबह बताती हैं कि रात 11 बजे लौटी। पैदल। रात में किसी से लिफ्ट भी तो नहीं ले सकते। बच्चियां आपस में पटर-पटर बतियाती हैं। उनकी बातें एक-दूसरे पर गिरती-पड़ती सुनाई देती हैं। बस इतना पता चलता है कि खूब सारा बतिया रहीं हैं। आते-जाते हम भी कुछ-कुछ बतियाते हैं बच्चियों से। उनके स्कूल, घर, समाज के बारे में बातें होती हैं। स्कूल 'कोएड' है, लेकिन लड़कों से डर नहीं लगता। लड़के कम हैं। उनको 'चमका' देते हैं, जो लड़के अच्छे से बात, व्यवहार करते हैं वे ठीक लगते हैं। घर में लोग पढ़ने के लिए मना नहीं करते। घर से बाहर निकलना अच्छा लगता है। साइकिल, बाइक चला लेते हैं। लड़की होने का कोई अफसोस नहीं, जो काम लड़के कर सकते हैं वो सब लड़कियां कर सकती हैं, लेकिन जो काम लड़कियां कर सकती हैं वो सब लड़के नहीं कर सकते। लड़कियां ज्यादा समझदार होती हैं। खाना सब बना लेती हैं।

बच्चियां अलग-अलग पृष्ठभूमि से आई हैं। अधिकतर के पास साधारण मोबाइल है। कुछ के पास स्मार्ट फोन। बात करते हुए मोबाइल में झुकी बच्चियां। जबलपुर में किसी के रिश्तेदार हैं। वो पता पूछते हैं। बच्चियां मुझे फोन पकड़ाकर पता बताने को कहती हैं। उनके मौसा जी, चाचा जी मिलने आएंगे। सब एक-दूसरे को जल्दी तैयार होने की हिदायत देती हैं। सुबह की चाय पीते हुए दिखीं बच्चियां। मैंने पूछा-चाय पियोगी। बोलीं चाय-नाश्ता ग्राउंड पर ही करेंगे। फिर कुछ देर बाद-बोलीं अच्छा मंगा दीजिए। सबने 'चक दे इंडिया' कई बार देखी है और मैच भी देखती रहती हैं। बच्चियों को देखकर हमको एक बार फिर से मुकेश तिवारी की यह कविता याद आ जाती है: लड़कियां, अपने आप में एक मुकम्मल जहां होती हैं।




### ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे ने शुरू किया प्रचार

**शिवपुरी।** गुना संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया भी चुनावी समर में उतर गए हैं। पिता की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार प्रचार कर रहे हैं। युवाओं के बीच संवाद के साथ ही घर- घर जाकर मतदाताओं से मिल रहे हैं और पिता के लिए वोट मांग रहे हैं। वे जनसंपर्क के दौरान अपने दादा माधव राव सिंधिया और दादी राजमाता विजय राजे सिंधिया का नाम लेना नहीं भूलते। खास बात यह है कि महाआर्यमन सिंधिया हर किसी को पीएम मोदी की गारंटी को अच्छी तरीके से समझा रहे हैं और वे अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के बारे में भी बताने से नहीं चूकते। पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया से अलग वे पूरी तरह युवाओं के साथ प्रचार में रात दिन लगे हुए हैं। कॉलेजों के बाहर छात्र- छात्राओं से मिल रहे हैं और मोदी सरकार की उपलब्धियां बता कर पिता के लिए वोट मांग रहे हैं।



### भोजपुरी स्टार पवन सिंह पर टिकी निगाहें

**पटना :** बिहार की काराकाट लोकसभा सीट से भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह के चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दल के नेता सकते में हैं। काराकाट सीट से राजग नेता उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। भाजपा को उम्मीद है कि पवन सिंह मान जाएंगे और चुनाव नहीं लड़ेंगे। अगर पवन सिंह चुनाव लड़ते हैं तो इसका नुकसान उपेंद्र कुशवाहा को हो सकता है। भाजपा ने पहले पवन को पश्चिम बंगाल की आसानसोल लोकसभा सीट से टिकट दिया था। हालांकि पवन ने वहां से लड़ने से इन्कार कर दिया और काराकाट से समर में उतरने की घोषणा की। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की जीत सुनिश्चित करने के लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री नितिश कुमार वहां सभा करेंगे बल्कि राजग के अन्य बड़े चेहरे भी यहां प्रचार करेंगे। पवन सिंह को अंदरखाने मनाने की तैयारी चल रही है। भाजपा के बिहार से जुड़े कई नेताओं ने बात की है और चुनाव न लड़ने का आग्रह किया है। यह बात भाजपा को भी पता है कि पवन के चुनाव लड़ने का सीधा लाभ इंडिया गठबंधन को होगा।



### कंगना के सामने विक्रमादित्य हो सकते कांग्रेस का चेहरा

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा नेता कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस से हिमाचल सरकार में विक्रमादित्य सिंह के मैदान में आने की उम्मीद है। भाजपा नेताओं की निगाह कांग्रेस आलाकमान के निर्णय पर टिकी हुई है, क्योंकि अभी तक उनकी उम्मीदवारी का एलान अभी तक कांग्रेस ने नहीं किया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह यदि मैदान में आते हैं तो यहां मुकाबला रोचक होगा ऐसा माना जा रहा है।

## लब खामोश हैं, पर आंखों ने लगा रखा है
# मंजिल पर निशाना

**मुस्लिम वोट बैंक**

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली।

**अमृत विचार:** इस बार यह पहला मौका रहा जब देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और रमजान का महीना निकल गया, ईद भी हो गई। लेकिन शाही इमाम से लेकर मौलवियों तक की मुस्लिम वोट बैंक पर चुप्पी नहीं टूटी। इस खामोशी के पीछे सोची समझी रणनीति बताई जा रही है।

देश में लगभग 100 संसदीय क्षेत्र हैं, जिनमें मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में है। इनमें भी 65 सीटें ऐसी हैं, जिसमें मुस्लिम मत संख्या 35 फीसद से ज्यादा है। मुस्लिम बाहुल्य सर्वाधिक 14 सीटें उत्तर प्रदेश में हैं। पश्चिम बंगाल में 13, केरल में 8, असम में 7, जम्मू कश्मीर में 5, बिहार में 4 और मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र व तेलंगाना सहित कुछ राज्यों में दो-दो सीटें मुस्लिम बाहुल्य गिनी जाती हैं। जनगणना के हिसाब से देश की कुल आबादी में 14.2 फीसद हिस्सा मुसलमानों का है। इसके बावजूद मुस्लिम वोट बैंक को लेकर जामा मस्जिद के शाही इमाम से लेकर आम मौलवी तक और विभिन्न मुस्लिम संगठनों के नेता अभी पूरी तरह खामोश हैं।

**100**
लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में

**35%**
तक 65 सीटों पर तो मुस्लिम मतदाता

**मुस्लिम वोट बैंक काफी संजीदा**
राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस बार मुस्लिम वोट बैंक काफी संजीदा स्थिति में है, यदि इसको लेकर कोई भी फतवा, हिदायत आदि जारी की जाती है, तो वोटों का ध्रुवीकरण हो सकता है जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा।



### मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी पसंद नहीं बन पायी भाजपा

- जम्मू कश्मीर में धारा 370 समाप्त करने या उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद से लेकर मुख्तार अंसारी की मृत्यु के बाद यह किसी से छिपा नहीं है कि आम मुसलमान भाजपा से नाराज हैं। कोई फतवा दिया जाए या न दिया जाए, यह वोट बैंक उसी दल में गिरेगा जिसका उम्मीदवार बीजेपी को पराजित करने की स्थिति में होगा। यदि चुनाव पूर्व शाही इमाम या मुस्लिम संगठनों द्वारा बीजेपी के खिलाफ फतवा जारी किया गया तो गैर मुस्लिम वोटो का ध्रुवीकरण होगा और बीजेपी को उसका लाभ मिलेगा। उदाहरण के लिए पश्चिम बंगाल में करीब 27 फीसद मुसलमान है वहां की 42 में 13 सीटों पर उनकी मजबूत पकड़ है। यह जानने के बावजूद यदि मुस्लिम वोटों के लिए उनके संगठनों द्वारा कोई दिशा निर्देश दिए गए तो गैर मुस्लिम वोट बैंक एकजुट हो सकता है। यही स्थिति उत्तर प्रदेश में है जहां पर करीब 20 फीसद मुसलमान है, इनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आधा दर्जन सीटों पर उनकी संख्या 40 फीसद से ज्यादा है।

### शाही इमाम ने नहीं जारी किया कोई फतवा

- गुरुवार को ईद के मौके पर नमाज के लिए दिल्ली की जामा मस्जिद एवं फतेहपुरी मस्जिद में एकत्र हुए हजारों मुसलमान को उम्मीद थी कि शायद लोकसभा चुनाव को लेकर शाही इमाम कोई ऐलान, फतवा, हिदायत या राय देंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसी तरह जमीयत उलमा ए हिंद या ऑल इंडिया मजलिस ए मुशावरत जैसे कई संगठनों के पदाधिकारी भी कुछ नहीं बोल रहे हैं। जबकि पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को है।

गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर इस बार दो डॉक्टरों की लड़ाई में बसपा ने ठाकुर बिरादरी का प्रत्याशी उतारकर मुकाबला रोचक और दिलचस्प बना दिया है। भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहते हैं। वह ब्राह्मण हैं और खासतौर पर नोएडा में मजबूत पकड़ रखते हैं। उनके मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन ने पेशे से डॉक्टर महेंद्र नागर को उतारा है। डॉ. नागर गुर्जर समाज से हैं। बसपा ने ठाकुर बिरादरी के राजेंद्र सोलंकी पर दांव लगाया है। लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर वोट ही सर्वाधिक माने जाते हैं। ईद के मौके पर तीनों प्रत्याशी परंपरागत जातीय आधार सहेजने के साथ मुस्लिम समाज को साधने में जोर लगाते नजर आए।

# दो डॉक्टरों की लड़ाई में क्या बसपा मार पाएगी मैदान ?

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने मौजूदा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा पर फिर एक बार भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले सपा और कांग्रेस गठबंधन से उम्मीदवार डॉ. महेंद्र नागर हैं, जबकि बसपा ने सिकंदराबाद के पूर्व विधायक ठाकुर राजेंद्र सिंह सोलंकी को मौका दिया है। यह सीट कांग्रेस के साथ गठबंधन में सपा के खाते में गई थी। सपा ने पहले डॉ. महेंद्र नागर को टिकट दिया तो नेताओं और कार्यकर्ताओं में असंतोष फैल गया, इसका कारण यह था कि डॉ. महेंद्र नागर दो साल पहले ही कांग्रेस छोड़कर सपा में आए थे। इस पर सपा ने प्रत्याशी बदलकर युवा नेता राहुल अवाना पर दांव लगाया, लेकिन उनका भी विरोध हो गया, ऐसे में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिर से डॉ. महेंद्र नागर को उम्मीदवार बना दिया। पिछले चुनाव में सपा और बसपा के संयुक्त प्रत्याशी को 4,93,890 वोट मिले थे, तब भाजपा के डॉ. महेश शर्मा ने तीन लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। इस बार सपा का कांग्रेस से गठबंधन है और बसपा अलग लड़ रही है। ऐसे में मुस्लिम और दलित मतदाताओं पर सभी की नजर है। पूरा जोर इन्हीं के वोट प्राप्त करने के गुणा-भाग पर लगाया जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा तीन तलाक कानून से मुस्लिम महिलाओं को मिले फायदे और केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ गिनाकर दोनों समुदायों के बीच जा रहे हैं। भाजपा संगठन के रणनीतिकार उनके लिए अलग से काम कर रहे हैं। इसके मुकाबले सपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर मुस्लिम मतों को गठबंधन का परंपरागत वोट बैंक मानकर दलित और पिछड़े वर्ग को रिझाने की कोशिश में जुटे हैं। उनका पूरा फोकस सबसे पहले गुर्जर बिरादरी में अपने नागर गोत्र के मतदाताओं को साधने में है, जबकि बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी दलित मतदाताओं में मजबूत पैठ मानकर मुस्लिम मतों को अपनी तरफ मोड़ने में लगे हैं, तो मुस्लिम मतों को बसपा की तरफ जाने से रोकने के लिए सपा-कांग्रेस नेता पूरा जोर लगा रहे हैं।




डॉ महेश शर्मा। **भाजपा**



ठा. राजेंद्र सिंह सोलंकी **बसपा**



डॉ. महेंद्र नागर **सपा-कांग्रेस गठबंधन**




- गौतम बुद्ध नगर में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन ने ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय डॉक्टर को उतारा मैदान में
- बसपा ने लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर मतदाताओं की बड़ी संख्या देखते हुए सिंकदराबाद के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी पर दांव लगाकर मुकाबल बनाया रोचक और दिलचस्प

**प्रमुख मुद्दे**

- विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ किसानों की समस्या, बहन-बेटियों की सुरक्षा, सोसायटी क्षेत्र में बिल्डरों की मनमानी और भूमि अधिग्रहण मुआवजा।

**2009 चुनाव परिणाम**

| दल | प्रतिशत |
|---|---|
| बसपा | 33.24% |
| भाजपा | 31.08% |
| सपा | 16.05 % |
| कांग्रेस | 15.73 % |

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | सुरेंद्र सिंह नागर | 2,45,613 |
| भाजपा | डॉ. महेश शर्मा | 2,29,709 |
| सपा | नरेंद्र सिंह भाटी | 1,18,584 |
| कांग्रेस | रमेश चंद्र तोमर | 1,16,230 |

### सोसायटी निवासी बाहरी मतदाताओं का झुकाव भाजपा की तरफ नजर आता

- नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 250 से अधिक सोसायटी हैं। इनमें अधिकतर बाहरी लोग रहते हैं। इनकी संख्या करीब पांच लाख तक हैं। इनके अपने मुद्दे हैं, जिनमें विकास सर्वोपरि हैं। लेकिन इन मतदाताओं पर जातीय समीकरण का कोई प्रभाव नहीं दिखता है। इन मतदाताओं का झुकाव भाजपा की ओर ज्यादा नजर आता है। हालांकि कई सोसायटी में रजिस्ट्री का मुद्दा गर्म है। लोगों का कहना है कि पूरा पैसा जमा करने के बाद भी उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। इस मुद्दे पर नेताओं के प्रति गुस्सा जताने के लिए रजिस्ट्री नहीं तो वोट नहीं, के बैनर भी टांगे गए हैं।

**2024**
में डॉ .महेश शर्मा हैट्रिक लगाने को कर रहे मेहनत

**2019**
में दूसरे नंबर पर थे बसपा के उम्मीदवार

**2019 लोकसभा जनादेश**

| भाजपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 59.80% | 35.70 % | 03.40 % |
| 828164 मत | 493421 मत | 41960 मत |
| डॉ. महेश शर्मा | सतवीर | डॉ. अरविंद सिंह |

### 26 लाख से ज्यादा मतदाताओं में लगभग आधी संख्या ठाकुर, ब्राह्मण व गुर्जर की

इस सीट का गठन 2009 में किया गया था। सामान्य घोषित इस सीट में परिसीमन के बाद खुर्जा विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। गौतम बुद्ध नगर में 26 अप्रैल को चुनाव होंगे। इस लोकसभा सीट पर 26,75,148 मतदाता अगले सांसद का चुनाव करेंगे। इनमें 14 लाख से अधिक पुरुष और 12 लाख से ज्यादा महिला वोटर हैं। सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा यानी गौतम बुद्ध नगर विधानसभा क्षेत्र में है। यहां 7,82,872 मतदाता हैं। दादरी विधानसभा में 7,29,481 मतदाता हैं। तीसरे नंबर पर जेवर में 3,69,824 मतदाता हैं। सिकंदराबाद विधानसभा में 3,99,091 मतदाता हैं। खुर्जा में 3,93,880 मतदाता हैं। लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर मतदाताओं की संख्या 4 .30 लाख है। ब्राह्मण और गुर्जर मतदाता करीब 4-4 लाख हैं। मुस्लिम मतदाता 3 .6 लाख तक हैं, जबकि दलित मतदाताओं की संख्या 3 .80 लाख है।

### विकास के साथ जातीय समीकरणों का घालमेल प्रचार को बना रहा दिलचस्प

लोकसभा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, लाजिस्टिक हब, पं. दीन दयाल उपाध्याय पुरातन संस्थान एवं संस्कृति संग्रहालय, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिक्रेटेड फ्रेट कॉरिडोर, आईटी और बीपीओ कंपनियां, मास्टर प्लान-2041 और दो लाख करोड़ का औद्योगिक पूंजी निवेश जहां विकास की नई इबारत और इमारत जैसा नजर आता है, वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी और जेवर के मुकाबले सिकंदराबाद और खुर्जा में उतना विकास नहीं नजर आता है। ऐसे में भाजपा को घेरने के लिए गठबंधन और बसपा प्रत्याशियों की ओर से विकास के मुद्दे पर नए सिरे से रणनीति बनाई जा रही है। इसी तरह चुनाव प्रचार और जनसंपर्क में जातीय समीकरणों का असर साफ नजर आता है। खास तौर पर सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी जातीय बहुलता के हिसाब से रणनीति बनाकर प्रचार कर रहे हैं। बड़े नेताओं की जनसभाएं भी जातीय समीकरणों के हिसाब से कराने की तैयारी की जा रही है।

### प्रचार में पीछे दिख रहे गठबंधन और बसपा प्रत्याशी, अभी कोई बड़ा नेता तक नहीं आया

भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर महेश शर्मा के समर्थन में भाजपा के दिग्गज नेता मैदान में उतर आए हैं। कुछ दिन पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर गए हैं। 13 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह डॉ शर्मा के लिए बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। जल्द ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ नोएडा आकर जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। दूसरी तरफ सपा, कांग्रेस और आम आदमी गठबंधन के प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर अपना चुनाव प्रचार अकेले ही करते नजर आ रहे हैं। उनके समर्थन में अभी तक गठबंधन का कोई बड़ा नेता नोएडा नहीं आया है।बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी पार्टी सुप्रीमो मायावती की सभा कराना चाहते हैं पर कार्यक्रम नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि गौतमबुद्ध नगर में भाजपा के सामने सभी दल नंबर दो पर आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां ज्यादातर लोग अन्य जिलों और राज्यों से आकर बसे हैं। गौतमबुद्ध नगर में वीआईपी मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है, जिनमें पूर्व गवर्नर, सांसद, विधायक, सिविल सर्वेंट शामिल हैं।




**जीत के लिए जोश** राजस्थान के बाड़मेर में पीएम मोदी की रैली के दौरान पार्टी के युवा कार्यकर्ता जोश में नजर आए। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद से जुड़े पोस्टर लहराए।

**तैयारी पुख्ता** पहले चरण में 102 सीटों पर होगा मतदान, अरुणाचल एवं सिक्किम विधानसभा का चुनाव भी उसी दिन

# 19 अप्रैल को मतदान के लिए निर्वाचन आयोग तैयार

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार:** पहले चरण के अंतर्गत लोकसभा की 102 सीटों के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदान पूर्व समीक्षा बैठक की और 367 पर्यवेक्षकों एवं 21 राज्यों के मुख्य सचिवों को दिशा निर्देश दिए। आयोग ने जम्मू कश्मीर के प्रवासी नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को सरल बनाने का भी निर्देश दिया है।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने की जिसमें निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं डॉक्टर सुखबीर सिंह संधू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। उक्त सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। उसी दिन अरुणाचल प्रदेश एवं सिक्किम विधानसभा का भी मतदान होगा।




- जम्मू कश्मीर के प्रवासियों की मतदान प्रक्रिया सरल

**केंद्रीय पर्यवेक्षकों का विवरण**

| | |
|---|---|
| 1272 | सामान्य पर्यवेक्षक |
| 67 | पुलिस पर्यवेक्षक |
| 167 | व्यय पर्यवेक्षक |

बैठक में तय किया गया है कि मतदान के दौरान उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं से किसी भी तरह के धनबल या प्रलोभन के बरताव पर विशेष नजर रखी जाएं। कानून व्यवस्था के लिए समीक्षा की गई और संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात करने के लिए कहा गया है। निष्पक्ष और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए आयोग ने पर्यवेक्षको को तीन स्तर पर विभाजित किया है। कानून व्यवस्था और संवेदनशील मतदान केंटो की पहचान करने के लिए पुलिस केंद्र द्वारा तैनात पुलिस पर्यवेक्षकों से कहा गया है कि अतिरिक्त पुलिस बल की मांग राज्य के पुलिस महानिदेशक को चेक करें और यदि राज्य पुलिस के पास पर्याप्त बल नहीं है तो आयोग को तत्काल सूचित करें ताकि केंद्रीय पुलिस बल को भेजा जा सके।

मतदान के दौरान किसी भी तरह के धन बल, शराब वितरण या प्रलोभन पर निगरानी रखने के लिए 167 व्यय पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है।

मतदाताओं को मत पर्चियां उनके घरों में स्थानीय प्रशासन द्वारा अनिवार्य रूप से भेजी गई है या नहीं यह भी सामान्य पर्यवेक्षक नहीं करेंगे और इसकी सूचना राज्य एवं दिल्ली में बनाए गए निर्वाचन कंट्रोल रूम को देंगे। मतदाताओं को गर्मी से राहत देने के लिए सभी मतदान केदो पर टेंट एवं शीतल पेयजल का इंतजाम किया जाएगा और बुजुर्ग मतदाताओं को घर में ही मतदान की सुविधा दी जाएगी।

जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 9 अप्रैल को प्राप्त रिपोर्ट पर आयोग की बैठक में विचार विमर्श किया गया और देशभर में रहने वाले प्रवासी नागरिकों के लिए मतदान की प्रक्रिया को सरल बनाने का फैसला लिया गया है। ऐसे नागरिकों को फार्म एम के साथ मांगी जाने वाली तमाम जानकारी को सरल बना दिया गया है। अब उन्हें अपने फॉर्म को किसी भी राजपत्रित अधिकारी से सत्यापन नहीं करना पड़ेगा। बल्कि स्व सत्यापन के तहत उन्हें मतदाता माना जाएगा और उन्हें मतदान की सुविधा दी जाएगी। जम्मू कश्मीर में इस तरह के मतदाताओं की संख्या करीब सवा लाख है।

| ऑरेंज कैप | | |
|---|---|---|
| खिलाड़ी | मैच | रन |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 319 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 05 | 261 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 06 | 255 |

| पर्पल कैप | | |
|---|---|---|
| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 05 | 10 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 05 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 04 | 09 |

## राजस्थान को पंजाब के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पिछले मैच में जीत की दहलीज पर पहुंचकर हारी राजस्थान रॉयल्स को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा क्योंकि मेजबान टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद बेहद सक्षम है। रॉयल्स के पास लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका था लेकिन राशिद खान की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने बुधवार को आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की।

रॉयल्स के लिये अपने गढ जयपुर में हारना किसी झटके से कम नहीं था। वे इसे भुलाकर अब जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे। संजू सैमसन की कप्तानी वाली रॉयल्स के गेंदबाज कुलदीप सेन (19वां ओवर) और आवेश खान (20वां ओवर) ने 12 गेंदों के भीतर 35 रन दे डाले। सैमसन ने ट्रेंट बोल्ट से चार ओवर का कोटा पूरा नहीं कराके बड़ी चूक की जबकि बोल्ट ने दो ओवर में सिर्फ आठ रन दिये थे। दबाव के क्षणों में उनका अनुभव काफी काम आता। दूसरी ओर शिखर धवन की कप्तानी वाली पंजाब टीम ने पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। उसके धाकड़ बल्लेबाज चल नहीं पा रहे और शशांक सिंह तथा अभिषेक शर्मा जैसे गुमनाम बल्लेबाजों पर रन बनाने की सारी जिम्मेदारी आ गई है।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा

सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (पांच मैचों में 81 रन) और मध्यक्रम के बल्लेबाज जितेश शर्मा (पांच मैचों में 77 रन) अपेक्षा के अनुरूप नहीं खेल पाये हैं जिससे टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी। सैम कुरेन गेंदबाजी में औसत रहे हैं और बल्ले से भी अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं कर पाये हैं। मध्यक्रम में टीम को चोटिल लियाम लिविंगस्टोन की कमी खल रही है। पंजाब के गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहतर रहा है लेकिन पहले गेंदबाजी करने पर उन्होंने काफी रन लुटाये हैं। पिछले तीन मैचों में पंजाब के खिलाफ विरोधी टीम ने 199, 199 और 182 रन बनाये हैं जबकि कैगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह जैसे गेंदबाज टीम में हैं। रॉयल्स के सामने चुनौती अच्छी लय बनाये रखने की भी है क्योंकि टूर्नामेंट में आम तौर पर अच्छी शुरूआत के बाद वे लड़खड़ा जाते हैं। यही वजह है कि पिछले छह सत्र में सिर्फ दो बार प्लेआफ में पहुंच सके।

## साथियान और मनिका को नहीं मिला ओलंपिक कोटा

**चेकिया।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को विश्व मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में मलेशियाई जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा और वह ओलंपिक का कोटा हासिल करने में विफल रहे। मुकाबले में भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान और मनिका की जोड़ी को मलेशिया के जेवेन चूंग और केरेन लिन के खिलाफ 4-1 (11-9, 11-9, 11-9, 7-11,11-8) से हार मिली।

## खेल डायरी

### भारतीय हॉकी टीम टेस्ट शृंखला में चौथी बार हारी

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के अहम दौरे पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है जहां पांच मैचों की शृंखला के चौथे टेस्ट मैच में उसे 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ ही शृंखला में अपनी बढ़त को 4-0 कर लिया। मैच का परिणाम भारतीयों के पक्ष में नहीं रहा लेकिन टीम के प्रदर्शन के स्तर में काफी सुधार दिखा। मेजबान टीम हालांकि हर मामले में भारत से बेहतर साबित हुई। आकाशीय बिजली के कारण 40 मिनट देर से शुरू हुए मैच में सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए।

### आकांक्षा अमेरिका में स्क्वाश टूर्नामेंट में हारीं

**नयी दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके अमेरिका के सेंट लुईस में चल रहे आरसी प्रो सीरिज स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जाना साफी से 2-3 से हार गईं। राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता आकांक्षा को 11-8, 3-11, 11-9, 5-11, 3-11 से पराजय झेलनी पड़ी। एक घंटे से अधिक चला मुकाबला पीएसए चैलेंजर टूर का हिस्सा था और ईनामी राशि 15000 डॉलर है।

### भारत ने बिली जीन किंग कप में द. कोरिया को हराया

**चांग्शा।** भारतीय महिला टेनिस टीम ने शुक्रवार को बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हरा दिया है। शुक्रवार को चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में रुतुजा भोसले ने एकल मुकाबला जीता। वहीं अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की जोड़ी ने युगल मुकाबले में जीत हासिल की। भोसले ने एक घंटे और पांच मिनट में 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। भोसले ने पहले सेट में लगातार पांच गेम जीतकर शुरुआत में ही मैच में अपना दबदबा कायम रखा। अंकिता रैना ने प्रार्थना थोम्बारे के साथ मिलकर डेबिन किम और सोह्युन पार्क के खिलाफ युगल मैच एक घंटे और 33 मिनट में 6-4, 6-4 से जीत लिया। दक्षिण कोरिया पर 2-1 की जीत एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में भारत की तीसरी जीत है।

### कैंडिडेट्स शतरंजः गुकेश हारे, प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश फ्रांस के फिरोजा अलीरजा के हाथों पहली हार के बाद कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद शीर्ष स्थान से खिसक गए लेकिन आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। इस हार के बाद 17 वर्ष के गुकेश अब कारूआना और प्रज्ञानानंदा के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं । रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के 4 .5 अंक हैं और उन्होंने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर आधा अंक से बढ़त बना ली है। निजात अबासोव के साथ ड्रॉ के बाद विदित गुजराती संयुक्त पांचवें स्थान पर नकामूरा के साथ है जबकि अलीरजा सातवें स्थान पर हैं।

### आकाश दहिया कांस्य पदक दौर में पहुंचे

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारतीय पहलवान आकाश दहिया और अनिरुद्ध कुमार ने एशियाई चैंपियनशिप में खुद को कांस्य पदक की दौड़ में बनाए रखा है, लेकिन उनके तीन अन्य साथी शुक्रवार को यहां अपने-अपने भार वर्गों के अलग-अलग चरणों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। गैर-ओलंपिक 61 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे आकाश ने उज्बेकिस्तान के सरदार रुजिमोव पर 10-8 की करीबी जीत के साथ शुरुआत की और इसके बाद क्वार्टर फाइनल में कोरिया के सांघयोन सोन को 7-3 से आसानी से हराया। वह सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के असिल एतकिन की चुनौती से पार नहीं पा सके और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना मुकाबला हार गए।

### मोंटे कार्लो मास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचे सिटसिपास

**मोनाको।** दो बार के चैंपियन स्टेफानोस सिटसिपास ने रूस के कारेन खाचानोव को 6-4, 6-2 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना यानिक सिनेर या होल्गर रूने से होगा। वहीं दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की भिड़ंत एलेक्स डि मिनौर से होगी जबकि उगो हुम्बर्ट का सामना कैस्पर रूड से होगा। जोकोविच ने लोरेंजो मुसेत्ती से मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए उन्हें हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के चैंपियन जोकोविच को पिछले साल तीसरे दौर में मुसेत्ती ने हराया था। उन्होंने छह में से पांच ब्रेक प्वाइंट तब्दील करके 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने यहां 2013 और 2015 में खिताब जीता है लेकिन उसके बाद से क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके। दूसरी रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

# लखनऊ सुपर जायंट्स की 6 विकेट से हार

## दिल्ली कैपिटल्स के लिए कुलदीप यादव ने लिए तीन विकेट, जैक फ्रेजर ने 55 और कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रनों की पारी खेली



कुलदीप यादव

**लखनऊ, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स को छह विकेट से हराया। लखनऊ को सात विकेट पर 167 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए जैक फ्रेजर मैकगुर्क ने 55 जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रन का योगदान दिया। लखनऊ के लिए रवि बिश्नोई ने दो विकेट चटकाये।

इकाना स्टेडियम पर एक समय 28 रन पर पांच विकेट गंवाकर लखनऊ की टीम संघर्ष की स्थिति में आ गयी थी और 13वे ओवर में स्कोरबोर्ड पर लखनऊ का स्कोर सात विकेट पर 94 रन हो गया था मगर बडोनी ने अरशद खान ( 20 नाबाद) के साथ 73 रनों की पार्टनरशिप कर न सिर्फ पारी को संवारा बल्कि आखिरी ओवरों में बाउंड्री की मदद से दिल्ली के लिये 168 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार कर दिया। बडोनी ने अपनी अर्धशतकीय पारी में महज 35 गेंद खेल कर पांच चौके और एक छक्का लगाया जबकि दूसरे छोर पर उनके जोड़ीदार अरशद ने 16 गेंद खेल कर दो बार गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया। इससे पहले डिकॉक और राहुल की तेज पारियों की बदौलत एलएसजी पहले पांच ओवर के खेल में आठ रन प्रति ओवर की गति से रन बटोरने में सफल रही थी और सातवें ओवर में एलएसजी के स्कोरबोर्ड पर दो विकेट 66 रन टंग चुके थे लेकिन पारी के आठवें ओवर में कुलदीप यादव ने लगातार दो गेंदों में मार्कस स्टॉयनिस (8) और निकोलस पूरन (0) को चलता कर एलएसजी को बैकफुट में ढकेल दिया। इस बीच केएल राहुल को कुलदीप ने विकेट के पीछे आउट कराकर अपना तीसरा शिकार बनाया। हालांकि मैदानी अंपायर ने उन्हे नाट आउट करार दिया था मगर दिल्ली के कप्तान रिषभ पंत ने डीआरएस लिया और टीवी अंपायर ने मैदानी अंपायर को अपना फैसला पलटने को कहा। राहुल ने पांच चौके और एक छक्के की मदद से 39 रनों का योगदान दिया। दीपक हुड्डा (10) अनुभवी तेज गेंदबाज इंशात शर्मा के शिकार बने जबकि कृणाल पांड्या (3) को मुकेश कुमार ने अपना शिकार बनाया। इससे पहले खलील अहमद ने क्विंटन डिकॉक और देवीदत्त पड्डिक्कल (3) का विकेट झटका था।



जैक फ्रेजर मैकगुर्क

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | +0.871 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.436 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| मुंबई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.073 |
| पंजाब | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.196 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.124 |

**लखनऊ 167/7** 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक पगबाधा खलील | 19 | 13 | 4/0 |
| लोकेश राहुल का पंत बो कुलदीप | 39 | 22 | 5/1 |
| देवदत्त पडिक्कल पगबाधा खलील | 03 | 06 | 0/0 |
| मार्कस स्टोइनिस का इशांत बो कुलदीप | 08 | 10 | 1/0 |
| निकोल्स पूरन बो कुलदीप | 00 | 01 | 0/0 |
| दीपक हुड्डा का वार्नर बो ईशांत | 10 | 13 | 0/0 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 55 | 35 | 5/1 |
| कृणाल पंड्या का पंत बो मुकेश | 03 | 04 | 0/0 |
| अरशद खान नाबाद | 20 | 16 | 2/0 |

**गेंदबाजी :** खलील अहमद 4-0-41-2, ईशांत शर्मा 4-0-36-1, मुकेश कुमार 4-0-41-1, अक्षर पटेल 4-0-26-0, कुलदीप यादव 4-0-20-3

**दिल्ली 170/4** 18 .1 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ का पूरन बो बिश्नोई | 32 | 22 | 6/0 |
| डेविड वार्नर बो यश | 08 | 09 | 1/0 |
| जैक का अरशद बो नवीन-उल-हक | 55 | 35 | 2/5 |
| ऋषभ पंत स्टंप राहुल बो बिश्नोई | 41 | 24 | 4/2 |
| स्टब्स नाबाद | 15 | 09 | 0/1 |
| होप नाबाद | 11 | 10 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** अरशद 3 .1-0-34-0, नवीन उल हक 3-0-24-1, यश 4-0-31-1, क्रुणाल 3-0-45-0, बिश्नोई 4-0-25-2, स्टोइनिस 1-0-10-0

## निजी कारणों से पेरिस ओलंपिक में अभियान प्रमुख पद से हटीं मैरीकॉम

- आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को पत्र लिखकर बताया

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम शुक्रवार को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिये भारत के अभियान प्रमुख के पद से हट गई हैं। उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरीकॉम ने पत्र लिखकर जिम्मेदारी से फारिग करने के लिये कहा है।

मैरीकॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा, ''देश की किसी भी रूप में सेवा करना फख्र की बात है और मैं इसके लिये मानसिक रूप से तैयार थी। लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं।'' उन्होंने कहा,''इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये हमेशा रहूंगी।'' आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का ऐलान किया था। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल की अभियान प्रमुख होतीं। उषा ने एक बयान में कहा ,'' हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख मैरीकॉम निजी कारणों से पद से हट गई हैं। हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं। उनके विकल्प के बारे में घोषणा जल्दी ही की जायेगी।'' उन्होंने कहा ,'' मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं। मैंने उनसे कहा है कि आईओए और मेरा सहयोग हमेशा उनके साथ है। मैं सभी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं।''

## चोटिल फिन और एडम पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

**वेलिंग्टन।** चोटिल फिन एलन और एडम मिल्ने को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। एलन को पीठ में चोट लगी तथा मिल्ने को प्रशिक्षण के दौरान टखने में चोट लगी है। चयनकर्ताओं ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में टॉम ब्लंडेल और अनकैप्ड ऑलराउंडर जैक फॉल्क्स को टीम में बुलाया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, एलन और फिन की चोटों के कारण रावलपिंडी में अगले सप्ताह शुरू होने वाली पांच मैचों की शृंखला में भाग नहीं ले पाएंगे।

## लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन प्रतिबंधित

- स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन को लेकर की गई कार्रवाई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन पर 12 महीने की अवधि में तीन बार स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन के साथ एक बार जांच के लिए उपलब्ध नहीं होने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया है। लक्ष्मणन ने 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में तीसरी (जुलाई से सितंबर) और चौथी (अक्टूबर से दिसंबर) तिमाही के दौरान अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देने में विफल रहे और 26 मार्च 2023 को जांच करने के लिए उपलब्ध नहीं हुए। लक्ष्मणन को 2022 में नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया था। नाडा की 19 मार्च, 2024 को पारित एक आदेश के मुताबिक नाडा की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीआरवी ) ने उन्हें 10 अगस्त, 2023 से दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। नाडा के आरटीपी में शामिल एथलीटों को हर तीन महीने में अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देनी होती है।

## बॉलीवुड हलचल

## फिल्म साससुर बिना अंगना ना सोहे में काम करेंगे अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत फिल्म 'सास ससुर बिना अंगना ना सोहे' में काम करते नजर आयेंगे। फिल्म "सास ससुर बिना अंगना ना सोहे" का भव्य मुहूर्त आज बाराबंकी में संपन्न हुआ। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई। यह फिल्म पारिवारिक कहानी पर आधारित है, जिसमें विक्रांत सिंह राजपूत मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ इस फिल्म में रिचा दिक्षित फीमेल लीड में नजर आने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन कन्हैया एस विश्वकर्मा कर रहे हैं। फिल्म सास ससुर बिना अंगना ना सोहे को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि यह उनकी शानदार फिल्मों की श्रेणी में एक और नई फिल्म है जो यकीनन रिलीज के बाद दर्शकों को पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि एक बेहतरीन टीम के साथ मजेदार फिल्म करना किसे पसंद नहीं है। मेरी भूमिका बेहद खास है और इस फिल्म के संवाद गाने भी दर्शकों को दिलों को छू लेने वाले हैं तो मुझे लगता है कि यह फिल्म जब भी रिलीज होगी, बवाल करेगी। बड़े पर्दे के साथ-साथ टीवी पर भी इस फिल्म को लोग पसंद करेंगे। फिलहाल इस फिल्म की कहानी के बारे में डिस्कस नहीं कर सकता लेकिन मेरी गारंटी है कि यह फिल्म जब भी रिलीज होगी, दर्शकों को बेशुमार मनोरंजन देगी। फिल्म "सास ससुर बिना अंगना ना सोहे के निर्माता विजय सिंह अनंत सिंघल और मोनिका सिंह है, जबकि कॉन्सेप्ट और प्रोजेक्ट डिजाइनर देव पांडे हैं। फिल्म की कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। डी ओ पी आर आर प्रिंस हैं। म्यूजिक साजन मिश्रा का है। क्रिएटिव डायरेक्टर मुकेश तिवारी हैं।इस फिल्म में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ रिचा दिक्षित, विनोद मिश्रा, रीना रानी, प्रीति मौर्या, प्रेम सिंह, रितु पांडे और समर्थ चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

## 'डंस' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'डंस' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी है। पिछले एक महीने तक फ़िल्म डंस की शूटिंग उत्तरप्रदेश के चंदौली और आसपास में हो रही थी जहां के जंगलों और गांव देहात में फ़िल्म का एक बड़ा भाग शूट किया गया है। अब फ़िल्म के बचे हुए शेष भाग की शूटिंग मुम्बई में हो रही है। फ़िल्म निर्माता सुधीर सिंह की स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म डंस के मुख्य कलाकार खेसारी लाल यादव, स्वेता, शाहवर अली, समर्थ चतुर्वेदी,पप्पू यादव, देव सिंह, महेश आचार्य, विजया लक्ष्मी, स्वेता नवल, जे नीलम, जे पी सिंह, गौरी शंकर, आर्यन बाबू, माही खान हैं। वहीं फ़िल्म डंस का निर्देशन धीरज ठाकुर कर रहे हैं।

## अक्षय कुमार और टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड कमाए 36 करोड़



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड 36 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 36 .33 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख भूमिकाओं में हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## भारतीयों को ईरान और इजराइल न जाने की दी हिदायत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ईरान और इजराइल की यात्रा को लेकर एडवाइजरी जारी की है। मंत्रालय ने भारतीयों को सलाह दी है कि अगली सूचना तक ईरान और इजराइल की यात्रा न करें। साथ ही उन सभी भारतीयों से भी अनुरोध किया है, जो वर्तमान में ईरान और इजराइल में रह रहे हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि, इन देशों में रह रहे भारतीय तुरंत दूतावास से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं।

मंत्रालय ने अनुरोध किया है कि वे अपनी सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतें और अपनी गतिविधियों को कम लोगों के साथ ही साझा करें। बता दें, यह फैसला इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के कारण आया है। आशंका है कि इजराइल हमास के बीच जारी युद्ध में ईरान भी हस्तक्षेप कर सकता है।

## केंद्रीय सूचना आयोग ने ईवीएम पर आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मुख्य सूचना आयुक्त ने आदेश की अनदेखी पर लगाई फटकार, 30 दिन के भीतर दें संतोषजनक जवाब

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने चुनाव आयोग के आरटीआई की एक याचिका का जवाब नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। आरटीआई के तहत चुनाव आयोग से पूछा गया था कि चुनाव के दौरान ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की विश्वसनीयता पर प्रख्यात लोगों की ओर से उठाए गए सवालों के प्रतिनिधित्व के लिए उठाए कदमों पर जवाब मांगा था।

इसे कानून का पूर्ण उल्लंघन बताते हुए सीआईसी ने चुनाव आयोग से 30 दिनों के अंदर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। मुख्य सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया ने चुनाव आयोग के केंद्रीय जनसूचना अधिकारी के इस संबंध में संतोषजनक जवाब देने में विफल रहने पर फटकार लगाते हुए कहा कि इस मामले में आदेश की अनदेखी करने वाले सभी अफसरों को सीआईसी के फैसले की प्रति सौंपी जाए और वह बिंदुवार अपना स्पष्टीकरण एक महीने में दें।

पूर्व आईएएस अफसर एमजी देवश्याम समेत एक प्रतिनिधिमंडल ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), वोटर वैरिफाइएबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) और मतगणना की विश्वसनीयता पर उठाए सवालों के प्रतिनिधित्व चुनाव आयोग को 2 मई, 2022 को भेजा था। अब उन्होंने आरटीआई के जरिए पूछा है कि चुनाव आयोग ने इस प्रतिनिधित्व को लेकर क्या कदम उठाए हैं। देवश्याम ने आरटीआई याचिका 22 नवंबर, 2022 को डाली थी।


## अगले हफ्ते भारत आएंगे अमेरिका के एनएसए सुलिवन

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन अगले हफ्ते भारत आएंगे। इस दौरान वह भारत-अमेरिका के रिश्तों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए अपने समकक्ष अजीत डोभाल और अन्य से मुलाकात करेंगे। वहीं, हिंद प्रशांत और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के सहयोग पर भी चर्चा होगी।

इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच हुए क्रिटिकल एंड इमर्जिंग तकनीक संबंधी समझौते पर हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बता दें, विदेश सचिव विनय क्वात्रा अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सिलसिलेवार बैठकों और रक्षा एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों के साथ बातचीत के लिए अमेरिका गए हुए हैं।

## टीडीएस से बचने का कौन सा तरीका सही... जानें नियम

*स्रोत पर टैक्स कटने (टीडीएस) से बचने के तीन विकल्प हैं। फॉर्म 15जी या 15 एच जमा करके आप टीडीएस कटने से रोक सकते हैं। धारा 197 के तहत कम टीडीएस का विकल्प भी चुन सकते हैं। जानें कि आपके लिए क्या सही है...*




- फॉर्म 15एच सीनियर सिटीजन और सुपर सीनियर सिटीजन ये फॉर्म जमा कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए छूट की मूल सीमा 5 लाख रुपये है। 60 वर्ष या इससे ज्यादा उम्र का रेसिडेंट सीनियर सिटीजन टीडीएस नहीं काटने के लिए डिक्लेरेशन दे सकता है, बशर्ते धारा 87ए के तहत छूट पर विचार करने के बाद अनुमानित आय पर टैक्स जीरो हो। धारा 87ए के तहत अधिकतम छूट एक वित्त वर्ष में 12,500 रुपये तक 100% होगी। सीनियर सिटीजन को बैंक डिपॉजिट पर ब्याज से आय 50,000 रुपये से ज्यादा हो तो 10% टीडीएस कटेगा।

### 40 हजार से ज्यादा आय पर कटता है टीडीएस



फॉर्म 15जी यह फॉर्म 60 वर्ष से कम उम्र के करदाताओं के लिए है। हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) भी ये फॉर्म इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें घोषणा करनी होती है कि कुल आय कर योग्य सीमा से कम है। कुल आय (ब्याज सहित) सलाना 2.5 लाख रुपये की मूल छूट सीमा से कम होनी चाहिए। सीनियर सिटीजन को छोड़कर यदि व्यक्ति की बैंक डिपॉजिट पर ब्याज से आय 40 हजार रुपये से ज्यादा है तो इस पर 10 फीसदी टीडीएस काटा जाता है।

### क्या कहते हैं कानून के नियम

धारा 197 फॉर्म 15जी या 15 एच जमा करने के बजाय आप आयकर कानून की धारा 197 के तहत आवेदन करके स्रोत पर कम टैक्स कटौती का विकल्प भी चुन सकते हैं। बशर्ते आपकी टैक्सेबल इनकम पर वास्तविक देनदारी भुगतानकर्ता द्वारा काटे जाने वाली टीडीएस राशि से कम हो। इसके लिए आपको लोअर डिडक्शन सर्टिफिकेट (एलडीसी) पाने के लिए मूल्यांकन अधिकारी (एओ) के पास एक आवेदन करना होगा। इसमें कम कटौती का अनुरोध के कारणों का जिक्र जरूरी है।

**ये भी जानें:-** सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश यह सुनिश्चित करने का एक अच्छा तरीका है कि आपके वेतन से टीडीएस कटौती कम हो। इस संबंध में आप अधिकतम कर छूट का दावा 1.5 लाख रुपये प्रति वर्ष कर सकते हैं। यह आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80सी के अंतर्गत आता है। धारा 80 ईई की बदौलत यदि आप अपने जीवन में पहली बार लोन पर घर खरीदते हैं तो आप वेतन पर टीडीएस बचा सकते हैं। इस मामले में आपको अधिकतम कर छूट एक वर्ष में दो लाख रुपये तक ले सकते हैं।

## एक नजर

### चीन और अमेरिका के बीच और उड़ानों को मंजूरी न दें: एयरलाइंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच लंबे समय से रिश्ते ठीक नहीं है। इस बीच अमेरिकी एयरलाइंस ने बाइडन प्रशासन को एक राय दी है। एयरलाइंस ने कहा कि प्रशासन से कहा है कि चीन और अमेरिका के बीच और उड़ानों को मंजूरी नहीं दी जानी चाहिए। एयरलाइंस ने कारण बताते हुए कहा कि चीन की मौजूदा नीतियां खतरनाक और प्रतिस्पर्धा विरोधी हैं। उनकी नीतियां अमेरिकी एयरलाइंस और अमेरिकी कर्मचारियों को नुकसान पहुंचाती हैं। दरअसल, अमेरिकी एयरलाइंस ने गुरुवार को अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और परिवहन सचिव पीट बटिगिएग को पत्र लिखा है।



### अनूठी पहल

चेन्नई से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि स्कूबा डाइवर वोट देने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वीडियो में स्कूबा डाइवर चेन्नई में स्थित समुद्र में जाते हैं, यहां मॉक ईवीएम मशीन ले जाते है और वोट करते हैं। इसको लेकर चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वोट देने के लिए तैयार हैं? एक अनूठी मतदाता जागरूकता पहल में चेन्नई में स्कूबा डाइवर नीलांकरई में साठ फीट समुद्र के नीचे मतदान प्रक्रिया को अंजाम दे रहे हैं

### गाजा में इजराइली हवाई हमले में 29 लोगों की मौत, 12 घायल

**गाजा।** इजराइली सैनिकों ने शुक्रवार को गाजा में एक आवासीय इमारत पर भीषण हवाई हमले किए हैं, जिसमें 29 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हवाई हमले में 29 से अधिक लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं जिनमें कई गंभीर हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने कहा कि वायुसेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान गाजा पट्टी में 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। कई आवासीय इमारतों को निशाना बनाया गया है।

### खुद बदलें अपनी किस्मत: अल्वी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पाकिस्तान के आवाम को अपना भाग्य बदलने की सलाह दी है। यह भाग्य बदलने का काम रीसेट, अल्ट-डेल और रिस्टार्ट करने से होगा। मतलब यह है कि जो हो चुका उसको भूलकर भविष्य में आगे बढ़ने की बात कही गई है। पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने जोर देकर कहा कि राजनीतिक मतभेदों के कारण इस देश की यह हालत हुई है।

## अमेरिकी संसद में मंदिरों पर हमले व हिंदूफोबिया के विरोध में प्रस्ताव पेश

### कांग्रेसी श्रीथानेदार ने रखा प्रस्ताव, अर्थव्यवस्था में हिंदुओं के योगदान की हुई सराहना

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में हिंदुओं और हिंदू धर्म के योगदान की सराहना करते हुए प्रमुख भारतीय-अमेरिकी सांसद ने प्रतिनिधि सभा में हिंदू-विरोधी कट्टरता, नफरत और मंदिरों पर हमले के विरोध में प्रस्ताव पेश किया।

यह प्रस्ताव कांग्रेसी श्रीथानेदार द्वारा बुधवार को पेश किया गया, जिसे निगरानी और जवाबदेही को लेकर बनी सदन समिति को भेजा गया। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका में सकारात्मक योगदान के बावजूद हिंदू अमेरिकियों को अपनी विरासत और प्रतीकों के बारे में दुष्प्रचार का सामना करना पड़ता है। उन्हें स्कूलों और कॉलेज परिसरों में भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि एफबीआइ की घृणा अपराध सांख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार, मंदिरों और हिंदुओं को निशाना बनाने वाले घृणा अपराध सालाना बढ़ रहे हैं। प्रस्ताव में दावा किया गया है कि देश को हर तरह से चाहे अर्थव्यवस्था हो या अन्य क्षेत्र हिंदू अमेरिकियों के योगदान से बहुत लाभ हुआ है। लगभग एक पखवाड़े पहले भारतीय-अमेरिकी राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार, अमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने न्याय विभाग को पत्र लिखकर घरों में तोड़फोड़ की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि के संबंध में जांच की स्थिति पर जानकारी देने का अनुरोध किया था।

बता दें, बीते दिनों 29 मार्च को भारतीय अमेरिकी मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार, एमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने भी न्याय विभाग को पत्र लिखकर हिंदू मंदिरों पर हुए हमलों की घटनाओं की जांच की जानकारी मांगी है। पत्र में कहा गया कि न्यूयॉर्क से कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमले हुए हैं। जिससे अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय में डर और घबराहट का माहौल है। मंदिरों पर हमले के मामलों में जांच की प्रगति पर भी सांसदों ने नाराजगी जाहिर की और पूछा कि जांच एजेंसियों ऐसे मामलों से निपटने के लिए क्या कर रही हैं।

### प्रस्ताव में क्या कहा गया



प्रस्ताव में कहा गया है कि संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) की घृणा अपराध सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार, मंदिरों और व्यक्तियों को निशाना बनाने वाले हिंदू विरोधी घृणा अपराध हर साल बढ़ रहे हैं जबकि इसके साथ ही अमेरिकी समाज में 'हिंदूफोबिया' (हिंदू विरोधी या हिंदुओं के प्रति घृणा की भावना) दुर्भाग्यपूर्ण रूप से बढ़ रहा है। इसके अनुसार, अमेरिका ने 1900 के बाद से दुनिया के सभी हिस्सों से 40 लाख से अधिक हिंदुओं का स्वागत किया है जिसमें विभिन्न नस्ल, भाषा और जातीय पृष्ठभूमि के हिंदू शामिल हैं। प्रस्ताव के अनुसार, अमेरिका की अर्थव्यवस्था के प्रत्येक आयाम और प्रत्येक उद्योग में हिंदू-अमेरिकियों के योगदान से देश को काफी फायदा हुआ है। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज' के नीति एवं रणनीति प्रमुख खांडेराव कांड ने कहा कि इस साल की पहली तिमाही में श्रद्धालुओं को डराने के लिए अमेरिका में मंदिरों में चोरी के साथ ही तोड़फोड़ की घटनाओं में अचानक वृद्धि हुई है।

## एचआईवी ग्रसित पूर्व सैनिक को मिलेगा 1.54 करोड़ हर्जाना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वायुसेना के एक सेवानिवृत्त अफसर को वायुसेना की ओर से 1.54 करोड़ रुपये का हर्जाना देने का निर्देश देने संबंधी समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया है। पूर्व सैनिक को वर्ष 2002 में जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर में तैनाती के दौरान सैन्य अस्पताल में संक्रमित खून चढ़ाए जाने के कारण एचआईवी का संक्रमण हो गया था।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और पीबी वराले की खंडपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि पिछले साल 26 सितंबर को इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले में कोई भी त्रुटि नजर नहीं आती है जिस पर पुनर्विचार किया जा सके। खंडपीठ ने विगत तीन अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि हमने समीक्षा याचिका का अवलोकन किया है। कमांडिंग अफसर की समीक्षा याचिका में विचार करने योग्य कोई नया आधार नहीं है। 'ऑपरेशन पराक्रम' के दौरान बीमार अधिकारी को सांबा के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें एक यूनिट खून चढ़ाया गया। 2014 में पता चला कि वह एड्स से पीड़ित हैं। संक्रमित खून चढ़ाने से वो एचआईवी संक्रमित हुए।

## हिंद प्रशांत क्षेत्र में मिलकर काम करेंगी भारत-अमेरिकी सेनाएं

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- भारतीय सेनाओं की क्षमता बढ़ाने पर अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने दिया जोर

अमेरिका ने भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाने पर बात की। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सांसदों से कहा कि भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाकर दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति का अधिक स्थिर संतुलन बनाए रखने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। वहीं अमेरिका और भारत की सेनाएं अभियान गतिविधियों को तेज कर रहीं हैं।

ऑस्टिन ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को इस हफ्ते रक्षा मंत्रालय के वार्षिक बजट पर सांसदों की सुनवाई के दौरान बताया कि हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए अमेरिका और भारत की सेनाएं अभियान गतिविधियों को तेज कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की ताकत बढ़ाकर दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति का अधिक स्थिर संतुलन बनाए रखने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बजट के इस अनुरोध के साथ हम अपनी प्रमुख रक्षा साझेदारी के तहत अमेरिका-भारत संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। रक्षा सचिव ने कहा, 'हमारी सेनाएं



हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त अभ्यास, सूचना-साझाकरण और अन्य परिचालन गतिविधियों में तेजी ला रही हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि अमेरिका-भारत की बढ़ती साझेदारी हमारे सहयोगियों विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच चतुष्कोणीय सुरक्षा वार्ता का समर्थन करे।

हिंद-प्रशांत पर सांसदों की एक अलग सुनवाई के दौरान अमेरिका हिंद-प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो ने सांसदों से कहा कि मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका-भारत के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी आवश्यक है।

## पाकिस्तान में डकैती का विरोध करने पर 19 लोगों की हत्या

**कराची।** रमजान के दौरान कराची में अपराध में वृद्धि देखी गई, जिसमें डकैतियों के विरोध के परिणामस्वरूप 19 मौतें हुई और 55 लोग घायल हुए। मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया कि डकैती की कोशिश के दौरान कराची में 19 नागरिकों की मौत हो गई। वारदात में शामिल लुटेरे हथियार से लैस थे। इस साल शहर में डकैती से संबंधित मौतों में उल्लेखनीय बढ़त देखी गई है, जो कुल मिलाकर 56 हो गई है, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसकी तुलना में पिछले साल इसी अवधि में डकैतियों के खिलाफ प्रतिरोध के कारण 25 मौतें हुईं थी और 110 घायल हुए थे।

### मकान जलमग्न



**मॉस्को/अस्ताना :** यूरोप की तीसरी सबसे लंबी नदी यूराल के तट टूटने से रूस और कजाकिस्तान के 9 शहरों और कस्बों में बाढ़ आ गई है। इसके कारण अब तक एक लाख से अधिक लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगह जाना पड़ा है। मॉस्को से करीब 1,200 किमी पूर्व में स्थित 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहर ओरेनबर्ग में सैकड़ों घर बाढ़ में जलमग्न हैं। यहां से 7,700 लोगों को निकाला जा चुका है। रूस ने कहा कि 37 क्षेत्रों में 10,500 घर बाढ़ में डूब गए हैं, जिनमें से ज्यादातर ऑरेनबर्ग क्षेत्र में हैं। यूराल नदी, रूस के यूराल पर्वत से निकलकर कजाकिस्तान होते हुए कैस्पियन सागर तक बहती है। इस सप्ताह बर्फ के पिघलने से नदी में ऊफान आ गया। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम जोमार्ट तोकायेव ने बाढ़ को बीते 80 वर्षों की सबसे बड़ी आपदा कहा है। ● एजेंसी

## मणिपुर में दो पक्षों में गोलीबारी, बदमाशों ने आरा मिल में लगाई आग, जलकर राख

**इंफाल, एजेंसी**

मणिपुर में एक बार फिर हिंसक घटनाएं देखने को मिली है। शुक्रवार को ग्रामीण स्वयंसेवक और अज्ञात समूह लोगों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस अज्ञात हमलावारों को खोज रही है।

मामला शुक्रवार सुबह मणिपुर के थौबल जिले के हिरोक गांव का है। हिरोक गांव के पास कुछ अज्ञात लोगों का समूह, जिनके पास बंदूक थीं, उन्होंने गोलीबारी करना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इस बीच गांव के एक स्वयंसेवक निंगथौंजम जेम्स सिंह को गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

लोग अपनी-अपनी जान बचाने की कोशिश में लग गए। एक घंटे तक जारी रही इस गोलीबारी के लोग अवाक हैं। घटना के बाद से पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सब घरों में कैद हैं। पुलिस इलाके के आस-पास छानबीन कर रही है, वहीं स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है। सुबह हुई गोलीबारी की आवाज से स्थानीय लोग भी सदमे में हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह की है, लगभग एक घंटे तक गोलीबारी जारी रही। गोलीबारी की सूचना मिलते ही केंद्रीय और राज्य पुलिस दल को भेजा गया था। एक व्यक्ति घायल हुआ, उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### तलाशी अभियान जारी

कुछ बदमाशों ने शुक्रवार को थौबल जिले के पास स्थित ककचिंग जिले के पल्लेल की आरा मिल में आग लगा दी। पुलिस अधिकारियों बताया है कि, सूचना मिलते ही बचाव दस्ते को भेजा गया, लेकिन तब तक मिल जलकर खाक हो चुकी थी। पुलिस उन बदमाशों को ढूंढने में लगी हुई है।

## म्यांमार में बिगड़ती स्थिति पर हमारी नजर: जायसवाल

**नई दिल्ली।** रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि हम म्यांमार में, खासकर रखाइन में सुरक्षा स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

जायसवाल ने कहा कि हमने सीजीआई (भारत के महावाणिज्य दूतावास) सिटवे में अपने कर्मचारियों को अस्थायी रूप से यांगून में स्थानांतरित कर दिया है। मांडले में हमारा वाणिज्य दूतावास पूरी तरह कार्यात्मक है। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले हमने अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक एडवाइजरी जारी की थी ताकि वो म्यांमार यात्रा के लिए उचित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन कर सकें।

## ओलंपिक जाने से रोकना चाहते हैं डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष: विनेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- भारत की दिग्गज महिला पहलवान बोलीं-डोपिंग की साजिश का डर

भारत की दिग्गज महिला पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह पर गंभीर आरोप लगाया है। विनेश का कहना है कि डब्ल्यूएफआई और उनके सहयोगी स्टाफ मान्यता पत्र जारी नहीं करके उन्हें हर हालत में ओलंपिक खेलने से रोकना चाहता है, जबकि महासंघ का दावा है कि समय सीमा खत्म होने के बाद विनेश ने आवेदन किया था।

विनेश ने अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने की भी आशंका जताई। बता दें, विनेश अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए 50 किलो में ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती हैं। पटियाला में चयन ट्रायल में उन्होंने 53 किलोवर्ग में भी भाग लिया था, लेकिन सेमीफाइनल में हार गई थीं।

### भारतीय कुश्ती संघ ने आरोपों को नकारा

डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा कि विनेश के निजी कोच और फिजियो के साथ जाने में उन्हें कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन प्रविष्टियां भेजने की समय सीमा निकल जाने के कारण अब उसे यूडब्ल्यूडब्ल्यू से खुद मान्यता पत्र लेना होगा। उन्होंने कहा- उनका ईमेल तदर्थ समिति और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के सीईओ के ध्यानार्थ है। हालांकि, महासंघ को भी मार्क किया गया है।

**उपलब्धि** घायल जवान को चार घंटे में लद्दाख से पहुंचाया दिल्ली, सेना के रिसर्च रेफरल अस्पताल में की गई सर्जरी

## सैनिक के कटे हाथ को वापस जोड़ने में मिली सफलता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सेना के एक जवान का हाथ मशीन चलाने के दौरान कट गया, जिसके बाद उन्हें रेस्क्यू कर रात में आईएएफ-सी 130 जे के जरिए लद्दाख से नई दिल्ली के अस्पलात में लाया गया। सेना के रिसर्च रेफरल (आर एंड आर) अस्पताल में उनकी सर्जरी की गई और उनके कटे हुए हाथ को वापस जोड़ दिया गया।

घटना बुधवार की है, उन्हें पहले लेह हवाई अड्डा पहुंचाया गया और फिर वहां से सुपर हर्क्यूल्स ने उन्हें एयरलिफ्ट कर दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर पहुंचाया। लेह से दिल्ली तक पहुंचाने में चार घंटे का समय लगा। भारतीय सेना और वायुसेना के बीच के समन्वय के कारण ही उनका ऑपरेशन सही समय पर हो गया। शुक्रवार को भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना का जिक्र किया।

इसके साथ ही उन्होंने घटना से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी शेयर की। भारतीय वायुसेना ने पोस्ट में कहा, मशीन चलाने के दौरान भारतीय सेना के एक जवान का हाथ कट गया। उसे बचाने के लिए छह से आठ घंटे का समय दिया गया था। आईएएफ-सी 130 जे को एक घंटे के भीतर तैयार किया गया और जवान को सही समय पर दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में भेजा गया। भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि रात के समय सेना के जवान को एयरलिफ्ट किया गया। इस दौरान एनवीजी (नाईट विजन गोगल्स) का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने बताया कि घायल जवान को बचाना हमारे लिए बहुत ही कम समय था, लेकिन फिर वायुसेना की टीम ने होषला बनाए रखा और पर दिल्ली पहुंचने में सफलता पाई



दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में घायल जवान के साथ मौजूद चिकित्सकों की टीम।

### चिकित्सकों ने की सर्जरी

वायुसेना ने कहा, रात में एनवीजी पर लद्दाख से अंधेरी रात में एयरलिफ्ट के कारण घायल जवान को सही समय पर उचित चिकित्सा मिली। मेडिकल टीम ने सफलतापूर्वक सर्जरी की। वायुसेना के अधिकारी एक्स पर पोस्ट पर कहा है कि, नाईट विजन गोगल्स का इस्तेमाल किया गया था, इसलिए कम समय में दिल्ली पहुंचे।

## अमेरिका में कानून तोड़ने की सलाह दे रहा एआई चैटबॉट

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- लोगों ने इसे बंद करने की उठाई मांग, प्रशासन ने हटाने से किया इनकार

अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर प्रशासन ने छोटे उद्योगों की मदद के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट तैयार किया। इसने व्यापारियों को कानून तोड़ने की सलाह दे डाली। इसके बाद लोगों ने इसे बंद करने की मांग की, लेकिन काउंसिल ने चैटबॉट को ना हटाने का फैसला किया है।

हालांकि मेयर एरिक एडम्स ने माना कि कुछ क्षेत्रों में चैटबॉट ने गलत सलाह दी। ये शहर के 'वन स्टॉप शॉप' सेवा के लिए अक्टूबर 2023 में लगाए गए थे। चैटबॉट ने एक सवाल के जवाब में कहा कि नियोक्ताओं को ऐसे कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का कानूनन हक है, जो यौन शोषण के बारे में शिकायत करते हैं। अपने गर्भवती होने की जानकारी नहीं देते या बाल काटने से इनकार करते हैं। न्यूयॉर्क विवि में 'सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल एआई की निदेशक प्रोफेसर जूलिया स्तोयानोविच कहती हैं, सरकार बिना सोचे-समझे ऐसा सॉफ्टवेयर इस्तेमाल कर रही है, जिसके फायदे साबित नहीं हुए हैं। साफ है कि वे गंभीर नहीं हैं।

